नई दिल्ली
बुधवार 8 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 354
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 21

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह बोले, ममता दीदी और राहुल बाबा का पेट दुख रहा

# असम में सरकार बनते ही यूसीसी लागू करेंगे, चार बार शादी करने की अनुमति नहीं होगी: शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को असम में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यूसीसी लागू होने के बाद असम में किसी को भी चार बार शादी करने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने भाजपा की दोबारा सरकार बनने का विश्वास जताते हुए राज्य मंत्रिमंडल की पहली बैठक में राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का संकल्प लिया। घुसपैठ रोकने के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इस बार बंगाल में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस गलियारे में हम घुसपैठियों को पूरी तरह रोक देंगे। पहले पांच वर्षों में हमने असम में घुसपैठ रोकी। अगले पांच वर्षों में हमने उनकी पहचान की। और तीसरे पांच वर्षों में हम उन्हें एक-एक करके खदेड़ देंगे। उन्होंने कहा कि हम मतदाता सूची से घुसपैठियों के नाम हटा रहे हैं। ममता दीदी और राहुल बाबा का पेट दुख रहा होगा। राहुल बाबा, आप सीएए का विरोध करते थे, आप यहां आए शरणार्थी बंगाली भाइयों और बहनों को मतदान का अधिकार देने का विरोध करते थे, लेकिन अब आप घुसपैठियों का स्वागत क्यों कर रहे हैं? क्योंकि वे उनका वोट बैंक हैं‍ ममता बनर्जी चाहे रोएं, राहुल बाबा चाहे सीना पीटें, लेकिन भाजपा इस देश से हर एक घुसपैठिए को बाहर निकाल देगी। कछार में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और दावा किया कि भाजपा देश से हर घुसपैठिए को बाहर निकाल देगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद, हम असम के पहले मंत्रिमंडल में यूसीसी लाएंगे। यूसीसी का मतलब है सबके लिए एक कानून। उसके बाद, पूरे असम में किसी को भी चार शादियां करने की इजाजत नहीं होगी। शाह ने यह भी घोषणा की कि अगर भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) फिर से सत्ता में आता है, तो वह सिलचर में दूसरा सचिवालय स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि अंतरात्माओं को खदेड़ने के लिए आपको असम में भाजपा सरकार बनानी होगी। सिलचर में दूसरा सचिवालय स्थापित करने के लिए भाजपा सरकार बनाएं। वर्षों तक कांग्रेस ने असम को बर्बाद किया। 1950 से 2014 तक उन्होंने घुसपैठियों को आने दिया। उन्होंने बोडो और असमिया के बीच, और असमिया और बंगाली के बीच फूट डाली, ताकि वे जीतते रहें। लेकिन जब से भाजपा सत्ता में आई है, इस क्षेत्र में शांति है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
डीसी जीटी
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### विवादित गाने पर बादशाह ने आयोग से मांगी माफी



नई दिल्ली। पिछले दिनों रिलीज हुए अपने गाने 'टटीरी' को लेकर रैपर सिंगर बादशाह मुश्किलों में घिर गए थे। बादशाह की ओर से उनके वकील अक्षय दहिया राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुए। बादशाह ने समक्ष माफी मांगी है। भद्दा कंटेंट दिखाने के मामले में तलब किया गया था।

### क्रिकेटर वॉर्नर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर डेविड वॉर्नर को सिडनी में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ब्रेथ टेस्ट में तय सीमा से अधिक अल्कोहल पाए जाने के बाद डेविड वॉर्नर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### घरेलू विवाद में पत्नी को जिंदा जलाया, मौत



गुना। शहर के घोसीपुरा क्षेत्र में पवन रजक (31) अपनी पत्नी दीपा रजक को जिंदा दिया। इलाज के दौरान भोपाल में दीपा की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पवन का किसी अन्य महिला से संपर्क था, जिसे लेकर दंपती के बीच अक्सर विवाद होता रहता था और यही तनाव धीरे-धीरे बढ़ता गया।

सारी दुनिया डरी : ट्रंप ने फिर से दोहराया- रात भर में खत्म हो जाएगी एक सभ्यता

# ईरान के 'विनाश' का काउंटडाउन

### अल्टीमेटम की समय सीमा

- **अमेरिका:** रात 8:00 बजे मंगलवार
- **भारत :** सुबह 5:30 बजे बुधवार
- **ईरान :** रात 3:30 बजे बुधवार

### लेकिन, ईरान में टकराने का जज्बा बरकरार

- करीब डेढ़ करोड़ लोगों की टारगेट्स के आसपास बनाई मानव श्रंखला, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजेशकियान ने कहा-मैं भी बलिदान देने के लिए तैयार
- आईआरजीसी के जनरलों ने माता-पिता से अपने बच्चों को चेकपॉइंट्स और महत्वपूर्ण ठिकानों पर भेजने का आह्वान किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बुधवार को जंग को 40 दिन हो जाएंगे। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 4 बार ईरान को खत्म करने की धमकी दी। पर, 5वीं धमकी से दुनिया सहम रही है।



डोनाल्ड ट्रंप

ट्रंप का कहना है कि ये आखिरी धमकी है और अल्टीमेटम खत्म होते ही एक रात में पूरी सभ्यता खत्म कर देंगे। हालांकि, ईरान भी सीना तानकर खड़ा हुआ है।

जैसे ही राष्ट्रपति ट्रंप की धमकी आई वैसे ही दूसरे दिन सुबह ईरान में पावर प्लांट पर लाखों लोग जुटे और मानव श्रंखला बनाकर स्पष्ट कर दिया कि हम किसी भी धमकी से डरने वाले नहीं है। भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 5.30 बजे ट्रंप की धमकी की समय सीमा खत्म होने जा रही है। इससे पहले ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि वहां अब सत्ता पूरी तरह से बदल चुकी है। ट्रंप की धमकी पर साउथ अफ्रीका स्थित ईरानी दूतावास ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों को ईरान की प्राचीन सभ्यता से ऐसा जवाब मिलेगा, जिसे कभी भूल नहीं पाएंगे।

*ईरान ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों को ईरान की प्राचीन सभ्यता से ऐसा जवाब मिलेगा, जिसे कभी भूल नहीं पाएंगे*

**इजराइल ने ईरानियों को दी चेतावनी**
रेलवे ट्रैक के आसपास न आएं, साफ है रेल व मेट्रो भी है निशाने पर



ईरान के लोग मानव श्रंखला बनाकर प्लांट के चारों ओर खड़े रहे

### समय सीमा खत्म होने से पहले ही ईरान में कई जगह हमले

अमेरिका और इजराइल ने मंगलवार को ईरान में कई जगहों पर हमला किया। सबसे बड़ा हमला खार्ग आइलैंड पर हुआ, जहां ऑयल टर्मिनल को निशाना बनाया गया। ईरान का करीब 80 से 90% कच्चा तेल यहीं से एक्सपोर्ट होता है। इसी दौरान कोम और कशान में भी पुलों को निशाना बनाया गया। काशान के पास यहयाबाद रेलवे पुल पर हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ईरानभर में करीब 1.4 करोड़ लोगों ने बनाई मानव श्रंखला

ईरान में अलग-अलग पावर प्लांट पर ईरानी अधिकारी, युवा, एथलीट, कलाकार और छात्रों प्रमुख बिजली घरों के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाकर अमेरिका को दिखा कि वे एकजुट हैं। बिजली घरों के अलावा, बुशहर जैसे परमाणु केंद्रों और पेट्रोकेमिकल साइटों के पास भी लोग जुटे और श्रंखला बनाई। इसके अलावा राजधानी तेहरान में लोग सड़कों पर उतरकर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### विनाशकारी हमले के बाद जीना मुश्किल

विशेषज्ञों और संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि यदि बुशहर जैसे सक्रिय परमाणु संयंत्र के मुख्य रिएक्टर पर हमला होता है, तो भारी मात्रा में रेडियोधर्मी विकिरण लीक हो सकता है। ईरान के विदेश मंत्री ने चेतावनी दी है कि परमाणु रिसाव का असर केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेगा। हवा के रुख के कारण इसका असर खाड़ी देशों जैसे कुवैत, कतर, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत पर यह होगा असर?

भारत अपनी तेल जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया का करीब 20-30% कच्चा तेल इसी रास्ते से गुजरता है। यदि ईरान इसे बंद करता है, तो कच्चे तेल की कीमतें 150-200 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से माल ढुलाई ▶▶ शेष पेज 5 पर

ट्रंप की ईरानी सभ्यता को खत्म कर देने की धमकी के बाद भारत ने जारी की एडवाइजरी

# ईरान में भारतीयों को अगले 48 घंटे तक अपने घरों या सुरक्षित जगहों पर रहने का दिया गया निर्देश

- *ईरान के अंदर न करें किसी स्थान की यात्रा, अगर तेहरान के भीतर या सीमा पार क्रासिंग की यात्रा करनी हो तो उसके लिए दूतावास की मदद लें*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 'ईरान की पूरी सभ्यता को खत्म करने को लेकर दी गई बड़ी धमकी' के बीच भारत ने मंगलवार को अपने सभी नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण परामर्श जारी किया है। जिसमें यह कहा गया है कि तेजी से बदलते हुए हालात के मद्देनजर अगले 48 घंटों तक ईरान में मौजूद देश के लोग अपने घरों या सुरक्षित स्थानों पर ही रहें और किसी भी तरह की अनावश्यक आवाजाही से बचें। इसके अलावा अगर ईरान के अंदर व सीमा पार क्रासिंग तक की यात्रा करनी हो, तो उसके लिए तेहरान में भारतीय दूतावास के साथ अनिवार्य रूप से समन्वय करने के बाद ही कोई कदम उठाएं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान को यह चेतावनी 7 अप्रैल की सुबह 'ट्रूथ सोशल' पर की गई अपनी एक पोस्ट के जरिए दी थी। जिसके बाद भारत की यह प्रतिक्रिया सामने आई है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बातचीत-कूटनीति से निकले समाधान

*भारत ने युद्ध के बीच सभी पक्षों से बातचीत और कूटनीति के जरिए समाधान निकालने पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने ईरान, अमेरिका और खाड़ी क्षेत्र के तमाम देशों के अपने समकक्षों के साथ बातचीत में बीते वक्त में देश के इसी पक्ष को मजबूती के साथ दोहराया है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय नौवहन क्षेत्र में जहाजों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही को बनाए रखने की वकालत भी भारत ने की है। पीएम मोदी ने खाड़ी क्षेत्र में मौजूद ऊर्जा से जुड़े हुए बुनियादी ढांचे और नागरिकों पर किए जा रहे हमलों की कड़े शब्दों में घोर निंदा की है। बीते दिनों में ब्रिटेन की अध्यक्षता में पश्चिम-एशिया संकट के मामले पर विचार करने के लिए आयोजित की गई वैश्विक वार्ता में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भाग लिया था। उन्होंने भी देश के इसी पक्ष को पुरजोर अंदाज में दुनिया के सामने रखा था।*

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया पश्चिम बंगाल का दौरा, टीएमसी सरकार पर लगाए आरोप

# बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने घुसपैठियों को संरक्षण देने का कार्य किया: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि बंगाल में चारों तरफ भाजपा की लहर चल रही है। सैनी मंगलवार को पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान श्रीरामपुर विधानसभा के प्रत्याशी का नामांकन भरने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने श्रीरामपुर विधानसभा के प्रत्याक्षी के पक्ष में रोड शो कर लोगों से भाजपा के समर्थन में वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने घुसपैठियों को संरक्षण देने का कार्य किया है। इससे हमारी आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक ताने-बाने को ठेस पहुंचाने का काम किया है। भ्रष्टाचार में फसी हुई ममता सरकार स्वंय को साधारण होने का दिखावा करती है लेकिन उनकी सरकार में बड़े बड़े घोटाले हो रहे है। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लगातार वामपंथी पार्टी ने बंगाल के लोगों का शोषण किया है। बड़ी अपेक्षा के साथ लोगों ने ममता बनर्जी की सरकार बनाई थी, लेकिन इस सरकार ने कम्युनिस्टों से भी ज्यादा अत्याचार किए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल के लोगों ने अब मन बना लिया है कि बीजेपी सरकार बनानी है बंगाल में ना रोजगार है, ना किसानों की एमएसपी पर फसल बिक रही है और न ही उचित मूल्य दिया जा रहा है। बंगाल में महिला मुख्यमंत्री होते हुए भी महिलाओं की सुरक्षा नहीं है। उन्होंने कहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

# खरगे पर टिप्पणी को लेकर सियासी घमासान, असम के मुख्यमंत्री से बिना शर्त माफी की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए असम के मुख्यमंत्री से बिना शर्त माफी की मांग की है। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा "कौन है खरगे?" जैसे सवाल उठाना और "पागल" जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना बेहद आपत्तिजनक और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषा एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देती और यह उनके असंतुलित रवैये को दर्शाती है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से बौखलाए हुए हैं और ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस तरह की मानसिकता को पूरी तरह खारिज करती है और मुख्यमंत्री से तत्काल बिना शर्त माफी की मांग करती है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भी तीखी ▶▶ शेष पेज 5 पर

खरगे का बयान आपत्तिजनक और शर्मनाक, कांग्रेस नेतृत्व पूरी तरह मर्यादा भूला: भाजपा

# गुजरात के लोगों को अनपढ़ बताना राष्ट्रीय पार्टी के एक अध्यक्ष को शोभा नहीं देता: रविशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा गुजरात के लोगों को कथित तौर पर अनपढ़ बताने वाले बयान को बेहद आपत्तिजनक करार दिया है। उन्होंने मंगलवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि इस तरह की भाषा किसी राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष को शोभा नहीं देती। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रसाद ने इस टिप्पणी को शर्मनाक करार दिया और कांग्रेस अध्यक्ष से सार्वजनिक माफी की मांग की। उन्होंने कहा कि चुनाव आते-जाते रहते हैं, लेकिन क्या कांग्रेस नेतृत्व पूरी तरह मर्यादा भूल चुका है? दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केरल में एक बयान के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि वे गुजरात या अन्य जगहों के अनपढ़ लोगों को गुमराह कर सकते हैं, लेकिन केरल में ऐसा संभव नहीं है। रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता ▶▶ शेष पेज 5 पर

**अंतरराष्ट्रीय रूटों पर यह बदलाव 10 से**

युद्ध का असर... महंगा हुआ हवाई सफर

# एयर इंडिया ने 899 तक बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज, आज से बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान-इजराइल के बीच युद्ध का असर अब सीधे हवाई यात्रियों की जेब पर पड़ने लगा है। ग्लोबल लेवल पर जेट ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तेज उछाल के चलते एयर इंडिया ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का फैसला लिया है। नए सरचार्ज 8 अप्रैल से घरेलू उड़ानों पर लागू हो जाएंगे। इससे यात्रियों की जेब पर 899 रुपए तक का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। जबकि, अंतरराष्ट्रीय रूटों पर यह बदलाव 10 अप्रैल से लागू होने



जा रहा है। इसके तहत 280 तक सरचार्ज वसूला जाएगा। सरकार ने एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी को 25 प्रतिशत तक सीमित रखने की कोशिश की है, लेकिन इसके बावजूद एयरलाइंस को लागत संतुलन के लिए यह कदम उठाना पड़ा है।

### एयर इंडिया के सीईओ विल्सन का इस्तीफा

एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। 2022 में पांच साल के अनुबंध पर नियुक्त हुए कैंपबेल विल्सन का कार्यकाल



जुलाई 2027 में समाप्त होना था, लेकिन विल्सन ने समय से पहले ही पद छोड़ने का निर्णय लिया है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने दावा किया था- असम सीएम की पत्नी के पास 3 पासपोर्ट

हिमंता ने कहा- पता करेंगे कि फर्जी दस्तावेज राहुल ने तो नहीं दिए ?

# एफआईआर के बाद असम पुलिस ने घर पर की छापेमारी नहीं मिले खेड़ा, सीएम हिमंता बोले: पाताल से भी निकालेंगे

- पुलिस ने घर से कुछ डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रिक डिवाइस सीज किए
- हिमंता ने कहा गिरफ्तारी की चुनौती देने वाले खेड़ा अब हैदराबाद भाग गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा पर फर्जी पासपोर्ट का आरोप लगाने के दो दिन बाद मंगलवार को असम पुलिस ने दिल्ली में पवन खेड़ा के घर छापा मारा। हिमंता की पत्नी की एफआईआर के बाद यह कार्रवाई की गई है।

छापेमारी के वक्त पवन घर पर मौजूद नहीं थे। पुलिस ने घर से कुछ डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रिक डिवाइस सीज किए हैं। हिमंता ने कहा कि गिरफ्तारी की चुनौती देने वाले खेड़ा अब हैदराबाद भाग गए हैं। हम खेड़ा



हिमंता बिस्वा सरमा



पवन खेड़ा

को पाताल से ढूंढकर ले आएंगे और पता करेंगे कि उन्हें फर्जी दस्तावेज किसने दिए। मुझे लगता है कि ये डॉक्यूमेंट्स शायद राहुल गांधी ने पवन खेड़ा को दिए होंगे। 5 अप्रैल को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नकली हैं सभी दस्तावेज- मार्गेरिटा



आरोपों को खारिज करते हुए विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा ने कहा कि कांग्रेस की ओर से साझा किए गए दस्तावेज फर्जी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राज्य पार्टी प्रमुख गौरव गोगोई के साथ मिलकर मुख्यमंत्री की पत्नी के खिलाफ कुछ दस्तावेज, पासपोर्ट आदि दिखाए थे और कहा था कि ये पासपोर्ट तीन बाहरी देशों के हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे राजनयिक माध्यमों और जांच के जरिए हमें पता चला है कि ये दस्तावेज नकली और मनगढ़ंत ▶▶ शेष पेज 5 पर

# उत्तम नगर में पिता और चाचा की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



द्वारका जिले की उत्तम नगर पुलिस ने मोहन गार्डन के दो भाइयों के मर्डर केस को सुलझा लिया है। एक मृतक के बेटे ने ही वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इसे नजफगढ़ इलाके से गिरफ्तार किया है।

डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार उत्तम नगर में रहस्यमय परिस्थितियों में दो भाई मृत पाए गए थे। यह घटना 4 अप्रैल को सामने आई थी। मरने वालों के नाम देवेंद्र कुमार (50) और अमित (48) थे। उनके शव एक अस्त-व्यस्त कमरे में मिले थे जहां चारों ओर बीयर और शराब की बोतलें बिखरी हुई थीं। क्राइम और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीमों को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण करवाया गया था। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए डीडीयू अस्पताल भेजा गया था। प्रथम दृष्टया पुलिस को शरीर पर बाहरी चोटें नजर नहीं आई थी। इसलिये पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि मौतें शारीरिक हमले के दौरान लगी अंदरूनी चोटों के कारण हुई थी। इसके बाद की गई पुलिसिया जांच में सामने आया कि शराब पीने के बाद घर के अंदर झगड़ा हुआ था। मृतक देवेंद्र का बेटा ईश्वर घटना के बाद से फरार था। उसे ढूंढने के प्रयास किए गए। इससे पहले घर के मालिक नरेश कुमार (66) का बयान दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया था कि उन्होंने यह संपत्ति देवेंद्र कुमार को किराए पर दी थी, जो कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआई) में कार्यरत थे। लगभग 10 से 12 दिन पहले देवेंद्र कुमार अपने भाई अमित और अपने बेटे ईश्वर के साथ उक्त घर में रहने आए थे। उन्होंने यह संपत्ति देवेंद्र कुमार को नौ हजार के मासिक किराए पर दी थी। 3 अप्रैल को रात लगभग 11:30 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनके घर में रहने वाले नए किराएदार आपस में झगड़ा कर रहे हैं और हंगामा मचा रहे हैं। यह जानने पर वह अपने बेटे वंश के साथ अपनी प्रॉपर्टी पर गए भी थे। दरवाजा ईश्वर ने खोला था जो देवेंद्र का बेटा था। उस दौरान वह नशे में लग रहा था। उन्होंने ईश्वर को समझाया-बुझाया और उससे झगड़ा न करने की गुजारिश की थी। थोड़ी देर रुकने के बाद मकान मालिक अपने घर लौट आए थे। इसके बाद, उन्हें सूचना मिली कि किसी ने पुलिस को फोन करके बताया है कि देवेंद्र की उसके बेटे ने हत्या कर दी है और उसका बेजान शरीर कमरे में पड़ा है। यह सूचना मिलते ही वह तुरंत ऊपर बताई गई किराए की जगह पर पहुंचे। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि देवेंद्र और उसका भाई अमित दोनों कमरे के फर्श पर मृत पड़े थे। कई दिनों की कड़ी मेहनत के बाद पुलिस ने आरोपी ईश्वर (22) को सी-1 ब्लॉक मोहन गार्डन, उत्तम नगर, मेन नजफगढ़ रोड से मंगलवार को अरेस्ट कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में अपना गुनाह कबूल कर लिया।

## मंगोलपुरी में 80 साल के बुजुर्ग ने खुद को गोली मार की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में 80 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक उमराव सिंह मूलरूप से सुल्तानपुर माजरा और वर्तमान में पीतमपुरा के सुविधा कुंज के रहने वाले थे। वह रियल एस्टेट व्यवसाय से जुड़े थे। उनके दोनों बेटे भी इसी बिजनेस से जुड़े हैं। पुलिस के अनुसार मंगोलपुरी थाने को घटना की सूचना मिली, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची। बुजुर्ग व्यक्ति को गोली लगने की वजह से जख्मी हालत में पाया। चिकित्सा परीक्षण के दौरान सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि सिंह ने अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारी थी। पुलिस ने बताया कि फिलहाल किसी तरह की साजिश की आशंका नहीं है। बहरहाल मामले की अन्य कोणों से भी जांच की जा रही है। परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि सिंह कुछ समय से अस्थमा और तंत्रिका संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। उनकी पत्नी का 2013 में कैंसर से निधन हो गया था।

# दो मामलों में सात नाबालिग चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली पुलिस ने हत्या की कोशिश और लूट के लिए एक व्यक्ति को चाकू मारकर जख्मी करने के दो अलग-अलग मामलों में सात नाबालिगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक पहले मामले में कल्याणपुरी थाना क्षेत्र के चांद सिनेमा के महिला पार्क के पास एक शख्स को चाकू घोंपकर जख्मी कर दिया गया था, जिसने अस्पताल में पुलिस को दिए बयान में वारदात को पुरानी रंजिश का नतीजा बताया था। पूर्वी जिले के डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार घटना की जांच शुरू की गई और तकनीकी निगरानी एवं खुफिया जानकारी के आधार पर तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों ने पूछताछ में जुर्म कबूल किया। उनकी निशानदेही पर हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। आरोपियों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेजा गया है। वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड़ की कोशिश जारी है।

दूसरे मामले में डीसीपी ने बताया कि कल्याणपुरी थाने की पुलिस ने दो अप्रैल को एक व्यक्ति को चाकू घोंपकर उसका फोन लूटने के आरोप में चार नाबालिगों को हिरासत में लिया है। पीड़ित ने बताया था कि वह दो अप्रैल की रात करीब साढ़े 10 बजे चांद सिनेमा बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहा था। तभी पांच-छह अज्ञात व्यक्ति उसके पास पहुंचे और उससे फोन मांगने लगे। जब उसने मना किया तो उसे चाकू घोंपकर जख्मी कर दिया तथा मोबाइल फोन लेकर बदमाश फरार हो गए। डीसीपी ने बताया कि पुलिस की एक टीम ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिससे आरोपियों की पहचान हुई। तकनीकी निगरानी एवं खुफिया जानकारी के आधार पर चारों नाबालिगों को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपियों की निशानदेही पर लूटा गया मोबाइल फोन एवं दो चाकू बरामद किए गए हैं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: इज्जत./इलै./ओ.टी./16/2026, दिनांक 03-04-2026**

निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:-

**क्रम सं.-01,** कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल के जोन-I, कानपुर (अनवरगंज)-कन्नौज-फर्रुखाबाद-दरयावगंज-नरथर हॉल्ट सेक्शन के अन्तर्गत दिसम्बर-2026 को समाप्त होने वाले वर्ष हेतु जोन-1 के अन्तर्गत फतेहगढ़ और कन्नौज डिपो की विद्युत परिसम्पत्तियों का क्षेत्रीय रखरखाव कार्य। **विवरण:** अनुमानित लागत रू. में: ₹ 44,58,504.76, धरोहर राशि रू. में: ₹ 89,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.में: शून्य, निविदा का प्रकार: खुली निविदा, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय: 25-04-2026, 11:00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 08 माह।

• इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये। • निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर ऑन लाइन जारी किये गये शुद्धिपत्र की जाँच करे, यदि कोई हो। समाचार पत्र में अलग से कोई प्रकाशन जारी नहीं किया जायेगा।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)
मुजाधि/विद्युत-06 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# जानलेवा सड़क दुर्घटना का आरोपी कार चालक मां के साथ अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



ग्रेटर कैलाश पार्ट 1 में बाइक सवार कुक को कुचलने वाले कार चालक को पुलिस ने कई दिनों की लंबी जांच पड़ताल के बाद अरेस्ट कर लिया है। आरोपी का नाम रूहान चड्ढा (19) बताया गया है। रूहान की मां निहारिका चड्ढा को केस में गिरफ्तार किया गया है। कार युवक की मां के नाम पर पंजीकृत थी। उन पर हादसे के आरोपी को छिपाने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार यह हादसा 31 मार्च को सामने आया था। जीके1 थाने में एक सड़क दुर्घटना के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। यह हादसा बी-234, ग्रेटर कैलाश-1 के सामने हुआ था, जिसमें एक अज्ञात चांदी के रंग की मारुति सियाज कार ने एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारी थी। सुरेंद्र दास (41) निवासी बी-246, ग्रेटर कैलाश-1 को तुरंत नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट ले जाया गया था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। वह पेशे से रसोइया (घरेलू सहायक) था। पुलिस ने कानून के संबंधित प्रावधानों के तहत तुरंत मामला दर्ज किया। सभी संभावित रास्तों से प्राप्त कैमरा फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया। संदिग्ध वाहनों का विवरण परिवहन कार्यालय से प्राप्त किया गया। कई वाहनों का उनके पंजीकृत पतों पर जाकर भौतिक सत्यापन किया गया। वाहन मालिकों से पुलिस स्टेशन में पूछताछ की गई। जांच के दौरान दुर्घटना करने वाले वाहन की पहचान हो गई। वाहन का पता लगाया गया और उसे दुर्घटनाग्रस्त हालत में बरामद कर लिया गया। प्रक्रिया के अनुसार वाहन को जब्त कर मालखाना में जमा करा दिया गया है। चालक जांच में शामिल हुआ और उसने बताया कि वह घबरा गया था, जिसके कारण उसने वाहन को लापरवाही और तेज गति से चलाया, जिसके परिणामस्वरूप यह जानलेवा दुर्घटना हुई। यह भी पता चला कि वाहन को छिपाकर रखा गया था और उसे ठीक करवाने के प्रयास किए जा रहे थे। जांच के दौरान युवक की मां से भी पूछताछ की गई। सबूत छिपाने और वाहन की मरम्मत करवाने की कोशिश करने के आरोप में वाहन मालिक के खिलाफ भी धारा 238 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। दुर्घटना की जानकारी होने के बावजूद आरोपी को पुलिस के सामने पेश न करने के कारण वाहन मालिक निहारिका चड्ढा के खिलाफ 'आश्रय देने' से संबंधित धाराएं भी लगाई गई हैं। मामले की जांच जारी है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार ईस्ट थाना अंतर्गत पीरागढ़ी के पास एक तेज रफ्तार से जा रहे एक ट्रक ने 19 वर्षीय मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक ले कर चालक भाग निकला, जिसे बाद में प्रत्यक्षदर्शियों ने पीछा कर पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को पश्चिम विहार पूर्व थाना क्षेत्र में पंजाबी बाग से पीरागढ़ी चौक की ओर जाने वाले रास्ते पर सड़क हादसा होने की जानकारी पीसीआर को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पीरागढ़ी कैंप निवासी कृष्ण मोहन को सड़क पर मृत पाया गया। मोहन की मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हालत में घटनास्थल पर मिली। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने वाहन के साथ फरार होने की कोशिश कर रहे ट्रक चालक को कुछ दूरी पर ही पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी ट्रक चालक की पहचान सौरभ कुमार (26) के रूप में हुई। शुरुआती पुलिसिया जांच के मुताबिक ट्रक चालक ने मौके से भागने की कोशिश करने से पहले, मोटरसाइकिल को टक्कर मारी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोहन की मौके पर ही मौत हो गई। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि दुर्घटना के समय मृतक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था।

# नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी में शामिल साइबर अपराधी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शाहदरा जिले की साइबर पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी के एक मामले में शामिल था। शिकायतकर्ता से 35 हजार रुपये की ठगी की गई थी। आरोपी के कथित बैंक खाते की पासबुक भी बरामद कर ली गई है। दरअसल एक शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए उससे संपर्क किया और उसके परिवार के सदस्यों के लिए नौकरी दिलाने का प्रस्ताव दिया। आरोपी ने पीड़ित को रजिस्ट्रेशन फीस, सिक्योरिटी जमा और अन्य शुल्कों के बहाने अपने बैंक खाते में पैसे जमा करने के लिए फुसलाया। झूठे आश्वासनों पर भरोसा करके शिकायतकर्ता ने 35 हजार रुपये की राशि ट्रांसफर कर दी थी। हालांकि, उसे कोई नौकरी नहीं दी गई और उसके बाद आरोपी से संपर्क करना असंभव हो गया। तब शिकायतकर्ता को एहसास हुआ कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। जांच का जिम्मा इंस्पेक्टर श्वेता शर्मा को सौंपा गया। पैसे के लेन-देन के विवरण का विश्लेषण किया गया। आखिर में कपिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। इस अपराध में शामिल अन्य सहयोगियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## बच्ची से यौन उत्पीड़न के आरोप में शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुलिस ने रोहिणी इलाके में आठ साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 45 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा आरोपी की पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट कर बताया कि सोशल मीडिया पर 'वायरल' वीडियो दिल्ली के अमन विहार क्षेत्र का है। इसमें कहा गया है कि 'स्पीकर' ठीक करने के बहाने आठ वर्षीय बच्ची को घर बुलाकर यौन उत्पीड़न करने वाले आरोपी को दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं व पॉक्सो कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि सभी नागरिकों से अनुरोध है कि किसी भी परिस्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें और ऐसे किसी भी अपराधी की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि उस पर कठोर कानूनी कार्यवाही की जा सके।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that a Firm M/S Shivihs Enterprises registered at WZ-33,A/2,Gali No -18, 2nd Floor, New Mahavir Nagar, Delhi-110018 vide registration no FIRM/WEST/2011/385 is a partnership firm having 3 Partners namely – Mr Pavan Kumar S/o Mr. Lalbabu Prasad ,Mr. Satish Kumar Singh S/o Mr. Uday Pratap Singh both R/o WZ-33,A/2,Gali No -18, 2nd Floor, New Mahavir Nagar,Delhi-110018 and Mr. Niraj Kumar S/o Mr. Arun Kumar Mishra R/o Uasti Bhagwanpur paroo, Muzaffarpur, Bihar -842120.

That Mr. Niraj Kumar has retired from the firm w.e.f 31/03/2026.And there are No Dues or Claims pending from him. Hence That he is free from any responsibility or liability w.r.t the above said Firm.

That the firm will continue to work as Partnership firm with other 2 remaining Partners.

For **Shivihs Enterprises**
(Partners)

Date : 06/04/2026


## आईजीआई हवाई अड्डे पर विमान के शौचालय से दो करोड़ का गांजा जब्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक-दिल्ली उड़ान के शौचालय से दो किलोग्राम से अधिक 'संदिग्ध' गांजा जब्त किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह बरामदगी पांच अप्रैल को हुई। इसमें कहा गया है कि निगरानी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, भारतीय सीमा शुल्क की विशेष शाखा, वायु खुफिया इकाई के अधिकारियों ने बैंकॉक से आने वाली उड़ान पर नजर रखी। बयान में कहा गया है कि निगरानी के दौरान विमान के शौचालय के कूड़ेदान से धूसर (ग्रे) रंग के टेप में लपेटे गए तीन पैकेट बरामद किए गए। पैकेटों की एक्स-रे से जांच की गई, जिससे संदिग्ध सामग्री का संकेत मिला। इसमें कहा गया है, "जांच करने पर पैकेटों में हरे रंग का पत्तीनुमा पदार्थ पाया गया, जिसके गांजा होने का संदेह है।

## रेखा सरकार ने अनाधिकृत कालोनियों में मूलभूत सुविधाओं के बिना ही नियमित करने का शगूफा छोड़ा :यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार को घेरते हुए आरोप लगाए है कि गत एक साल में रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली की 1731 अनाधिकृत कालोनियों में मूलभूत सुविधाएं देने में बुरी तरह नाकाम रही है। बावजूद इसके लोगों को भ्रमित करने के नाम पर अब इन कॉलोनियों को नियमित करने का झूठा शगूफा छोड़ा जा रहा है। यादव ने कहा कि पूर्व की केजरीवाल सरकार और एक साल से वर्तमान भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार इन 1731 अनाधिकृत कालोनियों में पर्याप्त पीने साफ पानी, 24 घंटे बिजली, पक्की सड़के, सीवर लाइन, नाली, जल निकासी , सरकारी स्कूल , पार्क, डिस्पेंसरी आदि मूलभूत सुविधाएं देने में विफल साबित हुई है। भाजपा सरकार ने एक बार फिर पीएम उदय योजना के तहत दिल्ली की अनाधिकृत कालोनियों को नियमित करने का जुमला छोड़ा है। जबकि 2019 में लागू पीएम उदय योजना के अंतर्गत तकनीकी खामियों और अवैध उगाही के भ्रष्टाचार के कारण पिछले 7 वर्षों में 10 लाख से अधिक घरों में से सिर्फ 40 हजार को ही नियमित करने की स्लिप जारी की जा सकी है। उन्होंने कहा कि आज केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मीडिया के सम्मुख दिल्ली की 1731 कालोनियों में से सिर्फ 1511 कालोनियों के नियमितकरण की प्रक्रिया को 45 दिनों में पूरा करके घर के मालिक को कन्वेंस डीड देने की बात कही है। यादव ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से पूछना चाहता हूं कि जो काम पिछले 7 वर्षों में नहीं हो सका, वो अब कैसे संभव होगा। दूसरे राज्यों में चुनाव के मद्देनजर केंद्र और दिल्ली सरकार द्वारा की गई यह घोषणा भाजपा के पक्ष में वोट हासिल करने की एक सोची समझी चाल से अधिक कुछ नहीं है। यादव ने कहा कि कांग्रेस मांग करती है अगर सरकार वास्तविकता में अनाधिकृत कालोनियों को नियमित करना ही चाहती है, तो ऑनलाइन पंजीकरण की जगह सरकार इन कॉलोनियों में कैंप लगाकर लोगों के घरों की रजिस्ट्री करने की प्रक्रिया को शुरू करे। भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार ने दिल्ली में 1731 अनाधिकृत कॉलोनियों में से ओ जोन, रिज एरिया या अन्य अधिकृत भूमि पर बसी 220 कॉलोनियां को नियमतिकरण से दूर रखकर गरीबों के आशियने को उजाड़ने की भी तैयारी की घोषणा कर दी है।

# पांच दिनों के विशेष अभियान में 34 लापता व्यक्ति तलाशे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी जिले की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने पांच दिनों के विशेष अभियान (मिशन सेफ रिटर्न) के तहत 34 लापता व्यक्तियों का पता लगाया है। पता चला कि अधिकांश लोग मामूली पारिवारिक समस्याओं के कारण घर छोड़कर चले गए थे। इनमें अधिकांश नाबालिग थे।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह मामला केंद्रित कार्रवाई के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को सौंपा गया था। स्थिति की तात्कालिकता और गंभीरता को पहचानते हुए डीसीपी विक्रम सिंह के सीधे पर्यवेक्षण और कड़ी निगरानी में 31 मार्च से एक समर्पित पांच-दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया गया था। यह अभियान एक मिशन-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ चलाया गया, जिसमें सभी परिचालन स्तरों पर समन्वित प्रयासों को सुनिश्चित करते हुए त्वरित पता लगाने को प्राथमिकता दी गई। एसीपी वीरेंद्र दलाल के पर्यवेक्षण में एसआई सुनील कुमार, एएसआई संजीव, जग प्रवेश, महेंद्र सिंह और महिला कांस्टेबल रिंकी की एक टीम का गठन किया गया था। इस विशेष अभियान के दौरान टीम ने लापता व्यक्तियों/बच्चों का पता लगाने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया। पीड़ितों के माता-पिता, अभिभावकों, पड़ोसियों, दोस्तों और सहकर्मियों के साथ व्यवस्थित रूप से बातचीत करके व्यापक क्षेत्र जांच की गई। इन प्रयासों को स्थानीय खुफिया जानकारी जुटाने और कई स्थानों पर सत्यापन के माध्यम से और मजबूत किया गया। पांच दिनों की अवधि तक लगातार चले इस अभियान में टीम ने चौबीसों घंटे काम किया। साथ ही सुरागों का पता लगाने, डेटा का विश्लेषण करने और आवाजाही के पैटर्न की पहचान करने के लिए उन्नत तकनीकी निगरानी भी की गई। परिणामस्वरूप दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से 34 लापता व्यक्तियों/बच्चों का पता लगाने में सफलता प्राप्त हुई। संबंधित पुलिस स्टेशनों के जांच अधिकारी मामलों में आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त: **नीरज, पुत्र: बृजेश, निवासी: डब्लू जेड - 137, दसघरा, इंद्रपुरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 77/2024 U/S 356/379/411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना राजेंद्र नगर, मध्य जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **नीरज** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **नीरज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 77/2024 U/S 356/379/411/34 IPC, थाना राजेंद्र नगर, मध्य जिला, नई दिल्ली** के अभियुक्त **नीरज** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 07.08.2026** को या उसरो पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री प्रीति,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03 (केंद्रीय),
कमरा संख्या 150, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली।

DP/4466/CD/2026
(अदालती मामला)


दिल्ली सचिवालय में आयोजित की गई एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

# मुख्यमंत्री के निर्देशों को प्राथमिकता के आधार पर लागू करेगा निगम : सत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा एमसीडी के विकास कार्यों, विशेषकर कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दिए गए निर्देशों को प्राथमिकता के आधार पर दिल्ली नगर निगम लागू करेगा। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने निर्देशों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें एमसीडी के विभिन्न विकास कार्यों, खासकर कचरा प्रबंधन और स्वच्छता प्रणाली को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने पर जोर दिया गया। सार्वजनिक शौचालयों के उन्नयन, कचरा प्रबंधन प्रणाली के आधुनिकीकरण, वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की स्थापना और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार के लिए दिए गए निर्देश दिल्ली को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सत्या शर्मा ने कहा कि एमसीडी के अंतर्गत आने वाले लगभग 1,000 सार्वजनिक शौचालयों और यूरिनल ब्लॉकों के उन्नयन के लिए आवंटित बजट का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही इन सुविधाओं के संचालन, स्वच्छता और रखरखाव के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की जाएगी।

### सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ करेंगे कार्य

स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि "हमारा लक्ष्य दिल्ली को स्वच्छ, आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर बनाना है, जिसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे।" उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दिल्ली सरकार और एमसीडी के बीच बेहतर समन्वय से राजधानी में नागरिक सुविधाओं में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि गाजीपुर, नरेला, ओखला और तेहखंड में प्रस्तावित वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट और बायोगैस प्लांट की स्थापना में एमसीडी पूर्ण सहयोग करेगा और इन परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए कार्य करेगा।

## टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स संगठन ने की परिवहन आयुक्त से मुलाकात, ड्राइवरों को विदेशी भाषा सिखाने की मांग



**नई दिल्ली।** दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन आयुक्त निहारिका राय से मुलाकात की और संबंधित ड्राइवरों को विदेशी भाषा सिखाने की मांग रखते हुए ज्ञापन सौंपा। इसके बारे में संगठन अध्यक्ष संजय सम्राट ने बताया कि हमने परिवहन आयुक्त से मिलकर उन्हें सुझाव दिया है कि टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट से जुड़े सभी ड्राइवरों को विदेशी भाषाओं का ज्ञान दिया जाना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो विदेशी टूरिस्टों को के साथ साथ भारतीय ड्राइवरों को भी फायदा होगा। उन्होंने बताया कि संगठन ने परिवहन आयुक्त को इससे संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए है। इससे जहां विदेशी पर्यटकों को लाभ होगा वहीं भारत में पर्यटन व्यवसाय बढ़ेगा। सम्राट ने बताया कि परिवहन आयुक्त निहारिका राय इस प्रस्ताव से बहुत खुश हुई और उन्होंने भरोसा दिया कि इस प्रस्ताव को अपनाया जाएगा। आयुक्त निहारिका ने आश्वासन दिया कि आगामी 9 मई से ड्राइवरों के लिए इस प्रकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 50 से 100 ड्राइवरों के समूहों में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले ड्राइवरों को प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भविष्य में जब भी दिल्ली या भारत में कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन होगा, तो विदेशी प्रतिनिधिमंडलों की सेवाओं के लिए उन्हीं ड्राइवरों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्होंने यह प्रशिक्षण प्राप्त किया होगा और जिनके पास प्रमाणित सर्टिफिकेट होगा। सम्राट ने परिवहन आयुक्त की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम दिल्ली और भारत के पर्यटन क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। इससे न केवल ड्राइवरों की कार्यक्षमता और पेशेवर व्यवहार में सुधार होगा, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी बेहतर अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से दिल्ली में पर्यटन की संभावनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और विदेशी तथा घरेलू दोनों प्रकार के पर्यटकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।


**PERFECT BUILDWELL (P) LTD.**

**ZARA Aavaas**

Sector-104, Gurugram (Haryana) Affordable Group Housing Project
Licence No. 12 of 2014

**This is to inform you that possession of the below-mentioned Unit Nos. was offered in December 2019, and more than six years have now passed. However, possession remains pending for the following defaulters who have not made payment to date despite repeated reminders. You are hereby requested to clear your outstanding dues and deposit the installment along with applicable interest on or before 22 April 2026, and to take possession of your unit within 15 days from the date of publication of this notice. Failing this, your allotment shall be automatically cancelled without any further notice. Cancellation charges will be deducted as per the Haryana Affordable Housing Policy, and the remaining balance will be refunded to you without any further claims.**

| List of Defaulters | |
|---|---|
| 301 Sq.Ft (1 BHK) | 498 Sq.Ft (2 BHK) |
| Unit No. 11013 & 14031 | Unit No. 18128 |

1. In case the payment is made through online mode, it should be made in favor of Perfect Buildwell Pvt. Ltd. (A/c: Zara Aavaas). A/c No. 914020039025960, IFSC Code: UTIB0000126, Bank Name: Axis Bank Ltd., Branch: Lajpat Nagar, New Delhi-110024.
2. For payments made through Pay Order/Demand Draft, please mention your Flat No., Name, and Phone No. on the reverse side of the instrument, and submit the payment at our Branch Office located at 2nd Floor, E-597, Greater Kailash-II, New Delhi – 110048.
3. In case of any clarifications you may get in touch at 40641100-88 or you can mail us at E-mail: customercare.aavaas1@zaragroup.in
4. The above mentioned applicants can ignore the notice if already paid subject to their intimation.

## दिन में रह रहकर हुई झमाझम बारिश से भीगी दिल्ली

**नई दिल्ली।** राजधानी में मंगलवार को दिन में रह रहकर हुई बारिश से जहां शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं दिल्ली देहात के किसानों के लिए यह बारिश और तेज हवाएं परेशानी और मुसीबत बढ़ाने वाली साबित हो रही है। दिल्ली देहात के खेतों में इस समय गेहूं की फसल लहलहा रही है,कई जगह कटाई भी चल रही है। ऐसे में तेज हवाएं और बारिश किसानों की मेहनत पर पानी फेर रही है। क्योंकि बारिश के साथ तेज हवाओं से गेहूं की फसल खराब होने की संभावना कई गुणा बढ़ गई है। सबसे बड़ी परेशानी किसानों की यह है कि अगर बारिश से फसल खराब हो जाती है तो उन्हें दिल्ली सरकार से मुआवजा लेने में ऐड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ता है। प्रादेशिक मौसम विभाग (आईएमडी) ने पहले ही बारिश की भविष्यवाणी की थी। आईएमडी के अनुसार मंगलवार को तेज हवाएं और बारिश के चलते अधिकतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान घटकर 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 6.3 डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जोकि सामान्य से महज 0.1 डिग्री सेल्सियस नीचे है। अधिकतम तापमान में भारी गिरावट होने से दिल्ली में ठंडी हवाएं चल रही है। आईएमडी की सफदरजंग वेधशाला के अनुसार दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच 3.0 मिमी बारिश दर्ज हुई।

### दिल्ली कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय नेतृत्व के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित

# अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण से लाखों परिवारों को मिला सम्मान और सुरक्षा का अधिकार : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने राजधानी की 1511 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के ऐतिहासिक निर्णय के लिए केंद्र सरकार का हृदय से धन्यवाद किया है। मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल सहित केंद्र सरकार के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय लाखों परिवारों के जीवन में नई आशा और सम्मान का संचार करने वाला क्रांतिकारी कदम है। बैठक में उपस्थित कैबिनेट के सभी मंत्रियों ने एक स्वर में भावुकता के साथ कहा कि वर्षों से उपेक्षा और अनिश्चितता में जीवन यापन कर रहे अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों के लिए यह निर्णय किसी उत्सव से कम नहीं है। अब इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपने घरों और भविष्य को लेकर जो असुरक्षा और चिंता थी, वह दूर हो जाएगी। यह निर्णय न केवल कानूनी मान्यता देता है, बल्कि इन कॉलोनियों में रहने वाले लाखों नागरिकों को आत्मसम्मान, स्थिरता और विकास की नई राह भी प्रदान करता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कैबिनेट का मानना है कि अब केंद्र और दिल्ली सरकार मिलकर इन कॉलोनियों के समग्र और सुनियोजित विकास की दिशा में ठोस कदम उठाएंगे, जिससे यहां रहने वाले लोगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं और जीवन स्तर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इन कॉलोनियों को लेकर पहले से ही संवेदनशील है। कॉलोनियों में सुविधाओं के अभाव के कारण इन क्षेत्रों के निवासियों को लंबे समय से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में 800 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान किया है, जिसका उपयोग इन कॉलोनियों में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए किया जाएगा। अब केंद्र सरकार के ऐतिहासिक निर्णय ने इन कॉलोनियों में विकास और यहां के निवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। दिल्ली के वर्तमान हालात पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग डेढ़ करोड़ की जनसंख्या वाला यह शहर पिछले 20-25 वर्षों में बढ़कर लगभग 3 करोड़ की आबादी तक पहुंच गया है। आज दिल्ली में हजारों अनधिकृत कॉलोनियां, लगभग 675 झुग्गी बस्तियां और 350 से अधिक गांव हैं, जहां लंबे समय तक असंगठित एवं अव्यवस्थित विकास होता रहा। पूर्ववर्ती सरकारों ने इस स्थिति पर ध्यान नहीं दिया, जिसके परिणामस्वरूप आज ऐसी परिस्थितियां बनी हैं कि इन क्षेत्रों को हटाकर पुनर्वास करना भी व्यावहारिक नहीं रह गया है। आज में लिया गया यह निर्णय योजनाबद्ध और व्यवस्थित विकास की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली को एक सिस्टमैटिक और प्लांड डेवलपमेंट देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में कुल 1731 अनधिकृत कॉलोनियों में से 1511 कॉलोनियों का नियमितिकरण 'जैसा है, जहां है' आधार पर किया जाएगा। इस प्रक्रिया में लेआउट प्लान की स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी और सभी भूखंडों और भवनों का उपयोग आवासीय माना जाएगा। लगभग 45 लाख लाभार्थी इस पूरी योजना से लाभान्वित होंगे। नियमितीकरण की पूरी प्रक्रिया अब डीडीए के बजाय सीधे दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग को सौंप दी गई है। नई प्रक्रिया के अनुसार अब आवेदन से लेकर कन्वेयन्स डीड जारी होने तक की पूरी प्रक्रिया के लिए समय-सीमा निर्धारित कर दी गई है, जैसे 7 दिनों में जीआईएस सर्वे रिपोर्ट, 15 दिनों में डिफिशिएंसी रेजोल्यूशन मेमो और 45 दिनों के भीतर कन्वेयन्स डीड जारी करना अनिवार्य होगा। साथ ही, पीएम-उदय रजिस्टर का नियमित रखरखाव भी सुनिश्चित किया जाएगा और एमसीडी द्वारा नियमितीकरण प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। इस योजना के तहत आवेदन 24 अप्रैल 2026 से ऑनलाइन स्वागम पोर्टल (https://mcdonline.nic.in/swagam) के माध्यम से प्रारंभ होंगे।

## दिल्ली सचिवालय पर आशाओं का प्रदर्शन जारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की आशाओं ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी अपने घोषित कार्यक्रम के अनुसार दिल्ली सचिवालय पर प्रचंड प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को पूरा करवाने की अपील की। आशाओं की मांग है कि उनके इंसेंटिव को कम से कम 15 हजार रुपए किया जाए और विलंबित फाइल को शीघ्र ही पास किया जाए तथा आशाओं का उत्पीड़न बंद किया जाए। इस अवसर पर उपस्थित दिल्ली की विभिन्न डिस्पेंसरी की आशाओं ने जोरदार नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। आशाओं ने मांगे पूरी न होने की स्थिति में आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी। धरने पर बैठी आशाओं को यूनियन की अध्यक्ष शिक्षा राणा, महासचिव उषा ठाकुर और सुजाता एवं सरोज तथा ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर से एस.एस. नेगी एम चौरसिया, नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने आशाओं की मांगों का समर्थन करते हुए संबोधित किया।
एक प्रतिनिधि मंडल ने एक ज्ञापन दिया और मांगों को अति शीघ्र पूरा करवाने का अनुरोध किया। बता दें कि सोमवार को आशाओं के प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव से मुलाकात की थी और उन्होंने मांगों को शीघ्र ही पूरा करने का आश्वासन दिया था।

## खबर संक्षेप

### ठेकेदारी प्रथा के खिलाफ निगम सफाई कर्मियों ने किया सीएम आवास पर प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास के पास रैली निकाल प्रदर्शन किया। दिल्ली नगर निगम मजदूर फेडरेशन के तत्वावधान में मंगलवार को प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी शामिल हुए और अपनी मांगों को लेकर दिल्ली सरकार और निगम के विरोध में नारेबाजी की। प्रदर्शन से पहले मजनू टीला गुरुद्वारे के पास कर्मचारी एकजुट हुए उसके बाद मुख्यमंत्री आवास तक रैली निकाली। फेडरेशन का कहना है कि वर्षों से लंबित मांगों को लेकर कई बार प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। सफाई कर्मियों की प्रमुख मांगों में निगम में ठेकेदारी प्रथा के तहत लगाए गए करीब 600 कर्मियों को हटाकर नियमित भर्ती करने, सभी अस्थायी कर्मियों को स्थायी करने और 2003, 2006, 2012 व 2016 से नियमित माने गए कर्मियों के बकाया एरियर का तत्काल भुगतान शामिल है। इसके अलावा, फेडरेशन ने रिटायर और मृतक कर्मियों के अंतिम लाभांश का एकमुश्त भुगतान करने और सभी स्थायी-अस्थायी कर्मियों के लिए कैशलेस मेडिकल कार्ड की सुविधा जल्द शुरू करने की मांग भी उठाई है। फेडरेशन के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने सभी कर्मियों से अपील की है कि वे अपने हक और सम्मान की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

### इग्नू के दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति सहित पहुंचे उपराज्यपाल संधू , छात्रों को दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 39वें दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति के स्वागत को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू पहुंचे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सभी स्नातक छात्रों को बधाई व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और भारत के विकास में अपनी भूमिका निभाने की बात कही। इस मौके पर उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने उपराष्ट्रपति की अगुवाई की और उनको पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में एलजी ने कहा कि आप सबके बीच उपस्थित होना मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। आज स्नातक हो रहे आप सभी को मेरी हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी उपलब्धि का क्षण है, जिसे आपने अपनी कड़ी मेहनत से अर्जित किया है, यह वर्षों के समर्पण, अनुशासन और दृढ़ता का प्रतीक है, न केवल आपकी ओर से, बल्कि आपके परिवारों और मार्गदर्शकों की ओर से भी जिन्होंने इस पूरी यात्रा में आपका साथ दिया सभी को बधाई। उन्होंने कहा कि इग्नू ने वास्तव में भारत में शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति ला दी है। दशकों से इसने दूरी समय और परिस्थितियों की बाधाओं को तोड़ते हुए देश भर में लाखों शिक्षार्थियों तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित की है।

### प्रवासी मजदूरों के लिए अब रोजाना 5 किलो के 1368 सिलेंडर उपलब्ध : सिरसा



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने कमर्शियल एलपीजी की उपलब्धता बढ़ाते हुए प्रवासी मजदूरों और छात्रों के लिए सिलेंडर की संख्या 180 से बढ़ाकर 360 प्रतिदिन (19 किलो के बराबर) कर दी है। यह फैसला कुल 6 हजार 480 सिलेंडर (19 किलो के बराबर) की नई दैनिक सीमा के तहत लिया गया है, जिसमें जरूरी सेवाओं को पहले प्राथमिकता दी जा रही है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे रोज़ की 6 हजार 480 सिलेंडर की सीमा का सख्ती से पालन करें। किसी एक श्रेणी में बचा हुआ सिलेंडर अन्य श्रेणियों में ट्रांसफर किया जाएगा और इसकी जानकारी विभाग को दी जाएगी। इस बात की जानकारी देते हुए खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहाहम निष्पक्ष वितरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। अफवाहों की कोई जगह नहीं है। पूरे दिल्ली में सघन जांच चल रही है और जमाखोरी या ब्लैक मार्केटिंग करने वालों पर तुरंत कार्रवाई होगी। खाद्य, आपूर्ति विभाग ने एलपीजी वितरण को और बेहतर और प्रभावी बनाने के लिए ऑपरेशनल स्पष्टीकरण जारी किए हैं। अब ऑयल मार्केटिंग कंपनियां अलग-अलग श्रेणियों में लचीलापन रखते किसी तय प्रतिशत की बाध्यता के बिना सिलेंडर आवंटित कर सकेंगी, हालांकि पहले सभी श्रेणियों की वैध मांग पूरी करना जरूरी होगा।

### विधानसभा की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक स्वीकार्य नहीं : विजेंद्र



नई दिल्ली। दिल्ली विधान सभा की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। यह सतर्कता, स्पष्ट जिम्मेदारी और बेहतर समन्वय पर आधारित होनी चाहिए। यह बात विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने विधानसभा परिसर में हाल ही में हुई सुरक्षा चूक को गंभीर बताते हुए कहा कि कम समय में घटी इस घटना ने, जिसमें अध्यक्ष के वाहन सहित आधिकारिक आवाजाही प्रभावित हुई, सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता को स्पष्ट किया है। गुप्ता ने सभी प्रवेश द्वारों पर हाइड्रोलिक रोड ब्लॉकर्स लगाने, प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था को सुदृढ़ करने और परिसर के भीतर अधिक प्रभावी एवं त्वरित प्रतिक्रिया देने वाली सुरक्षा व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। बैठक में नवीन कुमार चौधरी, अतिरिक्त मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली सरकार, अतिरिक्त सचिव, गृह, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी जिनमें राजा बांठिया, पुलिस उपायुक्त (उत्तर), और ईशा सिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर), अभिषेक गुप्ता, पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा), निशांत गुप्ता, पुलिस उपायुक्त (यातायात), नवीन वर्मा, संयुक्त निदेशक, खुफिया ब्यूरो (आईबी), गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के अलावा विधायक सूर्य प्रकाश खत्री और अशोक गोयल तथा दिल्ली विधानसभा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। घटनाक्रम की विस्तार से समीक्षा की गई, जिसमें उपलब्ध फुटेज भी शामिल है जो तकनीकी जांच के अधीन है। विधानसभा अध्यक्ष ने आरोपी की पहचान करने और उसे तुरंत गिरफ्तार करने में दिल्ली पुलिस की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की सराहना की।




# अन्नदाता किसान की फसल का एक-एक दाना एमएसपी पर मंडियों में खरीदा जाएगा

एक अप्रैल से प्रदेश के सभी जिलों में किसानों से गेहूं एवं सरसों की खरीद एमएसपी पर की जा रही है। इस बार खरीद को आधुनिक बनाते हुए किसानों के वाहनों को जियो टैगिंग से लैस किया है। वहीं मंडियों में एंट्री के लिए पास भी जारी किए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर बताया कि प्रदेश की सभी मंडियों में गेहूं एवं सरसों की खरीद बढ़िया तरीके से चल रही है। मैं खुद कुरुक्षेत्र, गुरुग्राम, झज्जर, करनाल आदि जगहों की मंडियों का दौरा किया है और जरूरी निर्देश व्यवस्थापकों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से प्रदेश के सभी जिलों में किसानों से गेहूं एवं सरसों की खरीद एमएसपी पर की जा रही है। इस बार खरीद को आधुनिक बनाते हुए किसानों के वाहनों को जियो टैगिंग से लैस किया है, वहीं मंडियों में एंट्री के लिए पास भी जारी किए हैं। इसके साथ-साथ किसानों को बायोमेट्रिक व्यवस्था के साथ भी जोड़ा है। जिससे कि बाहर के ट्रेडर किसान बनकर यहां मंडियों में हमारे राज्य के अन्नदाता का हक नहीं मार सकेंगे।

**मंडियों में गेहूं सरसों की खरीद पर रखी जा रही पैनी नजर**

**रसोई ईंधन की कमी की झूठी अफवाह फैलाने वालों से सावधान**



## खरीद की प्रतिदिन के आधार पर समीक्षा की जा रही

नागर ने कहा कि हम व्यवस्था लागू करके ही संतुष्ट नहीं है बल्कि उसकी प्रतिदिन के आधार पर समीक्षा हो रही है। मैं खुद कई जिलों की मंडियों में होकर आया हूं, जहां व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। उन्होंने बताया कि आज भी हमारे प्रदेश की सभी मंडियों में करीब 5000 किसान सरसों लेकर पहुंचे। उनकी 9978 मेट्रिक टन सरसों में से करीब 4836 मीटिंग टन की खरीद हो चुकी है, बाकी की कार्रवाई जारी है। इसी प्रकार करीब 1 लाख 27 हजार 312 गेट पास के जरिए 7 लाख 4 हजार 573 मीट्रिक टन गेहूं भी मंडियों में पहुंचा। इसमें से 1 लाख 23 हजार 373 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद संपन्न हो चुकी थी। हमारे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशन में ऐसी व्यवस्था मंडियों में बनाई गई है, जहां किसानों को सहज तरीके से अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### रसोई गैस ईंधन की कोई दिक्कत नहीं

मंत्री ने घरेलू ईंधन के बारे में अफवाह फैलाकर लोगों को परेशान करने वालों को चेतावनी दी कि वह अपनी हरकत से बाहर जाएं अन्यथा उनके खिलाफ चल रही कार्रवाई को और सख्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश में ऐसे लोगों के खिलाफ 19 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं जिसमें 17 गिरफ्तारियां भी हुई हैं। नागर ने कहा कि प्रदेश में रसोई गैस ईंधन की कोई दिक्कत नहीं है। इस बारे में हमने प्रदेश के गैस आपूर्ति कर्ताओं को भी जरूरी निर्देश दिए हैं वहीं पीएनजी के कनेक्शन भी कम से कम नियम शर्तों के साथ दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रवासी लोगों के लिए 5 किलो के रसोई गैस सिलेंडर भी देने के निर्देश दिए गए हैं जिससे व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में है। हमारे पास रसोई गैस ईंधन के पर्याप्त स्टॉक हैं इसके लिए प्रदेश में रह रहे किसी भी व्यक्ति को घबराने की जरूरत नहीं है।

## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर

**फरीदाबाद।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल को ट्रैफिक थाना में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।



यह मेडिकल कैंप डीसीपी ट्रैफिक जयबीर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य यातायात ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित करना तथा उन्हें स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक करना था।

### साइबर सेल ने तलाश किए गुमशुदा

**फरीदाबाद।** साइबर सेल टीम ने तकनीकी सहायता से गुम हुये 149 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले हैं। 7 अप्रैल को सहायक पुलिस आयुक्त अपराध अमन यादव ने पुलिस लाइन फरीदाबाद में तलाश किये 149 मोबाइल फोन उनके असल मालिकों को वापस लौटाया है। साइबर सेल की टीम ने सीईआईआर पोर्टल के जरिए से गुमशुदा 149 मोबाइल को ट्रेस करने का सराहनीय कार्य किया है।



### निजीकरण के खिलाफ संघर्ष होगा तेज

**फरीदाबाद।** केंद्र एवं राज्य सरकार कर्मचारियों की पुरानी पेंशन लागू करने, ठेका संविदा कर्मियों को रेगुलर करने, सरकारी विभागों के निजीकरण व लेबर कोड्स पर रोक आदि जैसी मांगों को लेकर कर्मचारी आंदोलन तेज करेंगे। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि निर्णायक आंदोलन से पहले कार्यकर्ताओं को तैयार करने के लिए बैठक होगी।



### पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश घायल, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** स्वाट टीम, अपराध शाखा कमिश्नरेट गाजियाबाद व थाना मोदीनगर पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गयी। जिसमें एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल ही गया। जबकि पुलिस ने उसके दूसरे साथी को भी गिरफ्तार कर लिया।



### मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की फसल खरीद की समीक्षा

# किसानों के भुगतान में नहीं हो देरी, पोर्टल पर डेटा सटीकता अधिकारी करें सुनिश्चित

उपायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि जिले में गेहूं और सरसों की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है और डेटा मिसमैच के वेरिफिकेशन का कार्य लगभग अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल अनुमानित फसल का लगभग 30 प्रतिशत मीट्रिक टन फसल मण्डियों में पहुंच चुकी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सख्त निर्देश हैं कि मंडियों में खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। यह जानकारी देते हुए हरियाणा सरकार में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला के उपायुक्तों के साथ मण्डियों में फसल खरीद और लिफ्टिंग प्रक्रिया की समीक्षा की।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरान्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि जिले में गेहूं और सरसों की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है और डेटा मिसमैच के वेरिफिकेशन का कार्य लगभग अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल अनुमानित फसल का लगभग 30 प्रतिशत मीट्रिक टन फसल मण्डियों में पहुंच चुकी है।

**खास बातें**

- गेहूं और सरसों की खरीद प्रक्रिया जारी
- 30% मीट्रिक टन फसल मण्डियों में पहुंच चुकी




### 5 किलो वाले सिलेंडरों की उपलब्धता पर जोर

हरियाणा सरकार में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि घरेलू गैस की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग को रोकने के लिए टीमों को और सक्रिय कर दिया जाए। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला के उपायुक्तों के साथ एलपीजी गैस, पेट्रोल एवं डीजल और पीएनजी आपूर्ति को लेकर सभी जिला के उपायुक्तों और तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। डीसी आयुष सिन्हा ने अधिकारियों को उच्च खपत वाले इलाकों को चिन्हित करने को कहा है जहां औद्योगिक लेबर और कम आय वर्ग के लोग अधिक संख्या में रहते हैं।

### किसानों को जागरूक करने पर जोर दिया

खरीद कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि वर्तमान में कुल आवक का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीदा जा चुका है। उन्होंने नमी की समस्या पर संज्ञान लेते हुए आढ़ती एसोसिएशन के माध्यम से किसानों को जागरूक करने पर जोर दिया ताकि निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीद सुनिश्चित हो सके।

### परिवहन और लेबर की व्यवस्था

डीसी ने मडिंयों में फसल खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूरी प्रक्रिया को किसान अनुकूल बनाया जाए। उन्होंने पेंडिंग वेरिफिकेशन कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट किया कि पोर्टल पर डेटा की सटीकता सुनिश्चित करना प्राथमिकता में होनी चाहिए, उन्होंने मण्डियों में फसल के उठान (लिफ्टिंग) की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में परिवहन और लेबर की व्यवस्था पर्याप्त है।

### गाजियाबाद के मोदीनगर क्षेत्र में

# 26 बीघे में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर जीडीए का बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मोदीनगर क्षेत्र के फफराना में चला और वहां पर 26 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में रिछपाल सिंह व रनवीर सिंह आदि द्वारा खसरा सं-379, 380 ग्राम-फफराना मोदीनगर गाजियाबाद पर लगभग 8000 वर्ग मी क्षेत्रफल में रविकरण व राजेन्द्र अभयराम श्याम द्वारा खसरा सं.354मि ग्राम-फफराना मोदीनगर गाजियाबाद पर लगभग 10000 वर्ग मी क्षेत्रफल में एवं रनवीर सिंह व शदिनेश चचरा श्यामसिटी फफराना रोड, मोदीनगर में 8000 वर्ग मी क्षेत्रफल में अवैध रूप से विकसित कर पूर्व स्वीकृत कालोनी श्यामसिटी का एक्सटेंशन किया जा रहा है। जिसका प्राधिकरण से स्वीकृति संबंधी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया है। स्थल पर स्वीकृत तलपट मानचित्र नहीं दिखाया गया, अनाधिकृत निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। कालोनाईजर द्वारा बनाई गई सड़क, बाउन्ड्रीवॉल, साइट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान कोलोनाईजर/ निर्माणकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ गंजा, पुत्रः लक्ष्मी नारायण, पताः म. नं. 8, पॉकेट 5, सेक्टर 35, रोहिणी, दिल्ली** ने **FIR No. 41/2021, U/s 394/397/34 IPC, पुलिस थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ गंजा** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **राहुल उर्फ गंजा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 41/2021, U/s 394/397/34 IPC, पुलिस थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अभियुक्त **राहुल उर्फ गंजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – श्री सार्थक पंवार**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, उत्तरी जिला**
**कमरा नं. 114, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4486/ON/2026**

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 57 दिनांक 04.04.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना बरोदा जिला सोनीपत।

**गुमशुदा की पहचान**

नाम- साहिल।
पिता का नाम - धर्मबीर।
पता- वासी गांव ठसका, गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र- 29 वर्ष।
कद -5 फुट 9 ईन्च।
हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें, सामान्य शरीर, दाहिने हाथ पर सुरमा से BUGGA लिखा हुआ हैं।
पहनावा- काले रंग की शर्ट, ग्रे रंग की पेंट व पैरों में लाल रंग के जूते पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.03.2026 को साहिल पुत्र धर्मबीर वासी गांव ठसका, गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा घर से मनाली हिमाचल घुमने की कहकर कहीं चला गया हैं। जो अब तक घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो. नं. - 7419410546
अनुसंधान कर्ता मो. नं.-9416636075
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

**अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/4666/2027/44481/88/7 दि. 07.04.26

# प्रतिबंधित पेंटाज़ोसाइन के 21 इंजेक्शन सहित व्यक्ति काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

एवीटीएस-1 सिकरौना फरीदाबाद की टीम ने प्रतिबंधित पेंटाज़ोसाइन के 21 इंजेक्शन सहित एक आरोपी को आसियाना फ्लैट सेक्टर-62 के पास से गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार संदीप सेक्टर-65 फरीदाबाद को 21 इंजेक्शन पेंटाज़ोसाइन सहित गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध आदर्श नगर थाना में एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि वह 40 इंजेक्शन, 4000 रुपए में आजमगढ से खरीद कर लाया था, जिसमें से कुछ बेच दिये थे। जिसको न्यायलय में पेश कर 2 दिन पुलिस रिमांड पर लिया है।

**40 इंजेक्शन चार हजार रुपए में खरीदा था**

### एक देसी कट्टा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

वहीं एवीटीएस-2 फरीदाबाद की टीम ने एक व्यक्ति को अवैध देसी कट्टा गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान पवन निवासी गांव माटेला जिला घंगोड़ा उतराखंड हाल पर्वतीय कॉलोनी के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार एवीटीएस-2 फरीदाबाद की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पवन को खेडीपुल शमशान घाट पार्किंग के पास से अवैध देसी कट्टा सहित काबू किया है। जिसके विरुद्ध थाना खेडीपुल में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। जिसने बताया कि देसी कट्टा को आंनद विहार बस स्टैंड दिल्ली से 5000 रुपए में लेकर आया था। जिसको माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है। जिस पर 2 चोरी व एक एनडीपीएस का मामला पूर्व में भी दर्ज है।

# नगर आयुक्त ने संभव में खुद सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम मुख्यालय में संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक तथा निगम अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना। नगर आयुक्त ने प्राप्त 8 शिकायतों पर निगम अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए, समस्याओं के साथ-साथ अपने सुझाव भी आगंतुकों द्वारा निगम अधिकारियों के समक्ष रखे गए जिन पर ध्यान देने के लिए नगर आयुक्त द्वारा टीम को कहा गया विशेष रूप से निर्माण तथा जलकल विभाग के संदर्भ संभव के अंतर्गत प्राप्त हुए 1 संभव में प्राप्त होने वाले संदर्भों पर तत्काल कार्यवाही की नगर आयुक्त द्वारा तेजी से कार्य करने के लिए भी कहा गया, प्राप्त संदर्भों पर किसी प्रकार की देरी तथा लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सख्त निर्देश देते हुए

### 18वर्षीय लड़की की 16वीं मंजिल से गिरकर मौत

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित हाईराइज सोसाइटी जयपुरिया में मंगलवार की सुबह को 18 साल की लड़की की संदिग्ध परिस्थितियों 16 वीं मंजिल से गिरकर में मौत हो गई।। युवती के पिता कार वाशिंग का काम करते है वो भी उनके साथ सोसाइटी के आती थी। लड़की के कपड़े फटी अवस्था मे थे। परिजन दुष्कर्म का आरोप लगाया। शव को पोस्टमार्टम भेजने का विरोध कर आरोपियों की गिरफ्तारी की। पुलिस इसे सुसाइड मान रही है। सोसाइटी के जमकर हंगामा हुआ।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सन्नी पुत्रः राधा श्याम पताः लावारिस, पंजाबी जायेका, महिन्द्रा पार्क के पीछे, दिल्ली** ने case **FIR No. 133/2021 U/s 379/356/411 IPC, थानाः रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 133/2021 U/s 379/356/411 IPC, थानाः रानी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सन्नी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 19.05.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री विवेक बेनिवाल**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी**
**उत्तर पश्चिम, कोर्ट नं. 101, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3558/OD/2026 (Court Matter)**

### इन्द्रप्रस्थ संजीवनी ने शुरू किया स्वस्थ हार्ट अभियान

# 7 दिन तक चलने वाले अभियान में संस्था बांटेगी हार्ट अटैक से बचने सॉर्बिट्रेट टैबलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इंद्रप्रस्थ संजीवनी एनजीओ ने सात दिवसीय जागरुकता अभियान की शुरुआत की। स्वस्थ हार्ट नामक इस अभियान के तहत संस्था के पदाधिकारियों ने कृष्णा ओवरसीज आईएमनसी कॉरपोरेट ऑफिस में उन्होंने हार्ट अटैक से तुरंत बचाव के लिए प्राथमिक उपचार सॉर्बिट्रेट टैबलेट बांटी। संस्था के अध्यक्ष डॉ संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने बताया कि हार्ट अटैक युवाओं को भी आसानी से अपनी चपेट में ले रहा है। उन युवाओं में हार्ट अटैक के प्रति जागरुकता फैलाने के मकसद से हेल्थ डे के शुभ अवसर पर संस्था ने कॉरपोरेट ऑफिस, जिम, पुलिस स्टेशन इत्यादि जगहों पर जाकर यह टेबलेट वितरित किए।



### सफर के दौरान दवा साथ रखें

उन्होंने कहा कि यह टैबलेट एक जीवनरक्षक का काम करती है। यदि किसी को साइलेंट हार्ट अटैक, सीने में दर्द या हार्ट अटैक आता है, तो उस स्थिति में सॉर्बिट्रेट टैबलेट जीवनरक्षक का कार्य करती है। डॉ. अरोड़ा ने बताया कि यह आवश्यक नहीं है कि यह टैबलेट हमारे काम आए परन्तु हम अपनी दिनचर्या में, यात्रा के दौरान बस में, हवाई जहाज में, ट्रेन में या कैब में अपने साथ रखें। सफर के दौरान यह घटना किसी के साथ भी घटित हो सकती है। उस समय हम उसकी जान बचा सकते हैं, इस उम्मीद से यह टैबलेट हमें अपने पास 24 घंटे रखनी चाहिए। इस अवसर पर दिल्ली के पूर्व विधायक सत्य प्रकाश राणा, दिल्ली पुलिस के एसीपी रविंद्र पंडित उपस्थित रहे।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में गंगवा से आर्य नगर तक आरडी 0.00 से 5.550 (रोड आईडी 11551) बाढ़ प्रभावित रोड की विशेष मरम्मत (एसडीओ ओपी एस/डिवीजन डीएचबीवीएन गंगवा के तहत एचटी/एलटी लाइंस और एसडीओ ओपी एस/डिवीजन डीएचबीवीएन बालसमंद के तहत 11 केवी तुसली लाइन की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 06.04.2026 13.04.2026 | 197.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | एलसी नं. 139 पर नरवाना समैण रोड पर रेलवे अंडरपास का निर्माण (सी.एम. घोषणा सं. 17981 दिनांक 18.12.2016) (स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल)। | 06.04.2026 11.04.2026 | 20.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | बाबैन – गांव बाबैन ब्लॉक बाबैन में राजकीय मिडल स्कूल/जयपाल पुत्र रामकिशन की दुकान की तरफ गुगा मडी से आईएलपीबी फिरनी की रिपेवमेंट + 1 कार्य। | 04.04.2026 10.04.2026 | 57.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव दीपालपुर में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 06.04.2026 15.04.2026 | 80.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज अम्बाला | एचआरडीएफ – गांव जनेतपुर, ब्लॉक अम्बाला-II में तालाब के निकट पंचायती भूमि में पार्क का निर्माण + 1 कार्य। | 03.04.2026 09.04.2026 | 45.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 5 वर्षीय वारंटी सहित 90 वाट एलईडी स्ट्रीट लाइट्स। | 08.04.2026 07.05.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | जल सेवाएं (एम) मण्डल, फरीदाबाद के लिए हार्डवेयर और वैद्युत मदों की आपूर्ति के लिए 01 अदद निविदा, हिसार जल सेवाएं (एम) मण्डल, हिसार के लिए हार्डवेयर, वैद्युत मदों और बियरिंग्स की आपूर्ति के लिए 3 अदद निविदाएं। | 07.04.2026 21.04.2026 | 70.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- सिरसा कस्बा की विभिन्न गलियों में रोप सैक द्वारा एस.डब्ल्यू. पाइप लाइन 200 मिमी आई/डी की गाद निकालना और सफाई, बकेट टाइप सीवर क्लीनिंग मशीन द्वारा आकार 250 मिमी से 400 मिमी आई/डी की सीवर लाइन की गाद निकालना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 04.04.2026 10.04.2026 | 30.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | ऐलनाबाद कस्बा :- नहर आधारित जलघर ऐलनाबाद के लिए बुधीमेरी में कच्चा जल पम्पिंग स्टेशन पर डीआई स्पेशल, स्लुइस वॉल्व, एनआरवी, आर्मर्ड केबल, केबल ट्रे की आपूर्ति, फिक्सिंग और स्थापना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। सीएच.हैड :- ऐलनाबाद कस्बे की जलापूर्ति योजना का संवर्धन। 'दक्षिणी घग्गर नहर से मौजूदा जलघर तक नया वाटर कैरियर (800 मिमी आई/डी डी.आई. राइजिंग मेन) को बिछाना और मौजूदा जलघर संरचनाओं की मरम्मत, एस/एस टैंकों का निर्माण।' | 04.04.2026 10.04.2026 | 23.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जेएलएन फीडर के पम्प हाउस जेएफ-II आरडी 343100 की चारदिवारी पर चेन लिंक फेंसिंग की स्थापना। | 06.04.2026 13.04.2026 | 10.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 11 | महिला एवं बाल विकास विभाग पंजीरी प्लांट, घरौंडा, करनाल | वर्ष 2026-27 हेतु एचडीपीई बेग्स की निविदा के लिए विज्ञापन। | 07.04.2026 28.04.2026 | 6 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466703499 panjiriplantwcdgharaunda@yahoo.co.i |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2027/220/44490/I/88/7 दि. 07.04.26



## मटका किंग का ट्रेलर रिलीज दिखी 1960 के मुंबई की झलक

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें एक कपास व्यापारी के 'मटका किंग' बनने के सफर को दिखाया गया है। दरअसल, मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। इस सीरीज में विजय के साथ कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज 17 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज 'मटका किंग' में विजय ने ब्रिज भट्टी का रोल अदा किया है। ट्रेलर की शुरुआत में ब्रिज भट्टी को एक कपास के कामगार के रूप में दिखाया गया है। 1960 के दशक के बॉम्बे (अब मुंबई) की झलक है।

लाइफ Style



# तृषा

## अफवाहों का दिया जोरदार जवाब

एजेंसी ▶▶ मुंबई

क्या साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। इसी को लेकर उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में है।

हाल ही में वे थलपति विजय के साथ चेन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुई थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिस्पॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है। तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं। बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था।

## हॉलीवुड मसाला



## घिनौने व्यक्ति से मेरा कोई संबंध नहीं

**लॉस एंजिल्स।** 'एपस्टीन फाइल्स' से केवल जीजी हदीद ही नहीं, बल्कि उनकी बहन बेला हदीद का भी नाम जुड़ा है। जीजी हदीद ने अब इसपर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा, 'उन फाइलों में मेरा नाम होना... मुझे लगता है कि उस समय मेरी उम्र 20-21 साल रही थी जब उसने वह ईमेल लिखा होगा, यह बहुत परेशान करने वाला है। मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मेरा उस घिनौने व्यक्ति से कभी कोई संबंध नहीं है।' जीजी ने नैतिकता पर बातें करते हुए कहा कि भले वो प्रिविलेज्ड लाइफ में पली हों, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें स्ट्रॉन्ग वैल्यूज़ दिए हैं।



## बीटीएस को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** बीटीएस ग्रुप लगातार मिल रही कामयाबी की वजह से चर्चा में है। पूरी दुनिया में नाम कमाने के बाद बीटीएस को उसी देश में सम्मानित किया जा रहा है, जहां से उनके सफर की शुरुआत हुई थी! इस ग्रुप को एरिरांग इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर मशहूर 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह सियोल में एरिरांग टीवी के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान कई मायनों में खास है। 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' का मकसद बीटीएस को इज्जत देना है। इस ग्रुप ने वह काम किया है जो किसी और बैंड ने नहीं किया है। ग्रुप ने अपने म्यूजिक के जरिए पूरी दुनिया में कोरियाई संस्कृति का प्रसार किया है। 2013 में अपने डेब्यू के बाद से, इस ग्रुप ने लगातार बाधाओं को तोड़ा है और के-पॉप कलाकारों के लिए उदाहरण पेश किया है। एरिरांग टीवी लंबे समय से कोरियाई मनोरंजन और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच एक सेतु का काम करता रहा है।



## कालीघाट मंदिर दर्शन करने पहुंचीं कंगना


**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चिम बंगाल में इस महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, परिणाम 04 मई को आएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं और मंदिर दर्शन किए। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। कंगना रनौत साड़ी पहनकर ट्रेडिशन लुक में नजर आईं। पिंक कलर की सिल्क साड़ी के साथ उन्होंने पारंपरिक गहनों से अपना लुक कंप्लीट किया है।



## आशा ने तब्बू को तोहफे में दिया गिटार...

**मुंबई।** मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ। इस बीच तब्बू अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इसमें वे अपना गिफ्ट फ्लॉन्ट करती दिखी हैं, जो उन्हें दिग्गज गायिका आशा भोसले ने जन्मदिन के मौके पर दिया था। इसके साथ तब्बू ने एक नोट भी लिखा है। 'मुझे अपने सबसे यादगार दिनों के बारे में बताइए, मुझे उन पलों के बारे में बताइए जिन्हें आप कभी नहीं भूलेंगे। मुझे बताइए कि आपके दिल को सबसे ज्यादा क्या छू जाता है? मुझे अपनी सबसे कीमती चीजों के बारे में बताइए'। तब्बू ने आगे लिखा है, 'नवंबर में मेरा जन्मदिन था और तभी मेरे दरवाजे से होते हुए यह खूबसूरत चीज, यह गिटार मिला। यह तोहफा आशाजी ने मुझे दिया।

## टीवी मसाला




## दिशा को उसके मुकाम तक पहुंचने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी पर इस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया है, जिन्होंने अपनी बिटिया को उसके मुकाम तक पहुंचाने में अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। दिशा वकानी के पिता भीम वकानी थिएटर आर्टिस्ट रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम भी किया है। भीम वकानी आमिर खान की फिल्म 'लगान' में भी नजर आनेवाले हैं। तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुके भीम वकानी को इस बात की खुशी थी कि आज उनकी बेटी उनसे बड़ी स्टार बन गई हैं। भीम वकानी ने एक बार अपने इंटरव्यू में बेटी दिशा वकानी को लेकर काफी सारी बातें की थीं। उन्होंने एक बार मीडिया से बातचीत में बताया था कि बेटी का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी तक छोड़ दी और मुंबई आ गए। दिशा वकानी को एक्टिंग की दुनिया में लाने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके पिता ही थे। कई साल पहले मीडिया से हुई बात में दिशा वकानी के पिता ने कहा था, 'ये सब करने में उसको बहुत टाइम लगा है। इसने ड्रामा, डिप्लोमा, डिग्री किया। ये बहुत छोटी थी तब से मेरे साथ इंटीरियर गांव में, आदिवासी गांवों में ये चार शो करने को आती थी। वहां से शुरू किया इसने ड्रामा, डिप्लोमा किया, डिग्री लिया और फिर मुंबई आई।' उन्होंने आगे कहा था, 'मुंबई में 10 साल ड्रामा वगैरह करते-करते ये यहां तक पहुंची है। इसकी चाहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। ये मेरी बेटी है, मेरे से भी आगे निकल गई है।'

## दो साल बाद लौटेगा 'खतरों के खिलाड़ी'

**नई दिल्ली।** दो साल बाद रियलिटी शो 'खतरों के खिलाडी 15' की टीवी पर वापसी हो रही है। इस शो को एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी



होस्ट करते हैं। इस सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मई के दूसरे हफ्ते में होस्ट रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स केप टाउन, साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो सकते हैं। इस बार भी शो का शेड्यूल लंबा रखा गया है। पूरी शूटिंग करीब 50 दिनों में खत्म करने की प्लानिंग है। रोहित शेट्टी के शेड्यूल को लेकर भी साफ रणनीति बनाई जा रही है। सूत्र ने कहा, 'रोहित सर ने अपने कैलेंडर को इसी हिसाब से सेट किया है कि 'खतरों के खिलाड़ी'के लिए निकलने से पहले 'गोलमाल 5' का बड़ा हिस्सा शूट हो जाए। क्योंकि शो के दौरान वे पूरी तरह उसी प्रोजेक्ट में व्यस्त रहते हैं। वापस आने के बाद उनका फोकस सीधे फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर शिफ्ट होगा।



## अरशद और नवाजुद्दीन की बेटियों ने चुराई लाइमलाइट

**मुंबई।** कभी-कभी सितारे नहीं, बल्कि उनके साथ आए लोग ही चुपचाप सबका ध्यान खींच लेते हैं, और ऐसा ही कुछ हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में देखने को मिला। एक्टर अरशद वारसी रविवार को अपनी बेटी जेने जो वारसी के साथ इस फंक्शन में शामिल हुए और देखते ही देखते वह शाम की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट से वीडियो ऑनलाइन वायरल होते ही लोगों ने उनकी मौजूदगी पर तुरंत ध्यान दिया और कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी की भी खूब तारीफ हुई। दोनों की शालीनता ने अलग ही खबरें फैला दीं। अरशद वारसी की बेटी जेन के फोटोग्राफरों से बातचीत करते और रेड कार्पेट पर चलते हुए वीडियो जल्द ही वायरल हो गए। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा- हैंडसम पापा की ब्यूटीफुल बेटी, भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखे। एक ने कमेंट किया- कितनी खूबसूरत है। एक तीसरे यूजर ने उनके भविष्य के बारे में कमेंट किया, उन्होंने पूछा- कब डेब्यू करने वाली है?? एकदम हॉट है। एक फैन ने लिखा- श्रद्धा कपूर की कॉपी मिल गई अब। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा सिद्दीकी को देखकर भी लोग दंग रह गए और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ की। शोरा पहले तो रेड कार्पेट पर आने में हिचक रही थीं, फिर उनके पिता नवाज उनके पास आए और समझाया। शोरा की खूबसूरती की तुलना सीधे ऐश्वर्या राय से हुई। पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शोरा की एक्टिंग को लेकर खुलासा किया था।

## रामायणमः यश बनेंगे अब तक के सबसे अनोखे रावण, शिव भक्त की दिखेगी छवि



**नई दिल्ली।** 'रामायणम' इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में लॉस एंजिल्स और मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रणबीर कपूर के किरदार 'राम' का पहला टीजर जारी किया। फिल्म इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी है, ऐसे में निर्देशक नितेश तिवारी ने बताया है कि उनकी फिल्म रावण को एक बड़े खलनायक के रूप में दिखाने के बजाय, अधिक लेयर्स में और मानवीय रूप में दिखाएगी। 'केजीएफ' स्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता के अनुसार, यश का अभिनय न केवल रावण के बुरे पहलुओं को दिखाएगा, बल्कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति, संगीत का टैलेंट और एक सक्षम शासक के रूप में उनके गुणों को भी दिखाएगा- साथ ही यह भी दिखाएगा कि कैसे अहंकार और क्रोध अंत नें उसके पतन का कारण बनते हैं। लॉस एंजिल्स में फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर बोलते हुए नितेश तिवारी ने कोलाइडर से कहा, 'देखिए, रावण के जीवन के कई पहलू थे। वह एक महान योद्धा था, एक कुशल संगीतकार था, एक विद्वान था, एक दयालु राजा था... एक महान शिव भक्त था।' रावण के इन सभी पहलुओं को दिखाना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें एक बहुत सबक छिपा है। आपमें कितने भी अच्छे गुण हों, लेकिन अगर आप बदले की भावना और अहंकार से प्रेरित हैं, तो आप जानते हैं कि इसका अंत क्या होगा। इसी कार्यक्रम में रणबीर कपूर ने यश के रावण के किरदार में ढलने की तारीफ करते हुए उनकी दमदार प्रेजेंस की सराहना की। यश के पास बेशक स्टारडम है। रावण का किरदार निभाने के लिए ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसमें वो औरा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो। रावण के रूप में उन्हें देखना बहुत अलग है। मुझे लगता है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यश इस प्रोजेक्ट में निर्माता के तौर पर भी शामिल हैं। अप्रैल 2025 में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने वैरायटी को बताया, 'भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर दिखाने वाली फिल्में बनाना मेरी लंबे समय से ख्वाहिश रही है।

### पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में बॉडी डबल के साथ सिनेमा में रखा था कदम

## सेट पर निर्देशक को खुश करने के लिए चापलूसी की हदें कर दी थीं पार

*नई दिल्ली। जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। उस वक्त जितेंद्र सेट पर हर तरीके का काम करते थे और एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। एक्टर ने डायरेक्टर वी. शांताराम की चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं।*

### जितेन्द्र के बारे में अनसुनी बातें

हिंदी सिनेमा में पहचान बनाने के लिए सभी को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। किसी भी नए एक्टर को पहली फिल्म मिलना किस्मत के चमक जाने के जैसा होता है, लेकिन जितेंद्र के लिए यह घाटे का सौदा रहा था।



मात्र 150 रुपए से फिल्मों में कदम रखने वाले जितेंद्र ने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगे, लेकिन पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में एक्टर ने बॉडी डबल के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।

### चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे

बहुत कम लोग जानते हैं कि जितेंद्र ने फिल्म 'सेहरा' के सेट पर हर तरीके का काम किया था। वे आर्टिस्ट का सारा काम करते थे और उनकी जरूरतों का ध्यान भी रखते थे। उस वक्त एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। इसी फिल्म के दौरान एक्टर ने वी. शांताराम को प्रभावित करने के लिए चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं। खुद एक्टर ने स्वीकारा था कि निर्देशक को इम्प्रेस करने के लिए वो सेट पर चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे।

### सफल शुरुआत करने के बावजूद बुरा दौर देखा

हालांकि, 1970 के दशक की सफल शुरुआत करने के बावजूद जितेंद्र ने 1972 से 1973 तक काफी बुरा दौर देखा। इस बीच उनकी अधिकांश फिल्में एक हसीना दो दीवाने (1972), शादी के बाद (1972), यार मेरा (1972), रूप तेरा मस्ताना (1972), अनोखी अदा (1973) और गहरी चाल (1973) जैसी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं ।

**नकली जूलरी की दुकान** : जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। जितेंद्र भी अपने पिता के काम में हाथ बांटते थे। उन्होंने मुंबई के सेंट सेबेस्टियन गोअन हाई स्कूल में अपने दोस्त राजेश खन्ना के साथ पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सिद्धार्थ कॉलेज से उन्होंने आगे की पढ़ाई की। हालांकि, वे बचपन से ही फिल्मों के शौकीन थे, लेकिन नहीं पता था कि गहने बेचने का काम ही हिंदी सिनेमा में कदम रखने का पहला रास्ता है।

### ऊंट पर छलांग लगा दी

उन्होंने बताया कि एक बार फिल्म में एक्ट्रेस संध्या को एक सीन करना था, जिसमें ऊंट पर कूदना था। निर्देशक ऐसे शख्स की तलाश में थे, जो यह सीन कर सके और बिल्कुल संध्या जैसा दिखे। वी. शांताराम को इम्प्रेस करने के लिए एक्टर ने सीन को करने के लिए हां कर दिया और ऊंट पर छलांग लगा दी। वो सीन सिर्फ पैसे के लिए नहीं किया था, बल्कि खुद को साबित करने के लिए किया था, जिसके बाद निर्देशक ने फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' में लीड रोल दिया और तनख्वाह थी 100 रुपए। एक्टर ने बताया कि इस वक्त पैसे से फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि जितेंद्र को जितेंद्र बनाने वाले वी. शांताराम थे और उनकी की बदौलत सिनेमा में कदम रखा था।

**धर्मवीर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही** : इसके बाद उन्हें भाई हो तो ऐसा (1972) और जैसे को तैसा (1973) जैसी फिल्मों से कुछ सफलताएं मिलीं और गुलजार के परिचय (1972) में उन्हें काफी तारीफ मिली। इसके बाद 1974 में एल.वी. प्रसाद की फिल्म बिदाई में लीना चंदावरकर के साथ नजर आए जो सुपरहिट रही। 1977 जितेंद्र के लिए कई सफलताओं से भरा एक बड़ा साल साबित हुआ। मनमोहन देसाई की शानदार फिल्म धर्मवीर ने उन्हें एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर दी।


## सीएम नायब सिंह सैनी ने रोड शो में बीजेपी के लिए मांगा वोट

# पश्चिम बंगाल में पीएम के नेतृत्व में भाजपा की बन रही सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनाना चाहते हैं। इसलिए बंगाल में चारों तरफ भाजपा की लहर चल रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान श्रीरामपुर विधानसभा के प्रत्याशी का नामांकन भरने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने श्रीरामपुर विधानसभा के प्रत्याक्षी के पक्ष में रोड शो कर लोगों से भाजपा के समर्थन में वोट डालने की अपील की। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लगातार कम्युनिष्ट पार्टी ने बंगाल के लोगों का शोषण किया है। बड़ी अपेक्षा के साथ लोगों ने ममता बनर्जी की सरकार बनाई थी, लेकिन इस सरकार ने कम्युनिस्टों से भी ज्यादा अत्याचार किए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल के लोगों ने अब मन बना लिया है कि बीजेपी सरकार बनानी है बंगाल में ना रोजगार है, ना किसानों की एमएसपी पर फसल बिक रही है और न ही उचित मूल्य दिया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में महिला सीएम होते हुए भी महिलाओं की सुरक्षा नहीं है। ममता सरकार ने जिस प्रकार का ताण्डव किया है, उससे जनता त्रस्त हो चुकी है। ममता सरकार ने सामाजिक, आर्थिक संस्कृति को ठेस पहुंचाने का किया काम किया है।

- ममता बनर्जी सरकार पर भ्रष्टाचार और खराब कानून-व्यवस्था के आरोप



### 80 करोड़ लोगों को राशन पहुंचा रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोड शो में लोगों का उत्साह एवं जोश देखने वाला बनता है। यहां के लोग प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल का विकास चाहते है। पश्चिम बंगाल से उद्योगों का पलायन हो गया है। इसके अलावा युवाओं को भी रोजगार के लिए दूसरे स्थानों पर पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। पश्चिम बंगाल का युवा सरकार से आहत हैं और पश्चिम बंगाल में भय और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

### ममता सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप

ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में घुसपैठ और भ्रष्टाचार बढ़ा है, जिससे सामाजिक और आर्थिक ढांचे को नुकसान पहुंचा है।वहीं नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि को प. बंगाल में लागू न करने का भी आरोप लगाया गया।

## खबर संक्षेप

### एक दिन में 2.20 लाख रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई

**भोपाल।** मप्र मप्र में सोमवार को एक दिन में 2.20 लाख रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई की गई। यह डिलेवरी भी तीनों कंपनियों इंडेल, बीपीसीएल व एचपीसीएल कंपनियों से की गई है। मप्र के रसोई गैस के लिए बनी कमेटी के नोडल अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि राज्य में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। सभी जिलों में निर्बाध सप्लाई जारी है। पेट्रोल-डीजल की सप्लाई भी पूरी तरह से सामान्य है। केंद्र व राज्य सरकार दोनों स्थिति पर पूरी तरह से नजर बनाए हुए हैं। रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी की मौजूदा स्थिति को लेकर सोमवार को मप्र सरकार व आयल कंपनियों की ओर से संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने प्रदेश भर की स्थिति के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर तीनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही पीआईबी के निदेशक मप्र मनीष गौतम, मप्र सरकार के खाद्य विभाग के संयुक्त संचालक ब्रजेश सक्सेना व कृषि विभाग के ज्वाइंड डायरेक्टर जीएस चौहान ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। नोडल अधिकारी श्रीवास्तव ने बताया कि हुए प्रदेश में प्रतिदिन करीब 2.20 लाख गैस सिलेंडर की डिलीवरी हर दिन की जा रही है, जो सामान्य दिनों के बराबर है।

### वर्षा एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के हित में त्वरित कार्रवाई की जाए

**भोपाल।** मप्र विस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विभिन्न जिलों में हाल ही में हुई असमय वर्षा, आंधी एवं ओलावृष्टि से किसानों को हुई व्यापक क्षति को गंभीरता से लेते हुए सीएम को पत्र लिखकर त्वरित कार्यवाही की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रदेश के भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, बड़वानी, बैतूल, रायसेन सहित अनेक जिलों में गेहूं, सरसों एवं चना की खड़ी तथा कटाई उपरांत तैयार फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। विशेष रूप से गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी समय पर प्रारंभ नहीं हो पाने के कारण किसानों की उपज लंबे समय तक खेतों एवं खलिहानों में पड़ी रही, जिससे वर्षा एवं ओलावृष्टि के चलते किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

### आतिशबाजी कर बांटी मिठाइयां, 14 जिलों में पार्टी कार्यालय भवनों का वर्चुअली किया भूमि-पूजन

# प्रदेश कार्यालय सहित बूथ स्तर तक उत्साह के साथ मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने फहराया भाजपा का ध्वज

- ▶▶ पार्टी के दिवंगत व वरिष्ठ नेताओं के परिवारों का किया सम्मान, आतिशबाजी कर बांटी मिठाई
- ▶▶ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने भाषण में किया धुरंधर और धुरंधर 2 का जिक्र



सीएम सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने फहराया भाजपा का ध्वज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय सहित पूरे प्रदेश में पार्टी का स्थापना दिवस बूथ स्तर तक उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण कर 14 जिलों में पार्टी कार्यालय भवनों का वर्चुअली भूमि-पूजन एवं 3 जिलों में कार्यारंभ कर संबोधित किया। इस दौरान पार्टी के पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री माखन सिंह चौहान का सम्मान किया। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के परिवारजनों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, मंत्री प्रतिमा बागरी, प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पूजन करते मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता।

### महेंद्र दवे के नेतृत्व में 6 नंबर पर आतिशबाजी और मिठाई वितरित



आतिशबाजी करते भाजपा कार्यकर्ता।

*राष्ट्र निर्माण, सुशासन और जनसेवा के महान संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ते विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस परभरी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने महेंद्र दवे नेतृत्व में 6 नंबर बस स्टॉप पर भव्य आतिशबाजी की और मिठाई का वितरण किया, तथा सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, कर्मठ पदाधिकारियों एवं सम्मानित समर्थकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा, डॉ. योगेंद्र मुखिया, पार्षद मनोज राठौर, शरद पंडित, अश्विनी राय, अमित सिंह, राहुल पचौरी, विनोद पंडित, उमाशंकर तिवारी विकास शर्मा, हरीश शर्मा, अंकित शर्मा्र प्रकाश मोटवानी, आनंद पाराशर, राजेश हिरवे आदि उपस्थित रहे।*

### स्थापना दिवस उत्साह एवं उमंग का खास अवसर

#### पार्टी कार्यालय हम सभी के लिए मंदिर और हमारे कार्य का आधार : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पार्टी कार्यालय हम सभी के लिए मंदिर और हमारे कार्य का आधार है। भाजपा का स्थापना दिवस बहुत ही उत्साह और उमंग वाला दिन है। पार्टी कार्यालय हम सभी के लिए मंदिर और हमारे कार्य का आधार होते हैं। आज हम सभी के लिए बहुत बड़ा दिन है कि एक साथ चौदह जिला कार्यालयों का भूमिपूजन और तीन जिला कार्यालयों पर कार्यरंभ हुआ है। एक साथ इतने जिलों में ऐसा कार्य करके प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कमाल कर दिया है, इसके लिए मैं उन्हें बहुत-बहुत बधाइयां एवं शुभकामनाएं देता हूं। हमारे बीच में से जो प्रमुख कार्यकर्ता जिन्हें अपना पूरा जीवन पार्टी को दिया वह हमारे बीच में आज नहीं है, आज उनके परिवार के सदस्यों का सम्मान करते हुए मुझे अत्यंत खुशी का अनुभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत तीसरा देश बन गया है, जो अपने दुश्मनों को उनके देश में घुसकर मारता है। प्रधानमंत्री मोदी के माध्यम से धुरंधर 2 का समय चल रहा है, लेकिन हमें धुरंधर 1 का समय भी याद आता है।

### यही दृढ़ता हमारा निश्चय

#### भाजपा सत्ता नहीं, विचार और विश्वास की यात्रा है: हेमंत खण्डेलवाल

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता की पार्टी नहीं है, बल्कि विचार और विश्वास की यात्रा का एक संगठन है। सन 1985 में एक वक्त ऐसा आया कि जब हम सिर्फ दो सीट पर थे, लेकिन हमने जो वर्ष 1952 में सोचा था कि जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटेगी, अयोध्या में श्री राम मंदिर बनेगा, तीन तलाक पर कानून बनेगा। इन बातों से हमारी पार्टी कभी पीछे नहीं हटी, यही दृढ़ता हमारा निश्चय है।

### अद्भुत मिसाल

#### 47 वर्षों की विकास यात्रा आज प्रेरणादायी बन गई : अजय

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सफर वर्ष 1980 से शुरू हुआ और वर्ष 2026 के बीच जो विकास की यात्रा हम लोगों ने आगे बढ़ाई आज वह देश-दुनिया के लिए एक प्रेरणादायी बन गई है। हमारे सामने पांच बड़ी चुनौतियां पंच परिवर्तन के नाते हमारे सामने हैं।

### अनंत अंबानी की केरल में बड़ी पहल

# मंदिरों और हाथी कल्याण के लिए 18 करोड़ का दान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी ने केरल के दो प्रमुख धार्मिक स्थलों राजराजेश्वरम मंदिर और गुरुवायूर मंदिर की यात्रा के दौरान मंदिर संरक्षण और पशु कल्याण से जुड़ी कई पहलों की घोषणा की। उन्होंने दोनों मंदिरों को कुल 6 करोड़ का दान दिया और राजराजेश्वरम मंदिर के व्यापक जीर्णोद्धार के लिए 12 करोड़ देने की प्रतिबद्धता जताई। अनंत अंबानी ने उत्तर केरल के कन्नूर जिले के तलिपरंबा शहर में स्थित प्राचीन राजराजेश्वरम मंदिर को 3 करोड़ का दान दिया। मंदिर के व्यापक जीर्णोद्धार के लिए वे अतिरिक्त 12 करोड़ दान देंगे। इस योजना में मंदिर के ऐतिहासिक ईस्ट गोपुरम का पुनर्निर्माण भी शामिल है। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे और पार्किंग व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। अनंत अंबानी ने मध्य केरल के त्रिशूर में स्थित प्रसिद्ध गुरुवायूर मंदिर में दर्शन किए और मंदिर ट्रस्ट को 3 करोड़ का दान दिया। उन्होंने मंदिर परंपराओं से जुड़े हाथियों के कल्याण के लिए अस्पताल,



बिना जंजीर वाले आश्रय और आधुनिक देखभाल सुविधाएं विकसित करने की पहल को भी समर्थन देने की बात कही।इन पहलों में हाथियों के लिए समर्पित अस्पताल, बिना जंजीर वाले आश्रय और आधुनिक देखभाल सुविधाएं विकसित करने की योजना शामिल है, ताकि पारंपरिक व्यवस्था के साथ-साथ पशुओं की मानवीय और वैज्ञानिक देखभाल सुनिश्चित की जा सके। यह पहल अनंत अंबानी की वन्यजीव संरक्षण परियोजना 'वनतारा' से जुड़े उनके व्यापक प्रयासों का हिस्सा मानी जा रही है।मौके पर मंदिर प्रशासन ने पारंपरिक सम्मान के साथ उनका स्वागत किया।

# गलत नैरेटिव बनाते हैं विपक्षी दल, हमें तथ्यों के साथ सही बात जनता तक पहुंचाना होगी : डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आप सभी प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट और मीडिया विभाग के सदस्यगण कार्यकर्ता भाव से पार्टी संगठन और सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाएं। विपक्षी दल असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए गलत नैरेटिव बनाते है। हमें तथ्यों के साथ पार्टी संगठन और सरकार का पक्ष मीडिया में रखना है और जनता तक सरकार व संगठन के कार्यों और उपलब्धियों को पहुंचाना है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया विभाग की बैठक को संबोधितक करते हुए कही।

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संगठन के कार्यों को भगवान का कार्य मानकर पूरी निष्ठा के साथ दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के अवतार को लेकर देवर्षि नारद का कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि देवर्षि नारद ने कहा था कि मैं भगवान का कार्य कर रहा हूं। इसी तरह मीडिया विभाग के आप सभी कार्यकर्तागण पार्टी संगठन के कार्यों को भगवान का कार्य मानकर करें।




### भाजपा संगठन और सरकार की छवि निखारने की जिम्मेदारी आप परः प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि आप सभी पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता हैं। मीडिया विभाग में नए दायित्व संभालने वाले आप सभी कार्यकर्ता पहले भी पार्टी में किसी न किसी दायित्व में रहे हैं। अब आप सभी जिस दायित्व में हैं, वह पार्टी का चेहरा है। आप जो भी बात कहेंगे, वह पार्टी का अधिकृत बयान माना जाएगा। आप सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन और सरकार की छवि निखाने की जिम्मेदारी है। संगठन सर्वोपरि के सिद्धांत पर कार्य करते हुए पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए नवीन दायित्व का निर्वहन करें। आप सभी को सक्रिय भूमिका के साथ संगठन व सरकार के कार्यों, उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के साथ विपक्ष के भ्रामक आरोपों का भी तथ्यात्मक रूप से जवाब देना है।

#### दायित्व एक पद नहीं, विश्वास, जिम्मेदारी और सेवा का प्रतीक हैः प्रदेश मीडिया प्रभारी अग्रवाल

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में दायित्व केवल एक पद नहीं, बल्कि यह विश्वास, जिम्मेदारी और सेवा का प्रतीक है। हम सिर्फ सूचना संप्रेषणकर्ता नहीं, बल्कि नैरेटिव के निर्माता हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के मार्गदर्शन हमें न केवल उच्चतम मानकों तक पहुंचने की प्रेरणा प्रदान करता है, बल्कि संगठन के कार्यों को सशक्त और प्रभावी बनाने के लिए एक ठोस दृष्टिकोण भी देता है। हमें उनके मार्गदर्शन में संगठन के कार्यों को और तेज, संगठित और रणनीतिक रूप से प्रस्तुत करना है।



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण जानकारी

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि-2026

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

**05101/05102 गोरखपुर-नई दिल्ली-गोरखपुर विशेष (साप्ताहिक)** — 26 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05101 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05102 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:00 | गोरखपुर | 01:00 | --- |
| 04:20 | 04:30 | मुरादाबाद | 12:50 | 13:00 |
| 07:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 09:45 |

**चलने के दिन:** **05101 गोरखपुर से** दिनांक 11.04.2026 से 11.07.2026 तक (शनिवार) 23.05.2026 को छोड़कर और **05102 नई दिल्ली** से दिनांक 12.04.2026 से 12.07.2026 तक (रविवार) 24.05.2026 को छोड़कर।
**स्थान:** 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** आनंद नगर, सिद्धार्थ नगर, बढ़नी, तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली और गाजियाबाद स्टेशन।

**05193/05194 छपरा-पठानकोट-छपरा विशेष (साप्ताहिक)** — 30 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05193 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05194 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | छपरा | 09:15 | --- |
| 22:15 | --- | पठानकोट | --- | 00:30 |

**चलने के दिन:** **05193 छपरा से** दिनांक 06.04.2026 से 13.07.2026 तक (सोमवार) को और **05194 पठानकोट** से दिनांक 08.04.2026 से 15.07.2026 तक (बुधवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** छपरा कचहरी, दिघवा दुबौली, थावे जं., तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर, बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट, लुधियाना और जलंधर कैंट स्टेशन।

**07621/07622 नांदेड-हज़रत निज़ामुद्दीन-नांदेड विशेष (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07621 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 07622 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:45 | नांदेड | 00:35 | --- |
| 14:00 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन | --- | 21:40 |

**चलने के दिन:** **07621 नांदेड से** दिनांक 11.04.2026 से 30.05.2026 तक (शनिवार) को और **07622 हज़रत निज़ामुद्दीन** से दिनांक 12.04.2026 से 31.05.2026 तक (रविवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** पूर्णा जं., परभणी जं., सेलु, परतूर, जालना, औरंगाबाद, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**05017/05018 मऊ जं.-वलसाड-मऊ जं. विशेष (साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05017 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05018 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:00 | मऊ जं. | 22:45 | --- |
| 08:20 | 08:30 | वाराणसी जं. | 20:30 | 20:40 |
| 12:35 | --- | वलसाड | --- | 15:10 |

**चलने के दिन:** **05017 मऊ जं. से** दिनांक 11.04.2026 से 09.05.2026 तक (शनिवार) को और **05018 वलसाड** से दिनांक 12.04.2026 से 10.05.2026 तक (शनिवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** औंड़िहार जं., ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज जं., कानपुर सेंट्रल, टूण्डला जं., ईदगाह आगरा जं., बयाना जं., गंगापुर सिटी, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं. और सूरत स्टेशन।

**04624/04623 अमृतसर-कोलकाता-अमृतसर अनारक्षित विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04624 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04623 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:10 | अमृतसर | 00:40 | --- |
| 15:00 | --- | कोलकाता | --- | 05:00 |

**चलने के दिन:** **04624 अमृतसर से** दिनांक 13.04.2026 से 29.06.2026 तक (सोमवार) को और **04623 कोलकाता** से दिनांक 16.04.2026 से 02.07.2026 तक (बृहस्पतिवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** ब्यास, जलंधर सिटी, फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान जं. बैण्डेल जं. और नैहाटी जं. स्टेशन।

**01073/01074 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)-बनारस-लोकमान्य तिलक(टर्मि.) विशेष (सप्ताह में 2 दिन)** — 42 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01073 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01074 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 12:15 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 16:40 | --- |
| 22:45 | 22:50 | वाराणसी | 05:45 | 05:50 |
| 23:30 | --- | बनारस | --- | 05:30 |

**चलने के दिन:** **01073 लोकमान्य तिलक(टर्मि.) से** दिनांक 06.05.2026 से 15.07.2026 तक (बुधवार, वृहस्पतिवार) को और **01074 बनारस** से दिनांक 08.05.2026 से 17.07.2026 तक (शुक्रवार, शनिवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगाँव जं., भुसावल जं., खंडवा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, रानी लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी, फतेहपुर और सूबेदारगंज स्टेशन।

**01431/01432 पुणे-गाजीपुर सिटी-हडपसर विशेष (सप्ताह में 2 दिन)** — 44 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01431 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01432 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:40 | पुणे | --- | --- |
| --- | --- | हडपसर | 16:20 | --- |
| 15:30 | 15:40 | वाराणसी | 08:20 | 08:30 |
| 19:05 | --- | गाजीपुर सिटी | --- | 04:20 |

**चलने के दिन:** **01431 पुणे से** दिनांक 01.05.2026 से 14.07.2026 तक (शुक्रवार, मंगलवार) को और **01432 गाजीपुर सिटी** से दिनांक 03.05.2026 से 16.07.2026 तक (रविवार, बृहस्पतिवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** दौंड कॉर्ड लाईन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, जौनपुर जं. और औंड़िहार जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1159/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# मणिपुर हिंसा के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी

पूर्वोत्तर का संवेदनशील राज्य मणिपुर लगभग तीन वर्षों से जिस हिंसा की आग में सुलग रहा है, वह अब केवल कानून-व्यवस्था का मसला नहीं रह गया, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। कुकी समुदाय और मैतेई समुदाय के बीच अविश्वास और वैमनस्य इस हद तक बढ़ चुका है कि सामान्य नागरिक, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, हिंसा का सबसे आसान निशाना बनते जा रहे हैं। इन हालातों ने राज्य को अस्थिरता के भंवर में धकेल दिया है। विभिन्न जातियों के संगठन अपने हितों के लिए हिंसा को समर्थन दे रहे हैं। इसके कारण राज्य के सभी विकास कार्य ठप होकर रह गए हैं। हिंसा के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। चूंकि हाल ही में एक अमेरिकी और 6 यूक्रेनी नागरिकों का पकड़ा जाना इस बात का प्रमाण है कि ऐसी ताकतें भी राज्य में अस्थिरता फैला रही हैं। इसके साथ ही मादक पदार्थों का अवैध व्यापार भी हिंसा की आग में घी का काम करता है। मादक पदार्थों से मिलने वाली आय से ऐसी घटनाओं को बल मिलता है। मंगलवार को दो मासूम बच्चों को निशाना बनाकर हत्या करना दर्शाता है कि हिंसा फैलाने वाले नहीं चाहते कि राज्य में अमन-चैन रहे। बिष्णुपुर जिले के मोइरांग इलाके में घर के भीतर सो रहे मासूम बच्चों पर बम फेंककर उनकी हत्या कर देना किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है। पांच साल के एक बच्चे और छह महीने की नवजात की मौत केवल एक घटना नहीं, बल्कि यह इस बात का भयावह संकेत है कि हिंसा अब अपनी सारी सीमाएं लांघ चुकी है। बच्चों पर हमला उस स्थान पर किया गया है, जहां 2023 में जातीय हिंसा भड़की थी। यह साफ है कि यह हिंसा साजिशन है, क्योंकि ये बच्चे किसी भी हिंसा में शामिल नहीं थे और न ही इनका किसी से कुछ लेना-देना था। घटना के बाद जिस प्रकार विरोध प्रदर्शन हिंसक हो उठे, वाहनों को जलाना, पुलिस चौकियों पर हमला करना और यहां तक कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंप पर हमला करना वह स्थिति की गंभीरता को और बढ़ाता है। जवाबी फायरिंग में जान गंवाने वाले लोग इस बात के गवाह हैं कि हिंसा की आग अब नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इस निरंतर हिंसा ने राज्य के विकास को पूरी तरह ठप कर दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग हर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। हजारों लोग विस्थापित होकर राहत शिविरों में जीवन बिताने को मजबूर हैं। बच्चों की पढ़ाई छूट रही है और एक पूरी पीढ़ी असुरक्षा और भय के साये में पल रही है। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अस्वीकार्य है। सरकार के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक रणनीति अपनाए। जिस तरह देश ने नक्सलवाद पर सख्ती और समन्वित प्रयासों के जरिए काफी हद तक नियंत्रण पाया, उसी तरह मणिपुर में भी व्यापक और बहुस्तरीय कार्रवाई की जरूरत है। हिंसा में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें कठोरतम सजा दी जानी चाहिए, चाहे वे किसी भी समुदाय या संगठन से जुड़े हों। साथ ही, केवल सैन्य या पुलिस कार्रवाई से समाधान संभव नहीं है। दोनों समुदायों के बीच संवाद बहाल करना, विश्वास निर्माण के उपाय करना और सामाजिक सौहार्द को पुनर्स्थापित करना उतना ही जरूरी है। स्थानीय नेतृत्व, नागरिक संगठनों और केंद्र सरकार को मिलकर एक साझा मंच तैयार करना होगा, जहां समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान खोजा जा सके।

## मंथन

विवेक शुक्ला



# सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे स्ट्रा

हम सब अपने पसंदीदा पेय ठंडी कॉफी, ताज़ा नींबू पानी या कोक को पीने के लिए स्ट्रॉ का इस्तेमाल बिना एक पल सोचे कर लेते हैं। ये हमें सुविधाजनक, साफ़-सुथरा और सुरक्षित लगता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह छोटा-सा प्लास्टिक या पेपर स्ट्रॉ हमारी सेहत और पर्यावरण दोनों को चुपचाप नुकसान पहुंचा रहा है? इन छोटे से स्ट्रॉ का केवल कुछ मिनटों के लिए इस्तेमाल होता है, इसलिए इनसे होने वाले नुकसान की कोई चर्चा ही नहीं हो पाती है। दुनिया भर में हर दिन इस्तेमाल किए जाने वाले स्ट्रा समुद्र तट और महासागर की सफाई के दौरान सबसे आम कचरे में से एक होते हैं। अपने छोटे और हल्के आकार के कारण स्ट्रॉ की शायद ही कभी रीसाइक्लिंग होती हो। ये नदियों, समुद्रों और कचरा स्थलों (लैंडफिल) में पहुंच जाते हैं, जहां ये सैकड़ों साल तक बने रह सकते हैं। राजधानी के पर्यावरणविद और उद्यमी गुरसेव चावला कहते हैं, "भारत में हमारी बड़ी आबादी और बढ़ती कैफ़े कल्चर के कारण स्ट्रॉ का उपयोग तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे समस्या और गंभीर हो रही है।" कुछ साल पहले, दुनिया के कई हिस्सों में प्लास्टिक स्ट्रॉ पर प्रतिबंध लगना शुरू हुआ, जिसका लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद पेपर और मकई से बने प्लास्टिक के स्ट्रॉ बाज़ार में आए और उन्हें "पर्यावरण के अनुकूल" विकल्प के रूप में देखा गया, लेकिन लोगों की धारणा और वास्तविकता के बीच अंतर है। प्रख्यात चिकित्सक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं, "कई पेपर स्ट्रॉ में रसायन होते हैं, जिन्हें 'फॉरएवर केमिकल्स' भी कहा जाता है। ये आसानी से नष्ट नहीं होते और लंबे समय तक पर्यावरण और हमारे शरीर में बने रह सकते हैं। इन्हें नष्ट करने के लिए विशेष औद्योगिक परिस्थितियों की जरूरत होती है, जो भारत के अधिकांश शहरों में उपलब्ध नहीं हैं।" प्लास्टिक स्ट्रॉ सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली एकल-उपयोग (सिंगल-यूज़) वस्तुओं में से एक हैं। जब ये गर्मी, धूप या नींबू पानी जैसे अम्लीय पेय के संपर्क में आते हैं, तो ये माइक्रोप्लास्टिक नामक छोटे कण छोड़ जाते हैं। माइक्रोप्लास्टिक बहुत छोटे प्लास्टिक कण होते हैं, जो हमारे भोजन और पेय के माध्यम से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। प्लास्टिक में ऐसे रसायन भी होते हैं जो हमारे हार्मोन को प्रभावित कर सकते हैं और समय के साथ हमारी सेहत को तबाह करने लगते हैं। एक स्ट्रॉ भले ही नुकसानदेह न लगे, लेकिन इसके नियमित इस्तेमाल से इसका प्रभाव बढ़ता जाता है और यह एक गंभीर चिंता का कारण बन सकता है। यह दिखाता है कि केवल प्लास्टिक को किसी अन्य सामग्री से बदलना पर्याप्त नहीं है-विकल्प वास्तव में सुरक्षित और टिकाऊ होना चाहिए। यहीं पर गन्ने के बगैस से बने स्ट्रॉ एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आते हैं। बगैस का हिंदी अर्थ खोई है, जो गन्ना या ज्वार का रस निकालने के बाद बचा हुआ सूखा, रेशेदार अवशेष होता है। यह मुख्य रूप से चीनी मिलों में ईंधन, बिजली उत्पादन, कागज़, लुगदी और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग सामग्री (डिस्पोजेबल प्लेट, कप) बनाने के लिए एक नवीकरणीय स्त्रोत के रूप में उपयोग किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह भारत में आसानी से उपलब्ध है। आप इसे देश के बड़े चीनी उद्योग का उप-उत्पाद कह सकते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि बगास से बने स्ट्रॉ के कई फायदे हैं। जैसा कि ये पूरी तरह प्लास्टिक-मुक्त और गैर-विषैले होते हैं, इनमें हानिकारक रसायन नहीं होते और ये प्राकृतिक रूप से नष्ट हो जाते हैं और घर पर भी गल सकते हैं। ये कृषि अपशिष्ट से बनाए जाते हैं, जिससे बेकार चीज़ उपयोगी बन जाती है। ये रोज़मर्रा के उपयोग के लिए पर्याप्त मज़बूत होते हैं और पेय में कोई हानिकारक पदार्थ नहीं छोड़ते। सबसे अच्छी बात ये यह है कि बगास आधारित उत्पादों का उत्पादन पहले से ही बढ़ रहा है। पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों की बढ़ती मांग और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर सख्त नियमों के कारण कई व्यवसाय अब ऐसे विकल्प अपनाने लगे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज के उपभोक्ता अधिक जागरूक हो रहे हैं। वे उन ब्रांड्स को पसंद करते हैं जो वास्तव में पर्यावरण की परवाह करते हैं। व्यवसायों के लिए सुरक्षित विकल्प अपनाने से विश्वास और ब्रांड छवि दोनों में सुधार हो सकता है। सरकारी नीतियां भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। केवल प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना पर्याप्त नहीं है। यह स्पष्ट होना चाहिए कि "सुरक्षित" और "कम्पोस्टेबल" किसे कहा जाए। भ्रामक दावों पर नियंत्रण होना चाहिए और कृषि अपशिष्ट का उपयोग करने वाले उद्योगों को समर्थन मिलना चाहिए। अब समय है कि हम सुविधा से आगे बढ़कर जागरूक विकल्प चुनें-एक-एक घूंट के साथ।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



प्रतिनिधित्व
ममता कुशवाहा

# लोकतंत्र में आधी आबादी की हिस्सेदारी

भारत, जिसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, ने स्वतंत्रता के बाद राजनीतिक भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जब बात संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी की आती है, तो यह प्रगति असमान और कई बार निराशाजनक रूप से धीमी दिखाई देती है। जबकि महिलाएं देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, फिर भी उनकी उपस्थिति राजनीतिक संस्थाओं में अत्यंत कम है। ऐसे में महिलाओं के लिए आरक्षण की लंबे समय से चली आ रही मांग केवल एक राजनीतिक सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक आवश्यकता बन जाती है। साल 2023 में महिला आरक्षण अधिनियम का पारित होना भारत के संवैधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

किसी भी जीवंत लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व केवल संख्या का खेल नहीं होता, बल्कि यह न्याय, समानता और समाज की सामूहिक आवाज़ का प्रतिबिंब होता है। भारत, जिसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, ने स्वतंत्रता के बाद राजनीतिक भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जब बात संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी की आती है, तो यह प्रगति असमान और कई बार निराशाजनक रूप से धीमी दिखाई देती है। जबकि महिलाएं देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, फिर भी उनकी उपस्थिति राजनीतिक संस्थाओं में अत्यंत कम है। ऐसे में महिलाओं के लिए आरक्षण की लंबे समय से चली आ रही मांग केवल एक राजनीतिक सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक आवश्यकता बन जाती है।

साल 2023 में महिला आरक्षण अधिनियम का पारित होना भारत के संवैधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस कानून के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। यह कदम दशकों से चली आ रही उस संरचनात्मक असमानता को स्वीकार करता है, जिसने महिलाओं को राजनीति में उचित स्थान नहीं मिलने दिया। हालांकि, असली चुनौती इस कानून को पारित करने में नहीं, बल्कि इसे समय पर और प्रभावी ढंग से लागू करने में है। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार, इस आरक्षण को अगली जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन से जोड़ा गया है, जो 2026 के बाद ही संभव है। इस शर्त के कारण यह आशंका पैदा होती है कि इस कानून का लाभ कई वर्षों तक टल सकता है। यहीं पर सबसे बड़ा प्रश्न खड़ा होता है कि आखिर महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व के लिए और कितने समय तक प्रतीक्षा करनी चाहिए? भारत ने अपनी लोकतांत्रिक यात्रा की शुरुआत में ही दूरदर्शिता दिखाते हुए महिलाओं को पुरुषों के समान मतदान का अधिकार दिया था। यह विश्व के सामने एक आदर्श उदाहरण था। लेकिन लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है; इसमें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान और उद्यमिता जैसे अनेक क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है, लेकिन राजनीति में उनकी कम भागीदारी यह दर्शाती है कि सामाजिक और संरचनात्मक बाधाएं अब भी मौजूद हैं। आंकड़े इस असमानता को और स्पष्ट करते हैं। वर्तमान में लोकसभा में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 14 प्रतिशत के आसपास है, जबकि कई राज्य विधानसभाओं में यह प्रतिशत इससे भी कम है। यह कमी महिलाओं की योग्यता या इच्छा की कमी के कारण नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक सोच, संसाधनों की सीमित उपलब्धता और पुरुष-प्रधान राजनीतिक ढांचे के कारण है। ऐसे में आरक्षण एक आवश्यक सुधार के रूप में सामने आता है, जो इस असंतुलन को दूर करने का प्रयास करता है। हालांकि, इस आरक्षण को लागू करने की प्रक्रिया कई तकनीकी और संवैधानिक जटिलताओं में उलझी हुई है, जिनमें सबसे प्रमुख है परिसीमन का मुद्दा। परिसीमन का अर्थ है जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण, ताकि प्रतिनिधित्व संतुलित



रहे। यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, लेकिन इसे महिला आरक्षण से जोड़ना एक अनावश्यक बाधा बन गया है। चूंकि परिसीमन एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है, जिसमें समय और राजनीतिक सहमति दोनों की आवश्यकता होती है, इसलिए इसके पूरा होने तक इंतजार करना महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण को टालने जैसा है। इस स्थिति से निकलने के लिए हमें प्रतिनिधित्व की अवधारणा को नए सिरे से समझने की आवश्यकता है। यदि आरक्षण को केवल भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्रों तक सीमित न रखा जाए, तो एक मिश्रित प्रणाली अपनाई जा सकती है, जिसमें प्रत्यक्ष चुनाव और अनुपातिक प्रतिनिधित्व दोनों का समावेश हो। इस व्यवस्था में अतिरिक्त सीटें बनाई जा सकती हैं और उन्हें राजनीतिक दलों को उनके वोट प्रतिशत के आधार पर आवंटित किया जा सकता है, इस शर्त के साथ कि इन सीटों पर महिलाएं ही उम्मीदवार हों।

यह तरीका न केवल परिसीमन की आवश्यकता को टाल सकता है, बल्कि अधिक न्यायसंगत प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित कर सकता है। महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटों का निर्माण एक व्यावहारिक और नवोन्मेषी विचार है। इससे संसद की कुल सीटों की संख्या बढ़ाकर महिलाओं को स्थान दिया जा सकता है, बिना वर्तमान सांसदों को हटाए।


इससे राजनीतिक विरोध की संभावना भी कम हो जाती है, क्योंकि मौजूदा सीटों पर कोई खतरा नहीं रहता। साथ ही, बढ़ती जनसंख्या और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार संसद के विस्तार की आवश्यकता भी पूरी होती है। नया संसद भवन, जिसे अधिक सदस्यों को समायोजित करने के लिए बनाया गया है, इस दिशा में एक उपयुक्त अवसर प्रदान करता है। इस व्यवस्था का एक और महत्वपूर्ण लाभ यह है कि यह जनता के जनादेश का सम्मान करता है। जब सीटों का आवंटन वोट प्रतिशत के आधार पर होगा, तो यह सुनिश्चित होगा कि प्रतिनिधित्व वास्तव में जनता की इच्छा को दर्शाता है। इससे राजनीतिक दलों को महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा मिलेगी और धीरे-धीरे राजनीतिक संस्कृति में समावेशिता बढ़ेगी। भारत जैसे विविध और विशाल देश में, जहां चुनौतियां भी जटिल हैं, वहां ऐसे नवाचारी उपाय आवश्यक हो जाते हैं। तकनीकी पहलुओं से आगे बढ़कर, हमें महिला आरक्षण के व्यापक प्रभाव को भी समझना चाहिए। जब अधिक महिलाएं संसद और विधानसभाओं में होंगी, तो नीति निर्माण में भी बदलाव आएगा। महिला आरक्षण को लागू करने में देरी अब किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराई जा सकती। प्रक्रिया संबंधी कारणों का हवाला देकर इसे टालना इस सुधार की भावना के साथ अन्याय होगा।

यह भी समझना जरूरी है कि आरक्षण अपने आप में अंतिम लक्ष्य नहीं है, बल्कि समानता की ओर बढ़ने का एक साधन है। जैसे-जैसे समाज में बदलाव आएगा और महिलाओं के सामने खड़ी बाधाएं कम होंगी, वैसे-वैसे इस तरह के उपायों की आवश्यकता भी कम हो सकती है। लेकिन वर्तमान समय में, जब असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, तब आरक्षण एक अनिवार्य उपाय बन जाता है। संसद में महिलाओं के आरक्षण की यात्रा भारत के लोकतंत्र की परिपक्वता की परीक्षा भी है और उसके भविष्य को दिशा देने का अवसर भी। इसे तेजी से लागू करने के लिए केवल प्रशासनिक दक्षता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी सोच और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है। यदि भारत इस दिशा में साहसिक कदम उठाता है, तो वह एक बार फिर विश्व के सामने एक आदर्श प्रस्तुत कर सकता है। अब सवाल यह नहीं है कि क्या हम यह कर सकते हैं, बल्कि यह है कि क्या हम इसे बिना और देर किए करने का साहस दिखाएंगे।

( लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## हम अपने भीतर अच्छा स्वास्थ्य कैसे लाएं?



संकलित
दर्शन

क्या आप सचमुच स्वस्थ हैं? स्वास्थ्य का अर्थ है, रोग-मुक्त शरीर, कंपन-मुक्त श्वास, तनाव-मुक्त मन, संकोच-मुक्त बुद्धि, आसक्ति-मुक्त स्मृति, समावेशी अहंकार और दुःख से मुक्त आत्मा। समग्र स्वास्थ्य के लिए व्यायाम, श्वास और ध्यान का अभ्यास आवश्यक है। श्वास ही जीवन है। हमारा जीवन हमारी श्वास में है। यदि कोई श्वास नहीं ले रहा, तो इसका अर्थ है- वहां जीवन नहीं है। ध्यान, प्राणायाम और योगिक अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य प्राण या जीवन ऊर्जा को बढ़ाना है। दरअसल प्राण भावनाओं से भी अधिक सूक्ष्म होता है। जब हम सूक्ष्म स्तर पर ध्यान देते हैं, तो स्थूल स्वतः ठीक हो जाता है। जब आप श्वास को संभालते हैं, तो शरीर स्वस्थ हो जाता है। यदि आपकी श्वास गरम, हिलती-डुलती, असमान या असहज है, तो यह रोग का संकेत है। श्वास का पैटर्न शरीर में उपस्थित विषाक्त तत्त्वों और संभावित रोगों की सूचना देता है। हमारी श्वास में अनेक रहस्य छिपे हैं। क्योंकि मन की हर भावना के साथ श्वास की एक विशेष लय जुड़ी होती है। हर लय शरीर के किसी विशेष भाग को प्रभावित करती है। जरा ध्यान से देखें। जब हम प्रसन्न होते हैं तो विस्तार का अनुभव होता है और जब दुखी होते हैं तो संकुचन का। हम इन अनुभूतियों को तो महसूस करते हैं, पर उनके बीच संबंध को नहीं पहचानते। इसलिए जब आप सीधे मन को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हों, तो श्वास के माध्यम से मन को नियंत्रित किया जा सकता है।

## जब मन हो अशांत, इष्टदेव का ध्यान करें



संकलित
प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया

भारत में शादी सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं बल्कि एक बड़ा सामाजिक आयोजन भी माना जाता है। यहां शादी में परिवार, रिश्तेदार, दोस्त और पूरा समाज शामिल होता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया है। आजकल कई शादियां इतनी भव्य और महंगी हो गई हैं कि उनमें करोड़ों रुपए तक खर्च किए जाते हैं। बड़े-बड़े होटल, महंगे कपड़े, विदेशी सजावट, मशहूर कलाकारों के कार्यक्रम और कई दिनों तक चलने वाले समारोह अब आम बात हो गए हैं। ऐसी शादियों का सबसे बड़ा प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। जब समाज में अमीर लोग बहुत महंगी शादियां करते हैं तो बाकी लोगों पर भी वैसी ही शादी करने का दबाव बनने लगता है। आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च बोझ बन जाता है।

*- सुरेश यादव, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# यूक्रेन ने युद्ध के बीच बचाए गए चमगादड़ों को छोड़ा



कड़ाके की ठंड के बाद यूक्रेन के लोग युद्ध प्रभावित इलाकों से बचाए गए चमगादड़ों को अब छोड़ रहे हैं। राजधानी कीव के बाहरी इलाके में स्थित एक नेचर पार्क में रात ढलते ही बच्चे स्वयंसेवकों के आसपास इकट्ठा हो जाते हैं, जो कपड़े के थैलों को सावधानीपूर्वक खोलकर चमगादड़ों को अंधेरे आसमान में उड़ने के लिए छोड़ते हैं। प्रत्येक चमगादड़ के हवा में उड़ान भरने पर वहां मौजूद 1,000 से अधिक लोग तालियां बजाकर उसका स्वागत करते हैं। देश के पूर्वी हिस्सों के युद्धग्रस्त क्षेत्रों से बचाए गए सैकड़ों चमगादड़ों को शनिवार देर रात यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में आयोजित कार्यक्रमों के तहत छोड़ा गया, जो वसंत ऋतु के आगमन के साथ आयोजित किए गए थे। 'यूक्रेनियन बैट रिहैबिलिटेशन सेंटर' की स्वयंसेवक अनास्तासिया वोल्क ने कहा कि यह कार्यक्रम संगठन के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ये जीव संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल हैं और उनका संरक्षण बेहद जरूरी है। यूक्रेन में चमगादड़ों की सभी 28 प्रजातियों को इनकी घटती संख्या के कारण संरक्षित जीवों की सूची में रखा गया है। कई लोगों के लिए यह कार्यक्रम कड़ी सर्दियों के बाद राहत का अवसर था। सर्दियों में शून्य से नीचे तापमान, रूस के ड्रोन और मिसाइल हमले तथा बिजली कटौती जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा था।

## ऑफ बीट

# हमारी दृष्टि एक-आंख वाले पूर्वज कीड़े से हुई विकसित



काफी समय से माना जाता रहा है कि इंसानों और अन्य कशेरुकी जीवों की आंखें, अकशेरुकी जीवों की आंखों से बुनियादी रूप से अलग होती हैं, क्योंकि उनकी कोशिकाओं की संरचना और जन्म से पहले उनके विकसित होने का तरीका अलग होता है। हमारे अध्ययन से संकेत मिलता है कि हमारी आंखों की जड़ें एक ऐसे कीड़े जैसे पूर्वज से जुड़ी हैं, जो करीब 60 करोड़ साल पहले समुद्रों में विचरण करता था। हमने पाया कि ज्यादातर जीवों में आंखें और रोशनी महसूस करने वाली कोशिकाएं दो जगहों पर होती हैं- एक चेहरे के दोनों तरफ (जोड़ी में) और दूसरी सिर के बीच में, मस्तिष्क के ऊपर। हमने जिन जीवों का अध्ययन किया, उनमें चेहरे के दोनों तरफ मौजूद ये कोशिकाएं शरीर की गतिविधियों को दिशा देने में मदद करती हैं, जबकि बीच में मौजूद कोशिकाएं दिन और रात के फर्क के साथ-साथ ऊपर-नीचे की पहचान करने में सहायक होती हैं। हमारे निष्कर्ष के मुताबिक, सभी कशेरुकी जीवों के कीड़े जैसे पूर्वज ने करीब 60 करोड़ साल पहले जब समुद्र की तलहटी में बिल बनाकर स्थिर जीवन जीना शुरू किया, तो उसने दिशा नियंत्रित करने वाली अपनी जोड़ी आंखें खो दीं। दरअसल, जब यह जीव एक जगह रहकर पानी से बीन-बीनकर भोजन हासिल करने लगा, तो उसे चलने-फिरने की जरूरत नहीं रही।

## ट्रेंड

### पाक के टुकड़े होंगे



पाकिस्तान एक बार खामियाजा भुगत चुका है। आज से 55 वर्ष पहले पाकिस्तान दो टुकड़ों में खण्ड-खण्ड हो गया था। अगर उन्होंने हमारे बंगाल की तरफ नजर उठाकर देखने की कोशिश की तो कितने टुकड़े होंगे, यह ऊपर वाला ही जानता है।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### तकनीकी उत्कृष्टता



भारत परमाणु शक्ति के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर हमारी तकनीकी उत्कृष्टता और राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। अपने विशाल थोरियम भंडार का उपयोग करके, भारत ऊर्जा क्षेत्र में वर्चस्व और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है।

**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र


### स्वास्थ्य सेवा प्रणाली



नर्सें हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की आधारशिला हैं। उनका समर्पण, निस्वार्थ भाव और सहानुभूति ही परिवारों को अपने प्रियजनों को उनकी देखभाल में सौंपने का सुरक्षित एहसास दिलाती है।

**- राहुल गांधी, सांसद, सपा**

### शिक्षामित्रों का हक़



भाजपा सरकार ने 9 साल शिक्षामित्रों का हक़ मारा और अब बढ़ाया भी तो भी सपा सरकार से 22 हज़ार कम है। अब जब भाजपा सरकार का परमानेन्ट रिटायरमेंट होने वाला है तब ये शिक्षामित्रों के प्रति सहानुभूति दिखा रहे हैं।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पश्चिम बंगाल में कांग्रेस का चुनावी बिगुल, 'राहत, सुधार और भविष्य' पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए अपना विस्तृत घोषणापत्र जारी किया है। पार्टी ने दावा किया है कि उसका घोषणापत्र राज्य की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने, रोजगार बढ़ाने और आम लोगों को सीधी राहत देने पर केंद्रित है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस 'राहत, सुधार और भविष्य' के एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य पश्चिम बंगाल की जनता को एक मजबूत और भरोसेमंद विकल्प देना है। घोषणापत्र में महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपए की आर्थिक सहायता, किसानों को 15,000 रुपए वार्षिक मदद और प्रत्येक नागरिक को 10 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया गया है। इसके अलावा, सभी सरकारी रिक्त पदों को जल्द भरने, हर जिले में एआई सेंटर स्थापित करने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की बात कही गई है।

महिला सशक्तिकरण के तहत पोस्ट ग्रेजुएशन तक मुफ्त शिक्षा, फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना और आर्थिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया है। वहीं किसानों के लिए मुफ्त बिजली और बेहतर खरीद प्रणाली सुनिश्चित करने का वादा किया गया है।कांग्रेस ने कानून व्यवस्था को लेकर भी कई घोषणाएं की हैं। पार्टी का कहना है कि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, पुलिस को स्वतंत्र बनाया जाएगा और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किए जाएंगे। इस दौरान कांग्रेस ने राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि 15 वर्षों के शासन के बावजूद राज्य में अपेक्षित विकास नहीं हो सका और भ्रष्टाचार बढ़ा है। वहीं भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया गया कि उसके पास रोजगार और औद्योगिक विकास को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है और वह केवल ध्रुवीकरण की राजनीति करती है।

पार्टी ने कहा कि एक समय कोलकाता औद्योगिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र था, लेकिन वर्तमान में युवाओं को रोजगार के लिए अन्य राज्यों का रुख करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने औद्योगिक कॉरिडोर विकसित करने और राज्य में निवेश बढ़ाने का वादा किया है। कांग्रेस ने जनता के सामने तीन विकल्प रखते हुए कहा कि एक ओर वर्तमान शासन है, दूसरी ओर ध्रुवीकरण की राजनीति, जबकि तीसरा विकल्प कांग्रेस का 'वेलफेयर, जॉब्स और सिस्टम रिफॉर्म' मॉडल है। पार्टी ने दावा किया कि कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में दी गई गारंटियों को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। कांग्रेस का कहना है कि उसका घोषणापत्र पश्चिम बंगाल की मौजूदा चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करता है और अब अंतिम निर्णय राज्य की जनता को लेना है। लंबे समय के बाद पश्चिम बंगाल में कांग्रेस पार्टी अकेले अपने दम पर तब चुनावी मैदान में है जब संगठन के तौर पर कांग्रेस जमीन से लगभग गायब है। यही वजह है कि राजनीतिक प्रेक्षक कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने की रणनीति को एक सियासी रस्म अदायगी से ज्यादा मानने को तैयार नहीं।

## घोषणापत्र 10 साल का एलडीएफ शासन 'विफल अवसरों की कहानी': प्रियंका



केरलम विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि केरलम में पिछले दस वर्षों का एलडीएफ शासन 'विफल अवसरों की कहानी' रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य पर भारी कर्ज, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है, जबकि वायनाड की समस्याओं के समाधान में केंद्र और राज्य सरकार, दोनों का सहयोग नहीं मिल रहा है। कलपेट्टा में आयोजित एक जनसभा में वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि जनप्रतिनिधि के तौर पर वह जनता की समस्याओं को हल करने की कोशिश करती हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी निराशा यह है कि जनहित के कार्यों में न तो राज्य की एलडीएफ सरकार सहयोग कर रही है और न ही केंद्र की मोदी सरकार। इसके कारण जनता की समस्याओं का समाधान करना अत्यंत कठिन हो गया है।

भाजपा-एलडीएफ के बीच अंदरूनी समझौते का जिक्र करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि जब विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाते हैं, तो उन पर केस दर्ज किए जाते हैं और छापेमारी होती है। लेकिन इतने भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद केरलम के मुख्यमंत्री के खिलाफ केंद्र सरकार की किसी भी एजेंसी ने कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने कहा कि सीपीएम के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार जनता के बजाय कॉरपोरेट हितों के लिए काम कर रही है। कांग्रेस महासचिव ने स्थानीय समस्याओं को उठाते हुए राज्य सरकार की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाए। जानवरों के बढ़ते हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि लोग अपनी जान गंवा रहे हैं और फसल बर्बाद होने के कारण किसान तबाह हो रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मानव-पशु संघर्ष को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने समस्या को सुलझाने के लिए यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के समाधानों को सामने रखा। उन्होंने बताया कि यूडीएफ चाहती है कि मुआवजे में 50 प्रतिशत की वृद्धि हो और फसल बीमा मिले। यूडीएफ की प्राथमिकताओं में दीर्घकालिक समाधान के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन करना भी है। जल्द चेतावनी देने वाली तकनीक के उपयोग के साथ सीएसआर फंडिंग बढ़ाने की कोशिश की भी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट की सरकार होने पर यह कार्य तेजी से करने में मदद मिलेगी।

प्रियंका ने चूरलमाला-मुंडक्कई भूस्खलन त्रासदी का उल्लेख करते हुए आगे कहा कि प्रभावितों के पुनर्वास के लिए जमीन हासिल करने और कागजी कार्रवाई के दौरान उन्हें हर कदम पर मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अंततः जब सरकार टाउनशिप का उद्घाटन करने के लिए तैयार हुई, तो उन्हें अनुमति मिली और फिर कांग्रेस उद्घाटन कर पाई। स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली पर चिंता व्यक्त करते हुए कांग्रेस महासचिव कहा कि मेडिकल कॉलेज की कमी के कारण हाल ही में बाघ और हाथी के हमलों में घायल लोगों की रास्ते में ही मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने केंद्र सरकार को कई बार पत्र लिखा है और जल्द ही एक क्रिटिकल केयर सेंटर शुरू करने का आश्वासन मिला है। सड़क और बुनियादी ढांचे को लेकर कांग्रेस महासचिव ने कहा कि उन्होंने पूझीथोड-पडिंजाराथारा सड़क का दौरा किया और स्थिति देखने के बाद राज्य सरकार को पत्र लिखा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसी के साथ उन्होंने बताया कि हाल ही में चुराम बाईपास परियोजना को लेकर उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर काम में तेजी लाने की मांग की। भाषण के अंत में उन्होंने जनता से यूडीएफ उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया और कई चुनावी वादे भी गिनाए। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस वायनाड में एक वर्ल्ड क्लास ट्राइबल यूनिवर्सिटी खोलना चाहती है।

### खरगे ने असम सीएम को बताया सबसे भ्रष्ट
## असम चुनाव में 72-73 सीटें जीतने का दावा



खरगे ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा को भारत का सबसे भ्रष्ट नेता बताया। उन्होंने हिमंता पर लगे आरोपों पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से जवाब मांगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने हिमंता बिस्वा सरमा पर निशाना साधा और कहा कि भारत में कोई भी मुख्यमंत्री उनके जैसा अहंकारी नहीं है। सरमा केवल अपने परिवार के विकास के लिए काम कर रहे हैं। वे चाय, स्कूल, कोयला, अंडा, भूमि सुपारी, हर चीज में सिंडिकेट चला रहे हैं। 73 सीटें जीतने का दावा किया।

### सीएम ममता का सवाल
## पाकिस्तान की धमकी पर केंद्र सरकार चुप क्यों?



**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने पाकिस्तान की धमकी पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया है। नदिया में जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि पाक के रक्षा मंत्री के कोलकाता पर विवादित बयान के बाद प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं? शांतिपुर में ममता ने जांच कराने की मांग की कि क्या इस घटना के पीछे कोई गहरी साजिश है। ममता ने केंद्र पर राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति पर अभूतपूर्व हमला बोला है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने विस्फोटक दावा किया था।

### राहुल ने केरल की नर्सों से की बातचीत
## स्वास्थ्यकर्मियों को आने वाली चुनौतियों पर की चर्चा



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को केरल की नर्सों के साथ बातचीत की। इस दौरान राहुल ने उन्हें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का नींव बताया। उन्होंने कहा कि उनका समर्पण, निस्वार्थ भाव और सहानुभूति ही वह चीज है, जिसके कारण परिवार अपने प्रियजनों को उनकी देखभाल में छोड़कर सुरक्षित महसूस करते हैं। एक्स पर राहुल ने कहा कि नर्सें हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की नींव हैं।

### एक्स पर जंग, विजयन पर बरसे रेड्डी
## केरल सीएम के विकास पर उठाए सवाल



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में विधानसभा चुनावों से पहले राज्य के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के बीच शुरू हुआ विकास का विवाद अब व्यक्तिगत हमलों तक पहुंच गया है। दोनों के बीच एक्स पर बहस चल रही है।

## खबर संक्षेप

### चाचा ने भतीजे-भावज की ली जान, 6अरेस्ट



**पटना।** नगर के साहबेगपुर मोहल्ले में जमीन विवाद ने मंगलवार को भयावह रूप ले लिया। दो सगे भाइयों के परिवारों के बीच चल रहा विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें 2लोगों की जान चली गई और 2अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।छत से ईंट-पत्थर बरसाए गए और कुदाल से बेरहमी से वार किए गए। 6 को गिरफ्तार किया गया है।

### महाठग सुकेश को कोर्ट से मिली जमानत



**नई दिल्ली।** महाठग सुकेश चंद्रशेखर को राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत मिल गई है। सुकेश पर आरोप हैं कि उसने तमाम लोगों को करोड़ों का चूना लगाया है और ठगी के मामलों में उसका दिमाग बहुत तेज चलता है। उसका नाम बॉलीवुड से लेकर सोशल सर्किल में भी चर्चा में है।

### कुल्लू में कार पर गिरे पत्थर, हाईवे धंसा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश से लैंडस्लाइड और सड़कें धंसने लगी है। चंबा के भरमौर में लैंडस्लाइड के चलते लोहे का निर्माणाधीन सिंयुर पुल टूट गया। कुल्लू में कार पर लैंडस्लाइड हुई। मनाली में लेफ्ट बैंक में अलेऊ से पहले हाईवे धंस गया।

### होर्मुज संकट पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा
# देश में पेट्रोल और एलपीजी की कोई कमी नहीं गैस कंपनियां कर रहीं सामान्य रूप से वितरण

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

मध्य पूर्व एशिया में जारी युद्ध की वजह से एलपीजी सप्लाई के मोर्चे पर बढ़ती चुनौती को देखते हुए देश में ईंधन और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक अहम और राहत भरा अपडेट जारी किया है। वर्तमान में आपूर्ति श्रृंखला को लेकर किसी भी प्रकार की अटकलों पर विराम लगाते हुए सरकार ने साफ किया है कि बाजार में एलपीजी और पेट्रोल की आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू रूप से चल रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने ईंधन वितरण की वर्तमान स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि एलपीजी वितरक कंपनियों में कहीं किसी 'ड्राईआउट' (यानी ईंधन पूरी तरह खत्म होने की) की कोई भी सूचना नहीं है। सरकार ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें और बिना जरूरत वितरकों (डिस्ट्रीब्यूटर्स) के पास न जाएं। सरकार ने यह भी कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

## गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी के खिलाफ कार्रवाई तेज

*देश में ईंधन और रसोई गैस की उपलब्धता सामान्य*

*कहीं से भी ईंधन खत्म होने की कोई सूचना नहीं*

### 1 लाख से अधिक छापों में 52,000 से अधिक सिलेंडर जब्त



पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा

सरकारी तेल कंपनियों ने देश में एलपीजी की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार इस विशेष अभियान के तहत एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में प्रवर्तन कार्रवाई के तहत 1 लाख से अधिक छापे मारे गए हैं और 52,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। 850 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं और 220 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सरकारी तेल कम्पनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने औचक निरीक्षण के बाद 1,500 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। 118 एलपीजी वितरकों पर जुर्माना लगाया है और 41 वितरकों को निलंबित कर दिया है।

### डिजिटल बुकिंग पर दिया जोर

सरकार ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें और बिना जरूरत वितरकों (डिस्ट्रीब्यूटर्स) के पास न जाएं।

### आपूर्ति बंद होने की कोई घटना सामने नहीं आई

शर्मा के अनुसार मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। एलपीजी वितरकों में आपूर्ति बंद होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। उद्योग जगत में ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग में लगभग 97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। माल की हेराफेरी को रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी में लगभग 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है।

### प्रवासी मजदूरों के लिए 'वरदान' बना 5 किलोग्राम का सिलेंडर

पिछले 13 दिन के भीतर 5 किलोग्राम वाले एफटीएल सिलेंडर की बिक्री में अभूतपूर्व तेजी देखी गई है। इस छोटी अवधि में कुल 6.6 लाख से अधिक सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। अकेले शनिवार ही 90,000 से अधिक सिलेंडरों की बिक्री हुई। कोई भी प्रवासी मजदूर या नागरिक बिना किसी पते के प्रमाण के, केवल एक वैध पहचान पत्र दिखाकर नजदीकी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर से यह सिलेंडर प्राप्त कर सकता है।

### छापेमारी जारी रखी जाए

सरकार ने एडवाइजरी जारी कर कहा है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश छापेमारी जारी रखें ताकि कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों को गिरफ्तार किया जा सके। राज्यों को सलाह दी गई कि वे जमाखोरी, डायवर्जन और भ्रामक जानकारी के प्रसार पर कड़ी निगरानी रखें, ताकि अनावश्यक घबराहट की स्थिति उत्पन्न न हो। राज्यों से निगरानी और प्रवर्तन को और सुदृढ़ करने तथा दोषियों के विरुद्ध अनुकरणीय कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। दरअसल, मध्यपूर्व एशिया में युद्ध की वजह से देश में एलपीजी के आयात पर असर पड़ रहा है। भारत ज़रूरत का 60फीसदी एलपीडी दुनियाभर के बाज़ारों से आयात करता है, जिसका 90फीसदी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरता है जो पिछले 39 दिनों से युद्ध क्षेत्र का हिस्सा बना हुआ है। युद्ध की वजह से भारतीय-ध्वज वाले 16 कार्गो जहाज होर्मुज के पश्चिम में फंसे हुए हैं, जिसमें एक बड़ा एलपीजी स्टॉक से लोड किया हुआ कार्गो जहाज़ शामिल है। कच्चे तेल से भरे 5 ऑयल टैंकर, एक एलपीजी टैंकर और 3 कंटेनर भी स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ के पश्चिम में फंसे हुए हैं।

### चुनाव आयोग ने बंगाल का पहला डेटा दिया
# 45 फीसदी अवैध नाम हटाए गए, नादिया से सबसे ज्यादा

एजेंसी ⏩ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में एक महीने पहले शुरू एसआईआर प्रक्रिया के बाद सोमवार को चुनाव आयोग ने अपनी अंतिम ड्राफ्ट लिस्ट जारी की। आयोग दके आंकड़ों के अनुसार बंगाल में मतदाता सूची से बाहर किए जाने के बाद विचाराधीन 60,06,675 नामों में से 27,16,393 यानी लगभग 45.22फीसदी नाम हटा दिए गए हैं।इसका मतलब यह है कि बंगाल में मतदाताओं की संख्या विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत में 7.66 करोड़ से घटकर 6.77 करोड़ हो गई है। सबसे अधिक पेंडिंग मामले अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले (11 लाख) में थे, उसके बाद मालदा (8.28 लाख), दक्षिण 24 परगना (5.22 लाख) और उत्तर 24 परगना (5 लाख) का स्थान था। झाड़ग्राम (6682) और कलिम्पोंग ( 6790) में सबसे कम पेंडिंग केस थे।



### सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में की गई समीक्षा समीक्षा

एसआईआर की शुरुआत 27 अक्टूबर 2025 को हुई थी और 28 फरवरी 2026 को अंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद मतदाताओं की कुल संख्या घटकर 7.04 करोड़ रह गई थी। इसमें 60.06 लाख वो मतदाता शामिल थे जिनके नामों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा समीक्षा के लिए चिह्नित किया गया था। सर्वोच्च न्यायालय की देखरेख में 705 न्यायिक अधिकारियों द्वारा समीक्षा के बाद फैसला किया गया। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने मतदाता सूचियों को फ्रीज करने से पहले समय बढ़ाने की याचिका स्वीकार नहीं की। ईसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी नेबताया कि फैसले के बाद जिन लोगों के नाम हटा दिए गए हैं वे न्यायाधिकरणों के समक्ष इसे चुनौती दे सकते हैं।

### सबसे ज़्यादा मतदाता इन जिलों से हटे

आयोग के आंकड़ों के अनुसार प्रतिशत के हिसाब से सबसे ज़्यादा मतदाता मतुआ बहुल नादिया (77.86%) में हटाए गए हैं। दूसरा जिला हुगली (70.33%) है जहां मुसलमानों की संख्या अधिक है। इसके बाद पूर्वी बर्धमान (57.4%), उत्तर 24 परगना (55.08%) और पश्चिम बर्धमान (53.72%) से नाम हटाए गए हैं। अल्पसंख्यक बहुल मालदा (28.91%), मुर्शिदाबाद (41.33%), उत्तर दिनाजपुर (36.84%) और दक्षिण 24 परगना (42.70%) में दर्ज किए गए मामलों की संख्या सबसे अधिक थी, वहां प्रतिशत के हिसाब से कम मामले हटाए गए हैं। हालांकि संख्या के हिसाब से उनका हिस्सा अधिक है।

### पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन में किसानों की आय बढ़ाने, फूड सिक्योरिटी और न्यूट्रीशन पर 3 बड़े लक्ष्य
# फार्मर आईडी से बदलेगा खाद, लोन और मदद का सिस्टमः शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली

जयपुर में मंगलवार को पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन से कृषि सुधारों के नए युग की शुरुआत हुई, जहां केंद्र–राज्य साझेदारी, किसानों की आय वृद्धि, फूड व न्यूट्रीशन सिक्योरिटी, फार्मर आईडी आधारित डिजिटल कृषि और लचीली योजनाओं के क्रियान्वयन पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने साफ रोडमैप रखा। 'सशक्त किसान, समृद्ध भारत' के विजन को धरातल पर उतारने के लिए क्षेत्रीय कॉन्फ्रेंस की यह नई श्रृंखला केंद्र और राज्यों के लिए साझा 'एक्शन-प्लेटफ़ॉर्म' के रूप में सामने आई हैं। जयपुर के होटल मैरियट में आयोजित पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक दिन की औपचारिक रबी–खरीफ मीटिंग की जगह अब अलग-अलग एग्रो-क्लाइमेटिक ज़ोन के लिए गंभीर, विषय-आधारित क्षेत्रीय कॉन्फ्रेंस




आयोजित की जा रही हैं। सम्मेलन की इस नई श्रृंखला की शुरुआत राजस्थान की धरती से होना उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण बताया, जहाँ राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गोवा के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक और प्रगतिशील किसान एक मंच पर जुटे, वहीं उद्घाटन सत्र में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। चौहान ने स्पष्ट किया कि यह केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि पूरे पश्चिमी क्षेत्र की कृषि पर संपूर्णता से मंथन का प्रयास है, जिसमें पूरे दिन प्रजेंटेशन, वीडियो और विषयवार चर्चा के बाद ठोस निष्कर्ष और 'टू-डू लिस्ट' के साथ राज्यों को आगे बढ़ने का रोडमैप तय किया जाएगा। उन्होंने भारतीय कृषि के लिए तीन मुख्य लक्ष्य रेखांकित किए- देश की खाद्य सुरक्षा, किसानों की आय वृद्धि और पोषण सुरक्षा। उन्होंने कहा कि गेहूं और चावल में भारत के भंडार इतने हैं कि रखने की जगह तक की चुनौती है, लेकिन दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता अभी हासिल करनी है ताकि खाद्य सुरक्षा पूरी तरह देश की अपनी उत्पादन क्षमता पर आधारित हो सके और आयात पर निर्भरता खत्म हो। केंद्रीय मंत्री चौहान ने सभी राज्यों से कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान अब एक साथ पूरे देश में न करके राज्यों की स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार किया जाएगा और जो भी राज्य समय-सारिणी और कार्यक्रम भेजेंगे, वहां भारत सरकार वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, अधिकारियों और प्रगतिशील किसानों की टीम भेजकर अभियान को गति देगी। राजस्थान के संदर्भ में उन्होंने आईसीएआर के वैज्ञानिकों की विशेष टीम भेजने की घोषणा की, जो राज्य के तय कार्यक्रम में खेत स्तर पर वैज्ञानिक सलाह और नवाचारों का विस्तार करेगी।

### सबरीमाला पर सरकार की सुप्रीम कोर्ट में दलील
# जज बोलीं-महिलाएं अछूत नहीं हो सकतीं...

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री मामले पर सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने माहवारी को लेकर अहम टिप्पणी की है। पितृसत्तामक व्यवस्था का सवाल उठा तो केंद्र ने इसकी परभाषा पर ही सवाल उठा दिया। केंद्र ने कहा कि भारत में महिलाओं को बहुत ऊंचा दर्जा दिया जाता है और पितृसत्ता की जो बात कही जाती है वह गलत है। 9 जजों की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सबरीमाला मंदिर में हर उम्र की महिला के प्रवेश की वकालत करने वाले लोग पितृसत्ता का तर्क क्यों देते हैं?



## लोग पितृसत्ता का तर्क क्यों देते हैं? एसजी मेहता



### ऐसा नहीं होना चाहिए

उन्होंने कहा कि भारत पितृसत्तातमक या लिंग के आधार पर भेदभाव वाला समाज नहीं है, जैसा कि पश्चिमी देश समझते हैं। छूआछूत वाली टिप्पणी पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा, एक महिला के तौर पर मैं यह कह सकती हूं कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि हर महीने के तीन दिन महिला को छूआछूत माना जाए और चौथे दिन जब माहवारी खत्म हो जाए तो वह छूआछूत नहीं है। ये कड़वी सच्चाई है।

**ऐसी अवधाणाएं पेश करने के काबिल नहीं: एसी मेहता**



मेहता ने कहा कि भारत में महिलाओं को न सिर्फ बराबरी का अधिकार दिया जाता है, बल्कि उन्हें ऊंचा दर्जा भी मिला है। कई फैसलों में पितृसत्तातमक समाज की अवधारणा की बात कही गई है। एक तरह का जेंडर स्टीरियोटाइप उनमें दिखता है, लेकिन भारत का मामला अलग है। हमें ऐसी अवधारणाओं को पेश नहीं करना चाहिए।

## बैंकों को जमा जुटाने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

# जमा वृद्धि के मामले में निजी क्षेत्र के बैंकों का प्रदर्शन सार्वजनिक बैंकों से बेहतर

**सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में यह वृद्धि दो से 14 प्रतिशत रही**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

निजी क्षेत्र के बैंकों ने जमा वृद्धि के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को पीछे छोड़ते हुए मजबूत वृद्धि दर्ज की है। हालांकि कुल मिलाकर बैंकों को जमा जुटाने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंकों के अस्थायी आंकड़ों को समग्र रूप से देखने पर पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में निजी बैंकों ने जमा में 12 से 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में यह वृद्धि दो से 14 प्रतिशत रही।

**वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में निजी बैंकों ने जमा में 12 से 17% की वृद्धि**

एजेंसी द्वारा संकलित आंकड़ों के मुताबिक, कम लागत वाली जमाओं पर लगातार दबाव के कारण, बैंक हाल की तिमाहियों में जमा प्रमाणपत्र के माध्यम से कोष जुटाने पर अधिक निर्भर रहे हैं। जमा जुटाना विशेष रूप से चालू खाता एवं बचत खाता (सीएएसए) के मामले में चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। इसका कारण यह है कि अपेक्षाकृत कम ब्याज दरों के कारण अन्य वित्तीय उत्पादों की तुलना में ये जमा कम आकर्षक हो गए हैं।

### एचडीएफसी की जमा वृद्धि 14 फीसदी रहने का अनुमान

घरेलू ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने एक रिपोर्ट में कहा कि एचडीएफसी बैंक की जमा वृद्धि वित्त वर्ष 2027-28 तक 14 प्रतिशत बनी रहने का अनुमान है और उस समय तक कर्ज-जमा अनुपात घटकर 94 प्रतिशत रहने की संभावना है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बैंक ऑफ इंडिया ने जनवरी-मार्च तिमाही में 14.33 प्रतिशत की जमा वृद्धि दर्ज की। इसके बाद बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 14 प्रतिशत और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 13.37 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।



### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की

निजी बैंकों में से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। बैंक की जमा राशि 17.2 प्रतिशत बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपये हो गई। इसके बाद कोटक महिंद्रा बैंक 14.7 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 14.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 2.92 लाख का दिया ऋण

सरकारी बैंकों ने इस मामले में 12 से 22 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की है जबकि निजी बैंकों ने 12 से 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सालाना आधार पर 22 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2.92 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया। इसके अलावा, यूको बैंक ने 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2.34 लाख करोड़ रुपये और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 18.90 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.45 लाख करोड़ रुपये के कर्ज दिए।

### ऋण वृद्धि 13.8 प्रतिशत रही

मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के मुताबिक, 15 मार्च, 2026 तक ऋण वृद्धि 13.8 प्रतिशत रही और पर्याप्त नकदी एवं जीएसटी कटौती के बाद उपभोग-आधारित सुधार के कारण इसमें तेजी बनी हुई है।

**एसबीआई ने नहीं किए आंकड़े जारी**

अधिकांश बैंकों ने मार्च तिमाही खत्म होने के बाद अस्थायी प्रदर्शन आंकड़े साझा किए हैं। लेकिन देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई जैसे कुछ बैंकों ने ये आंकड़े नहीं दिए हैं। हालांकि कर्ज के मामले में सरकारी बैंकों का प्रदर्शन निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर रहा है।

## ईरान युद्ध से प्रभावित कारोबारों के लिए ऋण गारंटी योजना पर विचार

**नई दिल्ली।** सरकार पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित कारोबारों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को राहत देने के लिए 2.5 लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना लाने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस योजना के तहत अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण उधारकर्ताओं द्वारा ऋण चुकाने में चूक होने की स्थिति में उधारदाताओं को 100 करोड़ रुपये तक के ऋणों पर करीब 90 प्रतिशत की ऋण गारंटी प्रदान की जाएगी। बैंक ऋण पर यह गारंटी नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) देगी जो सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। इस योजना के लिए सरकार को करीब 17,000 करोड़ से 18,000 करोड़ रुपये का प्रावधान करना होगा। सूत्रों ने बताया कि ऐसी ही योजना कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भी लागू की गई थी, जो काफी सफल रही।

■ सरकार एमएसएमई को राहत देने 2.5 लाख करोड़ की योजना ला सकती है



### रुपया 10 पैसे टूटकर 93 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.00 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की समयसीमा और भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले निवेशकों में चिंता बनी रही, जिससे घरेलू मुद्रा पर दबाव देखा गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अस्थिर वैश्विक हालात के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले दबाव में बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 93.05 पर खुला। इसके बाद इसमें गिरावट आई और यह 93.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

## टाटा स्टील का कच्चे इस्पात का उत्पादन आठ फीसदी बढ़ा

**वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2.34 करोड़ टन रहा यह अब तक का सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन है**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा स्टील ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत में उसका कच्चे इस्पात का उत्पादन आठ प्रतिशत बढ़कर 2.34 करोड़ टन रहा, जो अब तक का सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन है।

कंपनी ने बताया कि उत्पादन में यह वृद्धि मुख्य रूप से उसके कलिंगनगर संयंत्र में परिचालन बढ़ने के कारण हुई है। टाटा स्टील के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 25-26 की चौथी तिमाही में कच्चे इस्पात का उत्पादन पिछले साल की समान तिमाही के 54.4 लाख टन से बढ़कर 62.5 लाख टन हो गया। उत्पादन के साथ-साथ भारत में कंपनी की वार्षिक आपूर्ति भी बढ़कर 2.25 करोड़ टन तक पहुंच गई। टाटा स्टील ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा, ''घरेलू स्तर पर हमारी आपूर्ति पहली बार दो करोड़ टन के आंकड़े को पार कर गई है। जो बाजार में हमारी मजबूत स्थिति और ग्राहकों के साथ गहरे संबंधों को दर्शाता है।




### थाईलैंड के कुल आपूर्ति में 11 फीसदी की वृद्धि

टाटा स्टील थाईलैंड का बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन वित्त वर्ष 2025-26 में 13.3 लाख टन रहा और आपूर्ति 13.2 लाख टन रही। थाईलैंड के घरेलू बाजार में सरिये की भारी मांग रहने से कंपनी की कुल आपूर्ति में पिछले साल के मुकाबले 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### नई फॉक्सवैगन टाइगुन भारतीय बाजार में 9 अप्रैल को होगी लांच, उत्पादन शुरू

**नई दिल्ली।** फॉक्सवैगन टाइगुन ने अपनी पॉपुलर मिड-साइज एसयूवी टाइगुन के फेसलिफ्ट मॉडल की आधिकारिक रूप से घोषणा कर दी है। कंपनी ने पुणे स्थित अपने प्लांट में नई टाइगुन का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। ये अपडेटेड मॉडल 9 अप्रैल 2026 को भारत में लांच होने वाला है। ये टाइगुन का पहला बड़ा अपडेट है, जो 2021 में लांच होने के बाद आ रहा है। कंपनी ने हाल ही में एक टीजर जारी किया था, जिसमें नई टाइगुन को बोल्ड और डिस्टिंक्ट डिजाइन के साथ दिखाया गया है। मिड-साइज़ एसयूवी सेग्मेंट अब पहले जैसा नहीं रहा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी**

# बीएसई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा निफ्टी 23,000 अंक के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के पार पहुंच गया। कच्चे तेल के दाम में नरमी और दुनिया के अन्य बाजारों में तेजी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। इसके अलावा, आईटी शेयरों में लिवाली से शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में सुधार हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 509.73 अंक बढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 74,686.32 अंक तक गया और नीचे में 73,282.41 अंक तक आया। इससे बाजार में 1,403.91 अंक का उतार-चढ़ाव आया। पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी 155.40 अंकचढ़कर 23,123.65 अंक पर बंद हुआ।



सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत टूटकर 109 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा, ''भारतीय बाजारों में कारोबार के दौरान तेज सुधार देखने को मिला। निफ्टी ने शुरुआती नुकसान से उबरते हुए उच्च स्तर हासिल किया।

### आईटी, एफएमसीजी व धातु शेयरों में रही तेजी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार में सुधार का रुख जारी रहा। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ईरान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की समय सीमा को लेकर जारी आशंकाओं के कारण सत्र की शुरुआत कमजोर रही। मुख्य रूप से बढ़त आईटी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और धातु क्षेत्रों में सीमित रही...।''

### एशिया व यूरोप के बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए। हांगकांग में अवकाश के कारण बाजार बंद थे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था।

# चांदी 2,000 रुपये लुढ़की और सोना 600 रुपये टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को चांदी की कीमतें 2,000 रुपये टूटकर 2.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 600 रुपये के नुकसान के साथ 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को दी गई उस समयसीमा से पहले सतर्क हो गए हैं, जिसमें उन्होंने होर्मुज़ जल डमरूमध्य को फिर से खोलने की मांग की थी। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 2,000 रुपये, या लगभग एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। सोमवार को बाज़ार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सराफा बाज़ार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 600 रुपये या 0.4 प्रतिशत टूटकर 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने बताया कि सोने की कीमतों पर तब दबाव बढ़ा जब ट्रंप ने ईरान को एक नयी चेतावनी दी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर होर्मुज़ को फिर से नहीं खोला गया, तो बिजली संयंत्रों और अन्य नागरिक बुनियादी ढांचों पर नए सिरे से सैन्य हमले किए जाएंगे।




### सैन्य टकराव बढ़ने की आशंका

राष्ट्रपति ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में चेतावनी दी है कि अगर ईरान कोई समझौता नहीं करता है, तो ''आज रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी।'' इस चेतावनी से सैन्य टकराव बढ़ने की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इन टिप्पणियों से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया।

# चीन ने 15 दिन में दूसरी बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में तेजी के बीच चीन ने करीब 15 में दूसरी बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। चीन की शीर्ष आर्थिक योजना संस्था राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग (एनडीआरसी) ने मंगलवार को कहा कि कीमतों में यह नई वृद्धि बुधवार से लागू होगी। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध को लेकर संभावित ईंधन संकट की आशंकाओं के बीच चीन ने इससे पहले 23 मार्च को भी पेट्रोल तथा डीजल की कीमतें बढ़ाई थीं। एनडीआरसी ने बयान में कहा कि मार्च के अंत में घरेलू तेल कीमतों में किए गए समायोजन के बाद अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया है। नियंत्रण उपायों के तहत पेट्रोल की कीमत में 420 युआन (61 डॉलर) प्रति टन और डीजल की कीमत में 400 युआन (58 डॉलर) प्रति टन की वृद्धि की जाएगी। आयोग ने चीन नेशनल पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, चाइना पेट्रोकेमिकल कॉरपोरेशन और चाइना नेशनल ऑफशोर ऑयल कॉरपोरेशन सहित अन्य रिफाइनरियों को उत्पादन बनाए रखने एवं परिवहन सुचारु करने का निर्देश दिया है ताकि आपूर्ति स्थिर बनी रहे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली मंडल में तीन वर्षों के लिए CEL मेक के HASSDAC का कॉम्प्रीहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | रु. 3,90,05,245.08/- |
| धरोहर राशि (₹) | रु. 7,80,100.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 07.04.2026 / निविदा खुलने का दिनांक 29.04.2026 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या: 558-Sig-16-M-T-AMC-096 दिनांक: 07.04.2026 1146/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नकुल सांगवान उर्फ दीपक पुत्रः रोहतास कुमार पताः मकान नं. 3, गली नं. 2, ईस्ट कृष्णा विहार, नजफगढ़, दिल्ली और स्थायी पताः ग्राम पोस्ट सरोही बहाली, थाना नांगल चौधरी, जिला महेन्दरगढ़, हरियाणा** ने case **SC No. 135/2022 & FIR No. 409/2021 U/s 25/27 Arms Act & 302/34 IPC, थानाः छावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नकुल सांगवान उर्फ दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नकुल सांगवान उर्फ दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **SC No. 135/2022 & FIR No. 409/2021 U/s 25/27 Arms Act & 302/34 IPC, थानाः छावला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नकुल सांगवान उर्फ दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 08.05.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री रविन्दर सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–05
दक्षिण पश्चिम, कोर्ट नं. 511, पांचवी मंजिल
द्वारका कोर्ट, दिल्ली

DP/3888/DW/2026 (Court Matter)

## राशिफल


**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।


**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।


**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन–भाइयों का सहयोग मिलेगा।


**कुंभ** कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।


**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## डीएसपी म्यूचुअल फंड सर्वेक्षण- अधिकांश महिलाएं स्वतंत्र निवेश का निर्णय ले रहीं

**नई दिल्ली।** डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने यूगोव के साथ पार्टनरशिप में डीएसपी विनवेस्टर पल्स 2025–26 जारी किया है, जो 13 शहरों में 5,050 शहरी निवेशकों का एक राष्ट्रव्यापी अध्ययन है, जिसमें भारत के निवेश परिदृश्य में निर्णायक बदलावों के बारे में बात की गई है। महिलाएँ अपने वित्तीय निर्णयों की ज़म्मिेदारी का प्रभार तेज़ी-से ले रही हैं, यहाँ तक कि निवेशक के आत्मविश्वास और संरचित वित्तीय योजना के बीच एक चौड़ी खाई उभर रही है। अब अधिकांश महिलाएँ (56%) कहती हैं कि वे 2022 में 44% से तेज़ी-से निवेश निर्णय करती हैं, जो अध्ययन में दर्ज सबसे महत्वपूर्ण आंदोलन है। जबकि पुरुष 68% पर नेतृत्व करना जारी रखे हुए हैं, महिलाओं के बीच ऐक्सीलरेशन इंक्रीमेंटल भागीदारी के बजाय संरचनात्मक परिवर्तन का संकेत देता है। अब महिलाओं के परामर्श के साथ स्वायत्तता को मिलाने की अधिक संभावना है। चार में से लगभग एक महिला (2025 में 24% बनाम 2022 में 17%) कहती है कि वह एक पेशेवर सलाहकार के परामर्श से पूरी तरह से स्वतंत्र निर्णय करती हैं। निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुए, डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड की अध्यक्ष, अदिति कोठारी देसाईने कहा, विनवेस्टर पल्स के इस संस्करण में जो बात अलग है वह न केवल स्वतंत्र निर्णय करने में वृद्धि है, बल्कि सूचित स्वतंत्रता में भी वृद्धि है।

## टोल प्लाजा पर अब 10 अप्रैल से नकद भुगतान नहीं, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर 10 अप्रैल से टोल प्लाजा पर नकद भुगतान नहीं होगा। मंत्रालय ने राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा है कि यदि कोई वाहन वैध फास्टैग के बिना टोल प्लाजा में प्रवेश करता है, तो उपयोगकर्ता एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। लेकिन उन्हें लागू टोल शुल्क का 1.25 गुना भुगतान करना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य टोल प्लाजा पर लंबी कतारों को कम करना और यात्रियों के लिए राजमार्ग यात्रा को सुगम बनाना है।

■ इस संबंध में मंत्रालय ने राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित की

**वैध फास्टैग के अलावा यूपीआई वैकल्पिक विकल्पः** अधिकारी ने कहा कि 10 अप्रैल से टोल बूथ पर नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा और फास्टैग टोल वसूली का प्राथमिक माध्यम बना रहेगा। वैध फास्टैग के बिना आने वाले वाहनों के लिए यूपीआई वैकल्पिक भुगतान विकल्प के रूप में काम करेगा।

## शब्द पहेली - 6189




**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6188 का हल**





## गिरी के खिलाफ हारे प्रज्ञानानंदा, शीर्ष स्थान की दौड़ से लगभग बाहर

**पाफोस (साइप्रस)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा मंगलवार को यहां आठवें दौर में नीदरलैंड के अनीष गिरी के खिलाफ शिकस्त के साथ कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने की दौड़ से लगभग बाहर हो गए। उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने रूस के आंद्रे एसिपेंको के खिलाफ ड्रॉ खेलकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। पहले दौर में गिरी के खिलाफ अपनी एकमात्र जीत दर्ज करने वाले प्रज्ञानानंदा को प्रतियोगिता में अपनी दूसरी हार झेलनी पड़ी। सिंदारोव के संभावित आठ में से 6.5 अंक हैं। प्रतियोगिता में जब छह दौर का खेल बाकी है तब सिंदारोव ने दो अंक की मजबूत बढ़त बना रखी है। गिरी और अमेरिका के फाबियानो करुआना 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

# एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिताः हरियाणा के 9 बॉक्सरों समेत देश के 16 खिलाड़ियों ने पदक पक्के किए

## मीनाक्षी, जैस्मीन, सुरेश और सचिन फाइनल में, हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में देश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। इस प्रतियोगिता में भारत के खिलाड़ियों ने 16 पदक पक्के कर लिए हैं और आठ खिलाड़ी गोल्ड मेडल की रेस में शामिल है। 16 खिलाड़ियों में से हरियाणा के 9 खिलाड़ी है। मंगलवार को महिला सेमीफाइनल में मीनाक्षी और जैस्मीन ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि विश्वनाथ सुरेश और सचिन ने पुरुष वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की। महिला 48 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में मीनाक्षी ने थाईलैंड की थिप्सचा योदवारे पर 4:1 से आत्मविश्वासपूर्ण जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक के लिए अपनी जगह पक्की की। फाइनल में पहुंचने वाली जैस्मीन ने महिला 57 किलोग्राम वर्ग में उज्बेकिस्तान की निगीना उक्तामोवा को कड़े मुकाबले में 3:2 से हराया। पुरुषों के वर्ग में, विश्वनाथ सुरेश (50 किलोग्राम) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन के हुथैफा एशिश को सर्वसम्मत 5:0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सचिन (60 किलोग्राम) ने भी सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड के सकदा रुआमथम पर 4:1 की ठोस जीत दर्ज करके प्रभावित किया। कुल आठ मुक्केबाजों (छह महिला और दो पुरुष) ने फाइनल में जगह बनाई है। अन्य सेमीफाइनल मुकाबलों में, आकाश उज्बेकिस्तान के जावोखिर अब्दुरखिमोव से 1:4 से हार गए। लोकेश उज्बेकिस्तान के जसुरबेक युलदोशेव से 0:5 से हार गए। नरेंद्र को चीन के बायिकेवुजी दानाबिएके से 1:4 से हार का सामना करना पड़ा, पहले ही राउंड में चोट लगने के कारण मुकाबला रोक दिया गया। हर्ष चौधरी भी ताजिकिस्तान के परविज़ करीमोव से 1:4 से हार गए। महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में, मीनाक्षी का मुकाबला मंगोलिया की नोमुंदारी एन्ख-अमगलान से होगा। जैस्मीन 57 किलोग्राम वर्ग के खिताबी मुकाबले में थाईलैंड की पुनरावी रुएनरोस से भिड़ेंगी। भारतीय मुक्केबाजों के अन्य महत्वपूर्ण फाइनल मुकाबलों में , प्रीति (54 किलोग्राम) का सामना चीन की ताइपे की हुआंग शियाओ-वेन से होगा, जबकि प्रिया (60 किलोग्राम) उत्तर कोरिया की उन ग्योंग वॉन से भिड़ेंगी। अरुंधति चौधरी (70 किलोग्राम) स्वर्ण पदक के लिए कजाकिस्तान की बकित सेइडिश से भिड़ेंगी। हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कोच विजय हुड्डा ने भी सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।







### यशस्वी ने 32 गेंद में 77* रन की पारी खेली, बने मैन ऑफ द मैच

# जायसवाल का अर्धशतक, रॉयल्स ने मुंबई को 27 रन से हराकर जीत की हैट्रिक बनाई

भाषा ▶▶| गुवाहाटी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के धमाकेदार अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्षा से प्रभावित 11 ओवर के मैच में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स को 27 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। बारिश के कारण मुकाबला दो घंटे और 40 मिनट के विलंब से शुरू किया जिसके कारण इसे 11 ओवर का कर दिया गया। रॉयल्स के 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और नौ विकेट पर 123 रन ही बना सकी। मुंबई की ओर से नमन धीर (25) और शेरफेन रदरफोर्ड (25) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

रॉयल्स की ओर से नांद्रे बर्गर (21 रन पर दो विकेट), रवि बिश्नोई (25 रन पर दो विकेट) और संदीप शर्मा (26 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। जायसवाल ने इससे पहले 32 गेंद में चार छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 77 रन की पारी खेलने के अलावा वैभव सूर्यवंशी (39 रन, 14 गेंद, पांच छक्के, एक चौके) के साथ पांच ओवर में 80 रन जोड़े जिससे रॉयल्स ने तीन विकेट पर 150 रन बनाए। मुंबई की ओर से स्पिनर अल्लाह गजनफर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 21 रन देकर दो विकेट चटकाए। शारदुल ठाकुर ने भी 36 रन देकर एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे मुंबई की शुरुआत खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 22 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। टीम ने पहले ही ओवर में रेयान रिकेल्टन (08) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद को हवा में लहराकर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच थमाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव (06) ने तेज गेंदबाज बर्गर पर छक्का जड़ा लेकिन फिर आर्चर को कैच दे बैठे जबकि संदीप शर्मा ने सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (05) को पगबाधा करके मुंबई को तीसर झटका दिया। मुंबई की टीम पावर प्ले के 3.2 ओवर में तीन विकेट पर 30 रन ही बना सकी। बिश्नोई ने कप्तान हार्दिक पंड्या (09) और तिलक वर्मा (14) को चार गेंद के भीतर आउट करके मुंबई का स्कोर पांच विकेट पर 46 रन किया। नमन और रदरफोर्ड ने पारी को संभाला लेकिन सिर्फ हार के अंतर को कम कर पाए। रदरफोर्ड ने देशपांडे पर दो छक्के मारे लेकिन फिर स्लिप में संदीप को कैच दे बैठे। नमन ने भी इसके बाद बर्गर की गेंद पर बिश्नोई को कैच थमा दिया।



### दिल्ली की नजर हैट्रिक पर पहली जीत की चाह में गुजरात



**नई दिल्ली।** आईपीएल के 14वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना बुधवार को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) से होगा। अक्षर पटेल की कप्तानी में डीसी जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से इस मुकाबले में उतरेगी। वहीं, जीटी को इस सीजन की पहली जीत की तलाश होगी। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से बल्लेबाजी में समीर रिजवी का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने लगातार दो मुकाबलों में नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई है। पाथुन निसांका ने भी पिछले मुकाबले में 30 गेंदों पर 44 रनों की अहम पारी खेली थी। हालांकि, केएल राहुल और नीतीश राणा की फॉर्म जरूर डीसी के लिए चिंता करने वाली बात रही है। राहुल 2 मुकाबलों में सिर्फ एक रन ही बना सके हैं। वहीं, गेंदबाजी में मुकेश कुमार और लुंगी एनगिडी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया है। मुकेश ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आखिरी मुकाबले में 26 रन देकर 2 विकेट चटकाए थे।

## एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में ललित ने रजत और सुनील ने कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में देश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें हरियाणा के रहने वाले ललित ने 55 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक जीता। वहीं, 87 किलोग्राम भारवर्ग में सुनील ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता किर्गिस्तान में आयोजित की जा रही है। दोनों खिलाड़ियों की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। ललित ने वर्ष 2015 में कुश्ती की शुरुआत की थी। उस समय वे गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। वहां अन्य बच्चों को कुश्ती के दांव-पेंच लड़ाते देख ललित के मन में भी इस खेल के प्रति रुचि पैदा हुई। यहीं से उनके पेशेवर पहलवान बनने का सपना शुरू हुआ। लेकिन यह सफर इतना आसान नहीं था। जबकि नितेश मंगलवार को यहां 97 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंच गए।






### ललित की उपलब्धियां

अबतक 23 नेशनल प्रतियोगिता में पदक जीते हैं। 2023 में एशियन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। 2026 में वर्ल्ड रैंकिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। सीनियर वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में भाग लिया।

### सुनील ने वर्ष 2008 में खेलना शुरू किया था

सुनील ने 2008 में खेलना शुरू किया। वर्ष 2010 में उनके पिता का देहांत हो गया। मां अनिता गृहिणी व चार भाई-बहन हैं। बहन रेनू डॉक्टर हैं। बड़ा भाई मोनू दिल्ली में एमसीडी में व छोटा भाई नितिन नेवी में नायब सूबेदार हैं। उनके पिता का सपना है कि मैं ओलंपिक में पदक जीत सकूं। कोच रवि अहलावत, कैप्टन धर्मवीर हुड्डा, कोच जयवीर हुड्डा, कोच हरदीप सिंह, कोच सोनू कुमार, अखाड़े संचालक मोहित मलिक व कोच रिंकू राठी ने भी परविंदर का हौसला बढ़ाया। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### सुनील की उपलब्धियां

2022 के एशियन गेम्स में कांस्य पदक, 2020 में एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, 2019 में एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक, 2022 में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य और 2023 में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।

## खबर संक्षेप

### पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में हारे अभय

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष खिलाड़ी अभय सिंह मिस्र के एल गौना में चल रही पीएसए प्लैटिनम प्रतियोगिता एल गौना ओपन स्क्वाश के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में यूसुफ इब्राहिम से हार गए। विश्व में 25वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने सोमवार को खेले गए मैच में अच्छी शुरुआत की थी। उन्होंने विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी इब्राहिम के खिलाफ पहला और तीसरा गेम जीता, लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए।

### क्रिकेटर वॉर्नर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर डेविड वॉर्नर को सिडनी में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ब्रेथ टेस्ट में तय सीमा से अधिक अल्कोहल पाए जाने के बाद वॉर्नर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।



### बीसीबी अध्यक्ष पद से हटाए गए अमीनुल, तमीम तदर्थ समिति के प्रमुख बने

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से द्विपक्षीय संबंधों को फिर से शुरू करने का अनुरोध किए जाने के कुछ ही दिन बाद देश की राष्ट्रीय खेल परिषद (एनएससी) ने पूर्व कप्तान और बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल को मंगलवार को पद से हटा दिया और बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 11 सदस्यीय तदर्थ का प्रमुख बनाया गया है।

### आईसीसी रैंकिंग

## वनडे में अलाना का जलवा फिर बनीं नंबर वन गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की स्पिन गेंदबाज अलाना किंग वनडे में एक बार फिर दुनिया की नंबर एक गेंदबाज बन गई हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन का इनाम अलाना को आईसीसी की जारी ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है। अलाना किंग ने मार्च में नंबर एक गेंदबाज की पोजीशन को हासिल किया था।

हालांकि, कुछ हफ्तों बाद ही सोफी एक्लेस्टोन ने उनकी बादशाहत को खत्म कर दिया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के तीसरे वनडे मुकाबले में अलाना ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर के स्पेल में सिर्फ 19 रन देकर 5 विकेट चटकाए थे। इस स्पेल में अलाना ने 44 गेंदें डॉट फेंकी थीं और टीम को 9 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अलाना ने वनडे की ऑलराउंडर रैंकिंग में भी अपनी स्थिति को मजबूत किया है। वह सातवें नंबर पर पहुंच गई हैं और उन्होंने साइवर-ब्रंट को एक पायदान नीचे धकेल दिया है।



### अमेलिया ने लगाई बड़ी छलांग

वहीं, दूसरे वनडे में 179 रनों की यादगार पारी खेलकर अमेलिया केर ने रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। वह 6 पायदान ऊपर चढ़कर अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15वें नंबर पर आ गई हैं। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हर फॉर्मेट में इस समय अच्छी फॉर्म में हैं। वह लगातार बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दे रही हैं। जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के खिलाफ उनका प्रदर्शन जबरदस्त रहा। टी20 में भी अमेलिया लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, और वह दुनिया की नंबर एक ऑलराउंडर भी बनी हुई हैं। वहीं, वनडे के ऑलराउंडर रैंकिंग में अमेलिया केर अब मारिजाने कैप से आगे निकल गई हैं।

## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप मिश्रित युगल जोड़ियां बाहर

**निंगबो।** भारत की बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के मिश्रित युगल में शुरुआत निराशाजनक रही जब उसकी दोनों जोड़ियां पहले दौर से हारकर बाहर हो गई। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गाडे की जोड़ी मलेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त गोह सून हुआत और लेइ शेवोन जैमी की जोड़ी से 34 मिनट तक चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। एक अन्य मैच में असित सूर्या और अमृता प्रथमेश की जोड़ी मलेशिया के वोंग तियेन सि और लिम चियू सियेन से 31 मिनट में हार गई। एकल वर्ग के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे। पुरुष एकल में आल इंग्लैंड चैंपियनशिप उपविजेता लक्ष्य सेन का सामना हांगकांग के ली चियुक यू से होगा। वहीं महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से खेलेंगी। भारत की पुरुष टीम में सेन के अलावा किदाम्बी श्रीकांत, एचएस प्रणय और आयुष शेट्टी भी हैं। वहीं महिला टीम में सिंधू के साथ तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और मालविका बंसोड़ हैं।



### 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में होंगे मुकाबले

## अर्जेंटीना से 4 मैचों की सीरीज खेलेगी महिला हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶| तूरिन

भारत की सीनियर महिला हॉकी टीम चार मैचों की श्रृंखला के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी। इस श्रृंखला के मैच 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में खेले जाएंगे।

भारतीय टीम अपने मैच 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को अर्जेंटीना के नेशनल सेंटर ऑफ हाई परफार्मेंस एथलेटिक्स सेंटर (जिसे सीएएनएआरडी के नाम से भी जाना जाता है) में खेलेगी। भारत और अर्जेंटीना के बीच हाल में कुछ कड़े मुकाबले खेले गए हैं। इनमें पिछले साल जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 का मैच भी शामिल है, जिसका फैसला 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में किया गया। भारतीय टीम का यह दौरा बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप और इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इससे भारतीय टीम को विभिन्न संयोजन आजमाने का मौका भी मिलेगा।



### दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक अर्जेंटीना

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, 'हम 24 खिलाड़ियों की टीम के साथ अर्जेंटीना जा रहे हैं। यह एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय है। इस दौरे का उद्देश्य अधिक से अधिक खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर प्रदर्शन करने का मौका देना है। अर्जेंटीना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है और इस श्रृंखला से हमें प्रति खिलाड़ी को परखने का मौका मिलेगा। हम देखना चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर कौन बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।' उन्होंने कहा, ' इस टीम में जगह बनाने के लिए आपको सबसे पहले यह साबित करना होगा कि आप एक 'टीम प्लेयर' हैं। व्यक्तिगत प्रतिभा महत्वपूर्ण है लेकिन अगर आप इस टीम के साथ तालमेल नहीं बिठा सकते और एक-दूसरे की मदद नहीं कर सकते हैं तो आपके लिए इस टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा।'

### इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में पोलिटानो ने दागा जीत का गोल

## नेपोली ने एसी मिलान को हराया, खिताब की उम्मीद बरकरार

एजेंसी ▶▶| तूरिन

स्थानापन्न खिलाड़ी मैटियो पोलिटानो के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से नेपोली ने एसी मिलान को 1-0 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपोली इस मैच से पहले एसी मिलान से एक अंक और शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान से 10 अंक पीछे तीसरे स्थान पर था। इन दोनों क्लब के लिए खिताब की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में जीत जरूरी थी। मैच में हालांकि गोल करने की बहुत कम मौके बने और ऐसे में पांच मिनट पहले स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने वाले पोलिटानो का गोल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से नेपोली के 31 मैच में 65 अंक हो गए हैं जबकि एसी मिलान के इतने ही मैच में 63 अंक हैं। इंटर मिलान 31 मैच में 72 अंक लेकर अब भी खिताब की दौड़ में सबसे आगे बना हुआ है। एक अन्य मैच में युवेंटस ने जेनोआ को 2-0 से हराया। इस जीत से युवेंटस ने चौथे स्थान पर काबिज कोमो से अंतर को घटाकर एक अंक कर दिया। कोमो को उडिनीस ने गोलरहित से ड्रॉ पर रोका।



### गिरोना ने विलारियाल को हराया

**गिरोना।** विलारियाल को आत्मघाती गोल के कारण गिरोना से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में तीसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत करने की उसकी उम्मीदों को करारा झटका लगा। विलारियाल अगर इस मैच में जीत जाता तो वह चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक आगे हो जाता। एटलेटिको मैड्रिड को बार्सिलोना से अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में अर्नाउ के क्रॉस का शॉट पाउ नवारो पर लगा और गेंद उनके ही गोलकीपर को चकमा देते हुए गोल में चली गई। विलारियल 30 मैच में 58 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

### रूस के खिलाफ तीन फ्रेंडली मैच खेलेगी महिला टीम

भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम रूस के खिलाफ 11 से 17 अप्रैल तक सोची में तीन मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम की मुख्य कोच पामेला कोंटी ने इस दौरे के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह मैच 11, 14 और 17 अप्रैल को सोची के मात्सेस्टा फुटबॉल सेंटर में खेले जाएंगे। इस साल चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारी कर रही भारतीय टीम सोची पहुंची। भारतीय महिला टीम पिछले महीने यांगून गई थी, जहां उसने मेजबान टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले। इन दोनों मैच में उसने जीत (2-0 और 3-2) हासिल की थी। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु में अभ्यास शिविर में हिस्सा लिया था। सूज़ौ में होने वाले एशियाई कप में भारत को ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उसका सामना ऑस्ट्रेलिया (दो मई), जापान (पांच मई) और लेबनान (आठ मई) से होगा।




## पश्चिम बंगाल के बैरकपुर से राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को ललकार

# 55 साल पुराना अंजाम मत भूलो, बंगाल पर नजर उठाई तो खुदा जाने कितने टुकड़े होंगे

एजेंसी ▶▶ बैरकपुर

पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के भड़काऊ बयान पर तीखा पलटवार किया है। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा कि वे 55 साल पहले के अंजाम को न भूलें जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था।

उन्होंने साफ लहजे में चेतावनी दी कि अगर इस बार पाकिस्तान ने बंगाल की तरफ आंख उठाकर भी देखा तो खुदा ही जाने उसके कितने टुकड़े होंगे। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी नेतृत्व को संयम बरतने और इतिहास से सीख लेने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री को इस तरह की भड़काऊ बातें नहीं करनी चाहिए।

### इतिहास से सीख ले पाक

### भड़काऊ बातें नहीं करे



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पश्चिम बंगाल की उत्तरी 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक जनसभा के दौरान

### रक्षा मामलों पर सरकार की नीति स्पष्ट

राजनाथ सिंह ने कहा कि देश का रक्षा मंत्री होने के नाते वह खुद इस मुद्दे पर अपनी बात रख रहे हैं और यह जरूरी नहीं कि हर बात पर प्रधानमंत्री ही बोलें। रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत की सुरक्षा और रक्षा मामलों पर सरकार की नीति पूरी तरह स्पष्ट है। राजनाथ सिंह ने दोटूक शब्दों में कहा कि वह देश के रक्षा मंत्री हैं और रक्षा से जुड़े विषयों पर बोलने के लिए पूरी तरह अधिकृत हैं।



*केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली कैंट स्थित बेस अस्पताल में 262वें सेना चिकित्सा कोर स्थापना दिवस समारोह के दौरान प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी क्षेत्र का दौरा करते हुए।*

### पाक की गलत हरकत का जवाब देंगे

राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान की किसी भी गलत हरकत का जवाब अपूर्व और निर्णायक तरीके से दिया जाएगा। उन्होंने अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का हवाला देते हुए कहा कि भारत की कार्रवाई ने स्पष्ट संदेश दिया था। उस हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया था।

### पाक ने कोलकाता पर हमले की दी थी धमकी

*दरअसल, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में भारत को लेकर एक विवादित बयान दिया था। आसिफ ने कहा था कि अगर भारत की ओर से कोई भी कार्रवाई होती है तो पाकिस्तान कोलकाता पर हमला करके उसका जवाब देगा।*

## इस्तांबुल में इजराइली दूतावास पर हमला

# तुर्किये पुलिस ने हमलावरों को मार गिराया, दो पुलिसकर्मी भी घायल

एजेंसी ▶▶ इस्तांबुल

तुर्किये के इस्तांबुल में मंगलवार को इजराइली वाणिज्य दूतावास की इमारत के बाहर बंदूकधारियों ने पुलिस पर गोलीबारी की और इस दौरान हुई मुठभेड़ में एक हमलावर मारा गया, जबकि दो को घायल अवस्था में पकड़ लिया गया। इस्तांबुल के गवर्नर दावुत गुल ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गए। गृह मंत्री मुस्तफा सिफ्ती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हमलावर पड़ोसी शहर इज़मित से किराए की कार में इस्तांबुल पहुंचे। हमलावरों में से दो भाई थे, और उनमें से एक का मादक पदार्थ तस्करी से जुड़ा आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

### मामले की जांच शुरू

*गृह मंत्री मुस्तफा सिफ्ती ने किसी संगठन का नाम लिए बिना कहा कि हमलावरों का संबंध 'धर्म का दुरुपयोग करने वाले' एक समूह से था। आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अतीत में तुर्किये में घातक हमले किए हैं। यह वाणिज्य दूतावास इस्तांबुल के बेसिकतास इलाके में गगनचुंबी इमारत में स्थित है। दूतावास पिछले दो साल से बंद था। इस समय कोई भी इजराइली राजनयिक मौजूद नहीं है। तुर्किये के न्याय मंत्री अकिन गुरलेक ने कहा कि जांच शुरू कर दी गई है।*




## ईरान की सीमा पार करने वालों में 935 भारतीय छात्र और 472 मछुआरे भी शामिल हैं

# युद्ध के बीच ईरान से सुरक्षित आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचे 1862 भारतीय



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया क्षेत्र में हुई युद्ध की शुरुआत के बाद से लेकर अब तक भारत ने ईरान से अपने कुल 1 हजार 862 लोगों को सुरक्षित आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचाया गया है। जिसमें 935 छात्र और 472 मछुआरे भी शामिल हैं। जल्द ही इन सभी लोगों की सुरक्षित वतन वापसी होगी। यह जानकारी मंगलवार को राजधानी में आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम. आर. महाजन ने दी है।

### 7 लाख 60 हजार लोग वापस लौटे

*उन्होंने बताया कि क्षेत्र के जिन देशों में हवाई सीमा खुली हुई है। वहां से लगातार भारत के लिए हवाई उड़ान सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में 28 फरवरी 2026 से लेकर अब तक 7 लाख 60 हजार भारतीय स्वदेश वापस आ चुके हैं। एयरलाइंस नियमित रूप से गैर शेड्ल्ड उड़ानों के जरिए संचालन कर रही हैं। यूएई से आज 90 उड़ानें भारत आएंगी। वहीं, सऊदी अरब और ओमान से भी भारत के लिए उड़ान आ रही हैं। कतर एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला है और वहां से आज 8 से 10 उड़ानों के देश पहुंचने की संभावना है। कुवैत एयरस्पेस फिलहाल बंद है।*

*इसलिए जजीरा एयरवेज और गल्फ एयर सऊदी अरब से भारत के लिए हवाई उड़ान सेवाओं का संचालन कर रही हैं। इजरायल में एयरस्पेस बंद है। जिसे देखते हुए हम अपने लोगों को मिस्र और जॉर्डन के रास्ते बाहर निकाल रहे हैं। इराक में जॉर्डन और सऊदी अरब के रास्ते और कुवैत, बहरीन में सऊदी अरब से रास्ते देश के लोगों को सुरक्षित वापस लाया जा रहा है।*

### हालात पर कड़ी नजर

महाजन ने कहा कि पश्चिम एशिया के हालात पर विदेश मंत्रालय की पैनी नजर बनी हुई है। जिसमें हमारी प्राथमिकता क्षेत्र में बड़ी तादाद में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण पर केंद्रित है। हम राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सरकार के भी संपर्क में बने हुए हैं। इसके अलावा इलाके में हमारे मिशन और दूतावास चौबीसों घंटे मिशन मोड में काम कर रहे हैं। जिसमें वह भारतीयों तक जरूरी परामर्श, काउंसलर सेवाएं, वीजा प्रदान करने के अलावा अन्य जरूरी सहयोग प्रदान कर रहे हैं। हमारे मिशन के लोग खाड़ी क्षेत्र के देशों की सरकारों, सामुदायिक संगठनों व अन्य पक्षों से चर्चा कर रहे हैं। वहां के स्कूलों में पढ़ने वाले भारतीय छात्र हमारी प्राथमिकता हैं। उनकी चिंताओं के संबंध में संबंधित बोर्ड, एनटीए से संपर्क बना हुआ है। देश के मिशन भारतीय जहाजों पर सवार चालक दल के सदस्यों के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। जिसमें उन्हें जरूरी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## बुधवार को राजधानी के हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर के साथ होगी बैठक

संबंधों में तनाव के बीच...

# आज से भारत के तीन दिवसीय दौरे पर बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. रहमान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2024 में छात्रों के हिंसक विरोध-प्रदर्शन की वजह से हुए पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से संबंधों में बने हुए तनाव के बीच मंगलवार से बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. खलीलुर रहमान की तीन दिवसीय (7 से 9 अप्रैल तक) भारत यात्रा की शुरुआत हो गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की आगामी समय में की जाने वाली भारत की संभावित यात्रा से जुड़े एजेंडे को अंतिम रूप देने के अलावा मौजूदा दौर में दोनों देशों के संबंधों में आई तल्खी को दूर करते हुए उन्हें पुनः संतुलन के साथ मजबूत बनाना है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। वहीं, यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि बीते वक्त में बांग्लादेश में गठित हुई बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की नई सरकार के किसी वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री की यह भारत की पहली उच्च-स्तरीय यात्रा है। शेख हसीना के तख्तापलट के बाद पड़ोसी देश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार का गठन किया गया था। जिसके करीब डेढ़ साल से अधिक के कार्यकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध पटरी से उतर गए थे।

**एनएसए डोभाल, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और हरदीप सिंह पुरी से भी मिलेंगे बांग्लादेश के विदेश मंत्री**



### मजबूत होगी साझेदारी

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि आज नई दिल्ली पहुंचने पर बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. खलीलुर रहमान का हार्दिक स्वागत किया गया। दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और ऐतिहासिक संबंध हैं। जिनकी नींव मजबूत जन-संबंधों पर टिकी हुई है। डॉ.रहमान की यह यात्रा भारत, बांग्लादेश साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

### यह रहेगा राजधानी में कार्यक्रम

मंत्रालय ने बताया कि अपनी यात्रा के तहत बांग्लादेश के विदेश मंत्री की बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए तमाम जरूरी पहलुओं के साथ-साथ वर्तमान समय में चुनौतीपूर्ण बने हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों (पश्चिम-एशिया युद्ध से ऊर्जा सुरक्षा पर आया संकट) पर चर्चा किए जाने की संभावना है। दोनों नेताओं की वार्ता में भारत और बांग्लादेश के बीच नदी जल बंटवारे (तीस्ता नदी से जुड़ा मामला) और सीमा विवाद जैसे मसलों पर भी मंथन किया जा सकता है। जानकारों की राय में डॉ. रहमान की यह यात्रा कूटनीतिक दृष्टिकोण से दोनों देशों के लिए काफी अहम साबित होगी। जिससे भविष्य में दोनों देशों के संबंधों को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद की जा सकती है।

### डोभाल, गोयल और पुरी से भी मिलेंगे रहमान

दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के अलावा 8 अप्रैल को ही नई दिल्ली में बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. रहमान की कुछ और बैठकें भी होंगी। जिनमें वह वाणिज्य भवन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और 6 अकबर रोड पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात करेंगे। डॉ. रहमान की भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ भी मुलाकात हो सकती है। इन तमाम बैठकों के बाद बांग्लादेश के विदेश मंत्री की यह भारत यात्रा समाप्त हो जाएगी और वह 9 अप्रैल को मॉरीशस सरकार और इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए जा रहे हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मॉरीशस रवाना हो जाएंगे।

### पीएम मोदी ने भेजा था बधाई संदेश

ज्ञात हो कि इस साल फरवरी महीने में बांग्लादेश के नव निवार्चित प्रधानमंत्री बने तारिक रहमान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्र लिखकर विशेष रूप से बधाई दी थी। दोनों नेताओं ने भारत, बांग्लादेश के संबंधों में एक बार फिर से सुधार के साथ ही जटिल मुद्दों पर आम-राय बनाने पर भी जोर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने हाल ही में कहा था कि भारत संकट के दौरान अपने पड़ोसी देशों जैसे श्रीलंका और बांग्लादेश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में मदद करेगा। जो कि उसकी पड़ोसी सबसे पहले की नीति का हिस्सा है। इसी कवायद के तहत नई दिल्ली ने ढाका को अप्रैल महीने में लगभग 44 हजार टन अतिरिक्त डीजल निर्यात करने की भी बात कही है।

## अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रक्षा, व्यापार सहित क्षेत्रीय-वैश्विक घटनाक्रमों पर होगी चर्चा

# पश्चिम-एशिया संकट के बीच आज से अमेरिका के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे मिस्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट के मध्य बुधवार से विदेश सचिव विक्रम मिस्री अमेरिका की तीन दिवसीय (8 से 10 अप्रैल तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसमें उनकी अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय संबंधों के अलावा आपसी हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मामलों (पश्चिम-एशिया संकट) और उनके प्रभावों पर चर्चा की जाएगी।

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान के जरिए बताया कि विदेश सचिव की यह यात्रा भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की व्यापक आधार पर समीक्षा करने के साथ ही प्रमुख क्षेत्रों में बने हुए मौजूदा सहयोग को और अधिक उन्नत बनाने का अवसर प्रदान करेगी।

### रक्षा, व्यापार के मुद्दे पर होगी बातचीत

*मंत्रालय ने बताया कि मिस्री की इस यात्रा के दौरान अमेरिकी पक्ष के साथ जिन विषयों पर वार्ता की जाएगी। उनमें रक्षा, व्यापार, विज्ञान-प्रौद्योगिकी जैसे विषयों के साथ-साथ दोनों देशों के साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।*

### उच्च-स्तरीय संवाद को दर्शाती यह यात्रा

विदेश सचिव विक्रम मिस्री की यह अमेरिका यात्रा विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा इसी साल फरवरी महीने में की गई अमेरिका की यात्रा के बाद हो रही है। जो कि दोनों देशों के बीच जारी महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय संवाद और आदान-प्रदान का हिस्सा है।

### व्यापार समझौते पर चर्चा संभव

गौरतलब है कि मिस्री की यह अमेरिका यात्रा एक ऐसे समय में हो रही है। जब बीते वक्त में अमेरिका द्वारा भारत पर 50% दंडात्मक टैरिफ लगाया गया था। जबकि इसके पूर्व में पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को रोकने के लिए दोनों देशों के बीच हुए संघर्षविराम का दर्जनों से अधिक बार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा श्रेय लेने की कोशिश की गई थी। जिससे नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी के संबंधों में काफी तनाव देखने को मिला था। लेकिन हाल ही में भारत, अमेरिका ने अपने संबंधों में सुधार लाने की कवायद शुरू कर दी है। जिसमें द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि विदेश सचिव की अमेरिका यात्रा के दौरान भी इस मामले पर अमेरिका के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बातचीत हो सकती है। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पहले ही समझौते की घोषणा की जा चुकी है। जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वागत किया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109